

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 345 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 05 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## हमें मजबूर न करें, SC की मर्यादा का पालन करिए....

### आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को चेताया

समाज जागरण

चंडीगढ़ः सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब सरकार को सतलुज और यमुना नदियों को जोड़ने वाली नहर के अपने हिस्से के निर्माण के 21 साल पुराने निर्देश की अनदेखी करने के लिए फटकार लगाई और अदालत ने पंजाब सरकार को कोर्ट की मयार्दा का पालन करने की हिदायत दी. न्यायमूर्ति एस-के कौल की अगुवाई वाली पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि उसे सर्वोच्च न्यायालय की मयार्दा को स्वीकार करना होगा. अब तक नहर का निर्माण नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि



हमें कठोर आदेश देने पर मजबूर ना करें. सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पर पंजाब के नहर निर्माण ना करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें कठोर आदेश देने पर मजबूर न करें और पंजाब सरकर कोर्ट की मयार्दा का पालन करे. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दो दशक से सतलुज-यमुना लिंक नहर के निर्माण न होने से हम चिंतित हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जिम्मेदैरी सौंपते हुए कहा कि पंजाब में सतलुज-यमुना नहर लिंक के लिए अधिग्रहित जमीन वापस ना लौटाई जाए और केंद्र जमीन का सर्वे करे. इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि केंद्र यह भी बताए कि कितना निर्माण कार्य पूरा हो चुकी हा. इस बीच केंद्र सरकार सुलह को लेकर दोनों राज्यों के बीच बात करते रहे. सुप्रीम कोर्ट कहा कि केंद्र सरकार पानी की मौजूदा स्थिति को लेकर भी अदालत को अवगत कराए. फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को इस काम के लिए दो महीने का वक्त दिया है. अब सुप्रीम कोर्ट जनवरी 2024 में मामले की सुनवाई करेगा.

## राहुल चाहते हैं जाति जनगणना, लेकिन राजीव ने की थी 'जातिविहीन समाज' की वकालत, वीपी सिंह को दी थी चुनौती

समाज जागरण





नई दिल्ली. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जाति जनगणना की वकालत की है और 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा दिया है, लेकिन उनके दिवंगत पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1990 में संसद में "जातिविहीन समाज" की वकालत की थी और यहां तक कि तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह पर भी मंडल आयोग की रिपोर्ट के साथ देश को जाति युद्ध में झोंकने का आरोप लगाया था.

यह शायद पिछले कुछ वर्षों में जाति-आधारित राजनीति के मुद्दे पर कांग्रेस के दृष्टिकोण में विरोधाभास को जाहिर करता है. राहुल गांधी अब पीएम नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए 1990 के दशक की मंडल राजनीति के दूसरे संस्करण की ओर रुख कर रहे हैं, जबकि उनके पिता और दादी का दृष्टिकोण अलग था.

राजीव गांधी ने 6 सितंबर 1990 को लोकसभा में अपने एक भाषण में कहा था, "अगर आप पीछे मुड़कर देखें, तो 1980 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 'न जात पर, न पात पर' (जाति या पंथ पर नहीं) का नारा लगाया था. वीपी सिंह सरकार ने कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों पर रिपोर्ट दबाए रखने का आरोप लगाया था. न्यूज18 ने उस भाषण की समीक्षा की जिसमें तत्कालीन विपक्ष के नेता राजीव गांधी की वीपी सिंह के साथ तीखी नोकझोंक हुई क्योंकि वह मंडल आयोग की रिपोर्ट को आगे बढ़ा रहे थे. राजीव गांधी ने कहा, "यह बेहद दुखद है कि इस सरकार की सोच जाति के इर्द-गिर्द घूमती है... वीपी सिंह हमारे समाज में दरार पैदा कर रहे हैं."

शेष पृष्ठ संख्या 3 पर

## नए साल से वाराणसी दिल्ली वंदे भारत में लगेंगे होटल रूम जैसे स्लीपर कोच, दो स्लीपर कोच की मिली अनुमति

समाज जागरण
वाराणसी ब्यूरो पंकज झा

वाराणसी। वाराणसी से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में नए साल से दो नए स्लीपर कोच लगाए जाएंगे। चेन्नई स्थित रेल कोच फैक्ट्री आईसीएफ में इन कोचिंग को डिजाइन किया गया है। स्लीपर कोच का किराया इस ट्रेन के एक्जीक्यूटिव क्लास के बराबर होने की संभावना है। यात्रियों की डिमांड पर रेलवे ने कोच लगाए जाने को लेकर सर्वे कराया था, इसमें यह बात सामने आई थी कि दिल्ली से कानपुर तक कई प्रीमियम चेयर कार ट्रेन है,जो लखनऊ तक जाती है।

वही वंदे भारत एक्सप्रेस वाराणसी वाया प्रयागराज से कानपुर होते हुए दिल्ली जाती है। इसकी दूरी करीब 758



किलोमीटर है और दिल्ली से सुबह चलने वाली यह ट्रेन वाराणसी में दोपहर करीब 2 बजे पहुंचती है। ऐसे में यात्रा करने वाले यात्रियों को थकान होती है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार स्लीपर का किराया एग्जीक्यूटिव क्लास के बराबर रखने की रेलवे तैयारी कर रहा है। नई दिल्ली से वाराणसी तक का एसी चेयर का किराया 1805 रुपए और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 3335 रुपए है। रेलवे अधिकारियों की माने तो वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच को इस तरह डिजाइन किया गया है कि किसी होटल के रूम जैसा यात्रियों को एहसास होगा। वंदे भारत में लगने वाले दो नए कोच में वह हर एक सुविधा होगी जो एक होटल के कमरे में होती है।

## निदेशक कुणाल सिल्कू ने वीआरएस प्रशिक्षण के लिए लैब का किया उद्घाटन

04 अक्टूबर 2023 लखनऊ। प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मत्रांलय, भारत सरकार की संस्था निमि, चेन्नई के सहयोग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ के द्वारा संस्थान में वीआरएस (वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर) प्रशिक्षण के लिए लैब का उद्घाटन बुधवार को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कू के द्वारा किया गया।

निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 ने संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त संस्थान की प्रशिक्षण व्यवस्था की तारीफ की। के श्रीनिवास राव, उप निदेशक ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की सराहना की तथा नैषध पलेजा ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निर्भय कुमार सिंह, वर्चुअल रियलिटी प्रभारी की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि



संस्थान में चल रहे विभिन्न व्यवसायों में विशिष्ट योग्यता के लिए वांछित कौशल प्राप्त कर प्रशिक्षार्थियों को प्रौद्योगिकी में बदलाव के साथ वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण परिदृश्य में कई लाभ प्रदान कर सकता है। व्यावसायिक कौशल परिस्थितिकी तंत्र को वर्चुवल रियलिटी आधारित इण्टरैक्टिव सामग्री प्रदान करना तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा कार्यस्थल पर यथार्थवादी कठिन अनुभवों सहित विभिन्न स्थितियों में पूरी तरह से डूब सके और उन्हे बाहर निकलने के तरीको के बारे में सीख सके। जो राजकीय आईटीआई के लिए मिश्रित शिक्षण पद्धति को और मजबूत करने के लिए वर्चुवल रियलिटी सामग्री एक पायलट रोलिंग प्रोजेक्ट होगा। जिससे प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में पारंगत होने में मदद करेगा। यह योजना भारत सरकार पूरे भारत में पाँच राजकीय आईटीआई को प्रदान की गयी है जिसमें यह संस्थान भी है।

इस अवसर पर के. श्रीनिवास राव, उप निदेशक, राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान, चेन्नई एवं नैषध पलेजा, सह संस्थापक, फीस्ट सॉफ्टवेयर प्रा0लि0, मुम्बई तथा मण्डलीय संयुक्त निदेशक भगवत दयाल, प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, संजय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, चन्द्रशेखर सिंह, प्रधानाचार्य, शिवानी पंकज, प्रधानाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## राज महंत राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर हुए शामिल

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख बिलासपुर । रायगढ़ में आयोजित भरोसा के सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मल्लिकार्जुन खरगे और जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार गुरु ने छत्तीसगढ़ के 82 विकास खण्ड में परम पूज्य गुरूघासी दास बाबा जी का सत्य की प्रतीक जैतखाम स्वेत झंडा फहराने के लिए समस्त मानव समाज को सत्य का निशानी का भूमिपूजन सभी समाज के साथ छत्तीसगढ़ के भरोसे की सरकार समेल्लन में किया इस अवसर पर जगतगुरु गुरु रूद्रकुमार गुरू के आदेश पर बिलासपुर जिला के सभी राजमहंत मंथन सभा कक्ष बिलासपुर में उपस्थित होकर भूमिपूजन समारोह का गवाह बनकर सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान किया जिसमें राजमहंत राजेश्वर भार्गव सभापति ज़िला पंचायत बिलासपुर साथ में राजमहंत दशेराम खाण्डे राजमहंत उमादत्त घृतलहरे राजनारायण निराला भारत सिंह खांण्डेकर लखनटंडन भुलाऊराम कुर्रे पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप

## नोएडा अथॉरिटी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका : अब रेवेन्यू रिकॉर्ड में किसानों के नाम दर्ज होंगे

### सालारपुर गांव का पूरा भूमि अधिग्रहण रद्द

नोएडा अथॉरिटी और गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। अदालत ने इस गांव में लंबित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। इतना ही नहीं, जिला प्रशासन को आदेश दिया है कि राजस्व रिकॉर्ड को दुरुस्त किया जाए। नोएडा अथॉरिटी का नाम जमीन के रिकॉर्ड से हटाकर किसानों का नाम दर्ज किया जाए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को गैर कानूनी करार देते हुए रद्द कर दिया था। अब किसानों ने हाईकोर्ट को बताया कि अथॉरिटी और जिला प्रशासन आदेशों पर अमल नहीं कर रहे हैं।




### क्या है पूरा मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के एडवोकेट पंकज दुबे ने बताया कि किसानों ने नई याचिका में नए भूमि अधिग्रहण आदेश को रद्द करने की प्रार्थना की। दरअसल, 04 मार्च 2023 को अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) ने एक आदेश पारित किया। याचिकाकताओं ने राजस्व रिकॉर्ड से नोएडा अथॉरिटी का नाम हटाने की मांग की है। अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) ने नोएडा के स्थान पर किसानों का नाम दर्ज करने की अर्जी को अस्वीकार कर दिया। पंकज दुबे ने बताया कि याचिकाकताओं की उपरोक्त भूमि का अधिग्रहण भूमि अधिग्रहण अधिनियम-1894 की धारा 17(1)(4) के तहत किया गया था। किसानों ने 11 सितंबर 2008 और 30 सितंबर 2009 की अधिसूचनाओं को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। राजेंद्र एस्टेट बनाम यूपी राज्य और अन्य मामले में हाईकोर्ट ने 24 सितंबर 2010 को किसानों की याचिका खारिज कर दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटा

हाईकोर्ट में हारने के बाद 2013 में किसानों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 11 सितंबर 2008 और 30 सितंबर 2009 की अधिसूचनाओं को रद्द कर दिया। पंकज दुबे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का ऑपरेटिव भाग इस प्रकार है. ह्अपील को अनुमति दी जाती है। विवादित आदेश निर्धारित किया जाता है कि अधिसूचना दिनांक 11.09.2008 और 30.09.2009 एकतरफा हैं। उन्हें रद्द किया जाता है। हालांकि, यह स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्य सरकार प्रक्रिया का पालन करते हुए दोबारा भूमि अधिग्रहण करने के लिए स्वतंत्र होगी। यह प्रक्रिया अधिनियम के तहत निर्धारित है।"

### नोएडा अथॉरिटी का नाम नहीं हटा

पंकज दुबे के मुताबिक, ह्सुप्रीम कोर्ट का साफ-साफ आदेश आने के बाद याचिककताओं ने एडीएम (एलए) से अनुरोध किया कि राजस्व रिकॉर्ड से नोएडा अथॉरिटी का नाम हटाया जाए। अब 04.03.2023 को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (भूमि अध्याप्ति) ने याचिकाकताओं का प्रत्यावेदन खारिज कर दिया। एडीएम ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट में दायर सिविल अपील में पक्षकार नहीं थे। लिहाजा, लाभ के हकदार नहीं होंगे।

### 'फैसले का लाभ सबको मिलेगा'

याचिकाकताओं के वकील ने तर्क दिया कि एक बार भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा-4 और 6 के तहत अधिसूचनाएं सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दी हैं तो कुछ नहीं बचा है। नोएडा अथॉरिटी और जिला प्रशासन आदेश का आदर नहीं कर रहे हैं। जब राजेंद्र एस्टेट के मामले में कोर्ट ने अधिसूचनाएं रद्द कर दी हैं तो इसका प्रभाव तो पूरे अधिग्रहण पर पड़ेगा। रिट में जाने वालों को लाभ मिलेगा और बाकी को नहीं मिलेगा, यह सवाल ही नहीं बचता है। लिहाजा, इस कानूनी स्थिति का लाभ सभी को मिलेगा।

भूमि अधिग्रहण की नई प्रक्रिया शुरू हुई एडीएम की ओर से हाजिर सरकारी वकील ने स्वीकार किया कि अब तक कोई अवॉर्ड घोषित नहीं किया गया है। नोएडा प्राधिकरण का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहा है। राजेंद्र एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि भूमि के नए सिरे से अधिग्रहण के लिए कदम उठाए। अब 19.01.2019 को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (भू-अध्याप्ति) के माध्यम से सलारपुर में भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव भेजा गया। दिनांक 07.04.2021 और 03.09.2021 को अनुस्मारक भेजे गए। एडीएम के यहां से कोई उत्तर नहीं आया है।

### गजराज और सावित्री देवी पर हुई चर्चा

एडवोकेट पंकज दुबे ने बताया कि हाईकोर्ट ने फैसला सुनाने से पहले गौतमबुद्ध नगर के इन दो ऐतिहासिक मुकदमों की चर्चा की। अदालत ने कहा, इससे पहले कि हम आगे बढ़ें, यह नोट करना प्रासंगिक है, जिन अधिसूचनाओं को राजेंद्र के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था, इस न्यायालय की पूर्ण पीठ द्वारा बरकरार रखा गया था। जबकि, गजराज बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य से जुड़े मामले में रिपोर्ट किया गया है। गजराज मामले में फैसले को बरकरार रखा गया था और सुप्रीम कोर्ट ने सावित्री देवी बनाम यूपी राज्य मामले में भी याचिकाकताओं को राहत। ऐसा प्रतीत होता है कि राजेंद्र एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के मामले में इन तथ्यों को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष नहीं रखा गया। स्थिति इस प्रकार उभरकर आती है कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय अधिग्रहण को रोकता है। लिहाजा, कार्रवाई अवैध होगी, लेकिन सावित्री देवी के मामले में जो निर्णय दिया गया था, वह उन्हीं सूचनाओं को बरकरार रखता है।

### अब कोर्ट ने सुनाया यह फैसला

अदालत ने अपने फैसले में कहा है, 'रिट याचिका स्वीकार की जाती है। उत्तरदाता को निर्देशित किया जाता है कि राजस्व अभिलेखों से नोएडा अथॉरिटी का नाम हटा दिया जाए। किसानों की भूमि पर उनका नाम चढ़ाने के लिए चार सप्ताह के अंदर आदेश का अमल करें। अथॉरिटी और प्रशासन भूमि अधिग्रहण करने के लिए स्वतंत्र हैं। कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया अपनाने का विकल्प खुला छोड़ दिया गया है।

## ईरान में एक और महसा अमिनी कांड !

### हिजाब विवाद में पिटाई से कोमा में गई 16 साल की लड़की

तेहरान. ईरान में हिजाब को लेकर सख्ती बरतने वाली मोरल पुलिस ने 16 साल की एक लड़की को पीट-पीट कर कोमा में पहुंचा दिया है. लड़की की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज अस्पताल में हो रहा है. मीडिया में आई खबरों में बताया गया है कि इस लड़की का नाम अर्मिता गारवांड है जिसे मोरल पुलिस ने बुरी तरह पीटा था. हालांकि ईरान के अफसर इसका खंडन कर रहे हैं. उनका कहना है कि लो ब्लड प्रेशर होने के कारण किशोरी अर्मिता बेहोश हो गई थी.

कुर्द आधारित समूह हेंगॉ ने कहा है कि तेहरान मेट्रो के पास मोरल पुलिस ने अर्मिता




को इतना अधिक पीटा कि वह कोमा में चली गई है. अब पुलिस उसका इलाज इतनी अधिक सुरक्षा में करा रही है कि उसके परिवार वालों तक को उससे मिलने की अनुमति नहीं है. अधिकार समूह हेंगॉ ने बताया है कि तेहरान मेट्रो के पास किशोरी को मोरल पुलिस ने पकड़ लिया था और हिजाब को लेकर उनके बीच बहस हुई थी.

### बुरी तरह घायल है किशोरी, फज्र अस्पताल में किया भर्ती

इसके बाद महिला पुलिस अधिकारियों ने किशोरी को पीटना शुरू कर दिया था. घायल लड़की को जब तक फज्र अस्पताल पहुंचाया जाता तब तक वह कोमा में जा चुकी थी. शोहदा मेट्रो स्टेशन पर हुई इस घटना में किशोरी को गंभीर शारीरिक चोटें आई हैं. बुरी तरह घायल किशोरी के बारे में पुलिस झूठ बोल रही है. उन्होंने किशोरी की हालत के लिए पुलिस को दोषी ठहराया है.

### ईरान में हाई अलर्ट, महसा अमिनी कांड की यादें हुई ताजा

एक साल पहले महसा अमिनी कांड को लेकर पूरे ईरान में प्रदर्शन हुए थे. हिजाब के कारण महसा अमिनी को मोरल पुलिस ने इस कदर पीटा था कि उसकी मौत हो गई थी और इसके बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे. दुनिया भर में महसा अमिनी को श्रद्धांजलि दी गई थी और ईरान की सरकार ने बहुत मुश्किल से मामले का सामना किया था. इस बार सरकार और पुलिस दोनों ही हाई अलर्ट हैं और उन्होंने तेहरान में जगह-जगह सुरक्षा कड़ी कर दी है.

# क्या ऐसे ही' न्यूज 'को' क्लिक' किया जाता है भाई ?

**दैनिक समाज जागरण**

हमारी सरकार अब ' न्यूज ' क्लिक ' करना सीख गयी है । सरकार को हर न्यूज में दिलचस्पी रहती है क्योंकि हर न्यूज सरकार का बल्ब फ्यूज करने का काम करती है। इस बार सरकार के निशाने पर सचमुच में ' न्यूज क्लिक ' ही है। सरकार यानि दिल्ली पुलिस ने न्यूज क्लिक के सौ से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की और न्यूज के तमाम स्त्रोतों से जुडी सामग्री को अपने कब्जे में ले लिये। इतना ही नहीं ऐसा करने के बाद न्यूज क्लिक करने वाले उर्मिलेश और अभिसार को भी पूछताछ के लिए अपना मेहमान बना लिया। न्यूजक्लिक पर बड़ा संगीन आरोप है कि उसने हमारी संप्रभु सरकार के खिलाफ काम करने के लिए चीन से 38 करोड़ रुपया हासिल किया।

पुलिस की इस कार्रवाई को पूरा मीडिया जगत अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला मान कर चल रहा है ,लेकिन मुझे लगता है कि इस कार्रवाई का मकसद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करने वाले तमाम लोगों को हड़काने भर की है ,क्योंकि पांच राज्यों के चुनाव सर पर हैं और कुछ ही महीने बाद आम चुनाव भी होना है। न्यूज क्लिक के बारे में कुछ बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि बीते 24 घंटे में मीडिया में दिलचस्पी रखने वाले अधिकांश लोग सर्च इंजिनों के जरिये न्यूज क्लिक को खंगाल चुके हैं। न्यूज क्लिक में जाहिर है कि केवल और केवल न्यूज बनती है, और बेचीं जाती है।

न्यूज क्लिक पर जो आरोप हैं वे एकदम ताजा नहीं हैं । दो साल पुराने है । पुलिस चाहती तो दो साल में इस मामले को दाखिल दफतर कर सकती थी या जो कार्रवाई उसने मंगलवार को की उसे पहले ही अंजाम दे सकती थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को ऐसे ही संगीन मामले कार्रवाई के लिए सौंपे जाते हैं। दिल्ली पुलिस की तारीफ करना चाहिए कि उसे जो टास्क दिया जाता है उसे वो प्राणपण से पूरा करने की कोशिश करती है । दिल्ली पुलिस को मीडिया कि अभिव्यक्ति की आजादी - वाजादी से कुछ लेना-देना नहीं है । उसे तो अपने आकाओं के हुक्म को तामील करना है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर में न्यूज क्लिक वेबसाइट के पत्रकारों के ठिकानों पर रेड डाली व न्यूजक्लिक का दफ्तर सील कर दिया. यह कार्रवाई फॉरेन फंडिंग के मामले में यूएपीए के तहत की जा रही है। देश में मीडिया को व्विदेशी पूँजी निवेश की छोट है। ये छोट भी सरकार ने दी ह। आप 26 फीसदी विदेशी निवेश ले सकते हैं ,लेकिन सरकार को उखड फेंकने के लिए इस निवेश का इस्तेमाल करेंगे तो पकडे जायेंगे। न्यूज क्लिक पर आरोप है कि उसने बजरिये अमरीका चीन से 38 करोड़ रुपए लेकर अपनी बेव साईट के जरिये देश में सरकार विरोधी माहौल बनाना शुरू किया। अब भला कोई भी सरकार ये कैसे बर्दाश्त कर सकती ह। कांग्रेस की सरकार भी होती तो वो भी यही सब करती जो भाजपा की सरकार यानि उसकी पुलिस कर रही है।

देश में इससे पहले भी पुलिस इसी तरह के मामलो में कार्रवाई कर चुकी है । मुझे याद नहीं आता कि किसीको भी फांसी पर चढ़ाया गया हो । सरकार सिर्फ धमकाती है, आँखें दिखाती है और सब कुछ भूल जाती है। न्यूज क्लिक के प्रबीर पुलकायस्थ को भी फांसी पर नहीं चढ़ाया जायेगा । अभिसार और उर्मिलेश जी भी जल्द ही घर आ जायेंगे ,लेकिन तब तक देश के मीडिया को ये सन्देश दे दिया जाएगा कि कृपया सरकार के पक्ष में वातावरण नहीं बना सकते तो खिलाफ में भी मत बनाइये। और मुझे लगता है कि सरकार का मकसद पूरा हो चुका है। सरकार की कार्रवाई के विरोध में जिन्हें बोलना था वो बोल रहे हैं और जिन्हें खामोशी अख्तियार करना थी वो खामोशी की चादर ओढ़ चुके हैं उनसे बोलने की अपेक्षा भी नहीं की जाना चाहिए।

देश को यदि न्यूज क्लिक के खिलाफ की जा रही कार्रवाई आपातकाल की आहट लगती है तो उसे सावधान हो जाना चाहिए और नहीं लगती तो मौज करना चाहिए। पिछले एक दशक में देश का मीडिया जिस तरीके से वातसल्य भाव से काम कर रहा है वो किसी से छिपा ही नहीं है। ऐसे में न्यूज क्लिक जैसी संस्थाओं की सक्रियता को ये देश आखिर कैसे बर्दाश्त कर सकता है ?अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षक तमाम संस्थाओं को पहचानने का ये सही समय है। इस समय जो मौन है और जो मुखर है पहचाना जाएगा। शर्त एक ही है कि साधन और साध्य की पवित्रता का ख्याल मीडिया खुद रखे।

अपनी वेबसाइट चलने के लिए फंडिंग के लिए चीन जाने कि क्या जरूरत है,अमेरिका से पैसे लेने की क्या जरूरत है । अपने ही देश की जनता के पास इतना पैसा है कि आपका काम चल जाएग। मेरा तो चल रहा है । मै अपने पाठकों से रोजाना केवल एक रुपया लेता हूँ। जिनके पास नहीं है उन्हें अपनी सामग्री मुफ्त भी देता हूँ। इसके बावजूद मुझे भी पुलिस जिस दिन आका का हुक्म होगा उस दिन उर्मिलेश और अभिसार की तरह उठा लेगी। पुलिस को अपना काम करने दीजिये । आप यानि मीडिया अपना काम करे । कानून अपना काम करता ही है। कानून का दखल न होता तो न्यूज क्लिक की पूरी टीम पहले ही गिरफ्तार की जा चुकी होती। कुछ समय पहले कानून ने ही इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाईं थी

देश में पिछले दरवाजे से आपातकाल आज नहीं आ रहा उसे आये एक दशक होने को है। वो तो गनीमत है कि सरकार उदार है अन्यथा इंदिरा गाँधी कि तरह आज के माहौल में कभी का आपातकाल लगा चुकी होतीं। देश के वैकल्पिक मीडिया की हर न्यूज जब क्लिक होती है तब -तब सरकार की एक न एक ईंट कमजोर होती है इसलिए ये संघर्ष भी सनातन ही समझिये। सरकार को अपना काम करने दीजिये ,आप अपना काम कीजिये। सरकार कि अक्ल अपने आप ठिकाने लग जाएगी। आखिर सरकार है तो पूर्णतः स्वदेशी । उसे तो किसी दूसरे देश की सरकार या जनता ने तो फंडिंग नहीं की। सरकार की सारी फंडिंग अडानी और अम्बानी जैसे स्वदेशी लोग करते हैं। अमेरिका के नेविल राय सिंघम नहीं।

आपको याद होगा कि एक महीने पहले लोकसभा में भी न्यूजक्लिक का मुद्दा उठाया गया था। 7 अगस्त 2023 को बीजेपी सासंद निशिकांत दुबे ने कहा था कि न्यूजक्लिक को चीन से फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा था कि फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा ,।था कि फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा था कि न्यूजक्लिक देश विरोधी है. निशिकांत ने मीडिया पोर्टल पर चाइनीज फंडिंग से सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' जैसे अखबार भी स्वीकार कर रहे हैं कि नेविल रॉय सिंघम और उनका न्यूज क्लिक चीन की कम्युनिस्ट.पार्टी (सीपीसी) के खतरनाक हथियार हैं और दुनिया भर में चीन के राजनीतिक एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं।

**@ राकेश अचल**

## सब धर्मों का धर्म हमारी गीता है

-- --

दो मुस्लिम बातचीत कर रहे हों
भगवद्गीता व सनातन महिमा में,
हर धर्म का मानव वक्त निकाल
पढ़ें, क्या लिखा गया है गीता में।

मानव जीवन की वास्तविकता
का आधार श्रीमदभगवद्गीता है,
सब धर्मों का धर्म हमारी गीता है,
कृष्ण की वाणी पार्थ की शिक्षा है।

कोई किसी धर्म या जाति का हो,
खून का रंग नहीं अलग होता है,
भोजन का प्रबंध जन्म से पहले,
ईश्वर सब के लिये कर देता है।

सबकी माँ भी होती है, पिता भी,
सबका जन्म जगत में माँ देती है,
किसी धर्म व जाति में किसी का
पिता कभी जन्म नहीं दे सकता है।

भेद भाव बनाए हैं दुनिया वालों ने,
नहीं भेद किया किसी में ईश्वर ने,
गीता का ज्ञान यही तो कहता है,
आदित्य कर्म ही धर्म वो कहता है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

## कौन हूँ मैं ?

मुझे धरती लील गई,
आकाश ने छुपा दिया
हवाओं ने अदृश्य कर दिया
या पानी ने अपनी धाराओं में
विलोपित कर दिया मुझे,
अदना मैं अस्तित्व हीन,
शून्य से चिपका
व्योम में बहता सा,
मैं मुझको ही नजर नहीं आता
अपने अतीत में अपने को खोजता
पीछे की ओर नजरें दौड़ा कर,
पितामह हमारे आने वाले कल
की ओर निहारते
गहरी आशावादी दृष्टि से,
मैं अतीत के पाषाणों में
आज तलाश करता,
मां की कोख से जन्मा मैं
शून्य होकर रह गया
हम,हमारे द्वंद के बीच,
सूरज की नव किरणों में
अपने और अपनों को
बुझी आंखों से तलाशता,
सूखे पत्तों सा फड़फड़ाता,
वृक्ष के तनों सा अकडा
उजड़े हुए नगर की तरह
स्वयं बिछड़ा हुआ सा,
आज जन्मे शिशु ने दिया
मुक्ति का संदेश,
नवयुग की ओर जाने का
मार्ग,
सच, नवजात नन्हा ही
आज और आने वाले कल का
सच्चा पथ प्रदर्शक है,

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़**

# बैठकी "जातिय जनगणना" पूर्णत: राजनीतिक

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं मास्टर साहब बोल पड़े--"सरजी,मैं,"श्री निवास राम" एक शिक्षक होने के नाते,अपने राष्ट्र और अपने सनातन धर्म पर मनन करता हूँ तो इसी निष्कर्ष पर आता हूँ कि हजार बर्षों से सनातन धर्म और सनातनियों को नष्ट करने तथा शासन और शोषण करने के उद्देश्य से जिस ब्रम्हास्त्र-"जातिवाद" का प्रयोग मुगलों,अंग्रेजों ने किया,वही आजादी के बाद संविधान में आर्थिक आरक्षण की जगह, जातिगत आरक्षण की व्यवस्था देकर कांग्रेस ने किया।आगे चलकर "जातिगत आरक्षण" की संवैधानिक व्यवस्था ने क्षेत्रीय जातिवादी एवं परिवार-




वादी राजनीतिक दलों को जन्म दिया। लेकिन 2014 से अभी तक,मोदी सरकार ने जिस तरह राष्ट्र और देश के आमजनों को सशक्त करने का संकल्प दिखाया है जिसके परिणामस्वरूप 13 करोड़ से भी अधिक लोग गरीबी रेखा से उपर उठ पाये। कोरोना जैसी विपरीत स्थितियों में भी मोदी सरकार ने विकास की जो पटरी बिछाई उसने विपक्षियों की नींद हराम कर दी है। अब मरता क्या न करता!!इसलिए इंडी एलायंस ने मोदीजी को, राज्य और केंद्र के चुनाव में घेरने के लिए, पुरे देश में "जातिय जनगणना" कराने की मांग को,अपना चुनावी एजेंडा बना लिया है।"

ठीक बोले मास्टर साहब, 2014 से लेकर अबतक, मोदीजी के शासनकाल में,जिस कदर राष्ट्र और गरीबों तथा वंचितों का उत्थान हुआ है उससे विपक्षियों के आंचल में झूठ और फेक फैलाने के सिवा कोई हथियार रह नहीं गया है तथापि सनातन के विरुद्ध तुष्टीकरण, और हिंदू मतदाताओं की बड़ी जनसंख्या-पिछड़ी जातियों को लुभाने के लिये "फूट डालो और राज खरो" की नीति के तहत,"जातिय जनगणना" को चुनावी आधार बनाने पर जोर दे रहे हैं। इधर बिहार ने ज्यों हीं "जातिय जनगणना" के आंकड़े जारी किये और उसमें पिछड़ी जातियों की आबादी प्रतिशत 63 देखे,उछलकूद और बढ़ गई है।--डा.पिंटू अपनी कहे।

सरजी,बिहार सरकार ने जो आंकड़ा जारी किया गया है उसमें हिंदूओं की जनसंख्या 81.99 प्रतिशत,मुस्लिम 17.70 प्रतिशत,और अन्य .31 प्रतिशत दशार्या गया है। पिछड़ों में ओबीसी-27.12 प्रतिशत और इबीसी अर्थात अति पिछड़ों का प्रतिशत 36.01 प्रतिशत दिखाया गया है। जबकि सामान्य का प्रतिशत-15.52, दिखाया जा रहा है।पिछड़ों की जनसंख्या-63 प्रतिशत देखते हीं बिहार क्या, पुरे देश




की राजनीति,अब इन्हीं पिछड़ी जातियों को वोटबैंक बनाने के ईर्द-गिर्द घुमाती दिख रही है!--पारसनेता हाथ चमकाये।

नेताजी! इस जनगणना में गजब का घालमेल किया गया है।--कुंवरजी सोफे पर आगे की ओर झुककर।

उ का कुंवर बाबु!!--मुखियाजी पुछ बैठे।

पहली बात कि कई क्षेत्रों में जहाँ सबर्णों की जनसंख्या घनी धी वहाँ दो-चार घरों को गैप दे,दे कर गिनती की गई अर्थात सबर्णों का सही प्रतिशत नहीं है। दुसरी बात की पिछड़ों की गिनती में मुस्लिम समाज के लोगों को भी शामिल किया गया है जिससे स्वभाविक रूप से पिछड़ों का प्रतिशत बढ़ गया और मुस्लिम जनसंख्या का कितना प्रतिशत सामान्य की श्रेणी में है,ये भी स्पष्ट नहीं।--कुंवरजी रुके।



तभी मास्टर साहब बोल पड़े--"सबसे महत्वपूर्ण बात तो ये है कि इस जातिय सर्वे में आर्थिक स्थिति का सर्वे भी शामिल था लेकिन उसकी रिपोर्ट क्यों दबा दी गई!!इसी से पता चलता कि किस जाति की आर्थिक स्थिति कैसी है!!लेकिन ऐसा नहीं किया गया क्योंकि इस "जातिय जनगणना" का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक है,गरीबों का उत्थान नहीं।"

ये भी सोचनीय बात है कि 1931के बाद जितनी जनगणना हुई है उसमें ब्राम्हणों का प्रतिशत, 4.5 से अधिक रहा है तो अब घटकर 3.65 प्रतिशत कैसे हो गया!! जबकि कुर्मी,कुशवाहा का बढ़ गया है। दुसरी बात कि नितीश बाबु,पिछड़ों के इतने हीं हमदर्द रहें हैं तो महादलित मांझी को हटाकर स्वयं मुख्यमंत्री क्यों बन गये!! खैर,अब तो नितीश और ओजस्वी को दलित और अति पिछड़ों के लिए कुर्सी खाली कर देनी चाहिए। तीसरी बात कांग्रेस के राहुलजी से है--"जब 2011 में कांग्रेस ने जातिय जनगणना करायी थी और उसपर देश के टैक्स दाताओं का 5 हजार करोड़ खर्च किया था तो आंकड़े जारी क्यों नहीं किया!!साथ हीं आज कांग्रेस के दलित समाज के अध्यक्ष- मल्लिकार्जुन खेगड़े को प्रधानमंत्री के रुप में क्यों नहीं परोसा जाता!!"

कुछ भी कहिये, जातिय जनगणना का उद्देश्य तो जात-पात की राजनीति करना हीं है!! जबकि एक विडिओ देखा था जिसमें नितीश और तेजस्वी,जात-पात की राजनीति करने का ब्लेम भाजपा पर लगा रहे थे वही लोग हाथ-पैर तोड़कर जातिगत राजनीति पर उतारु हैं। असल उद्देश्य किसी प्रकार सत्ता हथियाना है और सनातन को हानि फहुँचाना है।--उमाकाका मुखियाजी की ओर देखकर।




ए भाई,मोदीजी गरीबी के महत्व देके, जाति के राजनीति प गरदा डाल देले बाड़े बाकि अब फेरु विपक्षिया कुल,जाति के राजनीति, जोर-शोर से शुरू कईले बाड़न स।--मुखियाजी दुखी लगे।

सुना नहीं आपलोगों ने!नितीश और तेजस्वी कह रहे थे कि जातिय जनगणना से दबे कुचले लोगों को उपर उठाने में मदद मिलेगी। तो इन्हें,जनता को बताना चाहिए कि 15 साल लालू का शासन रहा फिर 18 साल से नितीश बाबु,मुख्यमंत्री हैं। ये लोग 33 साल से पिछड़ों के विकास के लिये क्या किये !! यदि नहीं कर सके तो क्या इसी जातिय जनगणना का अबतक इंतजार कर रहे थे!!--पारसनेता मुंह बनाये।

नेताजी,ठीक कहा आपने। ये जातियां तो पहले भी थीं और यही लोग सत्ता में भी रहे हैं और हैं तो,इनलोगों ने उन जातियों के लिये अब तक क्या किया!! अगर प्रति व्यक्ति आय को देखें तो आज बिहार,पुरे देश में सबसे नीचे स्तर पर है। बिहार का प्रति व्यक्ति सालाना आय, मात्र 49 हजार है। जबकि महाराष्ट्र में 2 लाख 42 हजार,दिल्ली में 3 लाख 89 हजार,गुजरात में 2 लाख 96 हजार है और देश का औसत प्रति व्यक्ति आय 98 हजार है। मतलब देश की औसत आय भी बिहार से दुगना है और ये अब चले हैं जाति की राजनीति करके जनता को मूर्ख बनाने।--डा.पिंटू के चेहरे पर घृणा के भाव दिखे।

लालूजी और नितीश के 33 बर्षों के राज का हीं परिणाम है कि आज रोजी-रोटी के लिए,पिछड़े वर्ग के 50 प्रतिशत परिवार के सदस्य, राज्य के बाहर जाने को बाध्य हुए हैं। कोरोना काल याद है न!!--मास्टर साहब मुंह बनाये।

ए सरजी, रउवा कुछ कहीं!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी,आज जो देश की स्थिति है उसमें जातिय राजनीति का नहीं बल्कि विकास की राजनीति की आवश्यकता है। अगर सच में इंडी एलायंस को समाज के वंचित, शोषित, पिछड़ों के उत्थान की चिंता रहती तो सबसे पहले ये राजनीतिक पार्टियां,संविधान में संशोधन करके "जातिगत आरक्षण" को हटाकर "आर्थिक आरक्षण" पर बल देंती। क्योंकि आज बदलते परिवेश में "सामाजिक स्टेटस" पूर्णतः "आर्थिक स्टेटस" पर निर्भर है। आज हमारे समाज में कोई पिछड़ा है तो बस गरीबी ने पिछड़ा बना रखा है।अब इन जातिवादी नेताओं, जो पिछड़े,दलीत जाति से आतें हैं क्या पिछड़े रह गये हैं!!जैसे-लाल परिवार, मुलायम परिवार, नितीश, मायावती,या दक्षिण राज्यों के जातिवादी राजनीतिज्ञ!! मतलब साफ है, ये सभी येनकेन धनी बन गये। बढ़ते आर्थिक स्थिति ने इनकी सामाजिक स्थिति को भी उपर उठा दिया है।

इन जातिवादी राजनीतिक दलों का उद्देश्य समाज और राष्ट्र का विकास नहीं,सिर्फ अपना स्वार्थ है जिसका प्रमाण परिवारवाद है।

इंडी एलायंस का नारा--"जिसकी जितनी संख्या भारी,उसकी उतनी भागिदारी"। यहाँ भागिदारी से तात्पर्य मात्र आरक्षण के लाभ से है।बिहार का "जातिय जनगणना",पिछड़े वर्ग को बड़ा वोटबैंक दर्शा रही है तो "जातिय जनगणना" पिछड़ा वर्ग को अपनी ओर मोड़ने का घटिया चाल पूर्णतः, हिंदू समाज विरोधी ओर विकास की नीति के विरुद्ध है।--मैं चुप हुआ।

अच्छा,देर भईल अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

आलेख -

# अवसर की ताक में लोकतंत्र के बहुरूपिए जो देश का अहित कर रहे हैं।

**दैनिक समाज जागरण**

अवसर हर एक व्यक्ति को जीने की दशा और दिशा देता है।अवसर यदि अच्छे लोगों को मिलता है तो माहौल अच्छा और सच्चा हो जाता है और अवसर बुरे व्यक्ति को मिले तो निश्चित ही माहौल बुरा हो जाता है। हमारे देश में लोकतंत्र है सारी पार्टियां अवसर की तलाश में रहती है कि, उन्हें सत्ता में आने का मौका मिले तो वह देश के लिए कुछ करे?

हमारे देश में लोगों को यह मौका तो मिलता है परंतु व्यक्तिगत आधार पर नहीं बल्कि पार्टी के आधार पर ? पार्टी में अच्छे और बुरे लोग दोनों होते हैं और अवसर अच्छे और बुरे दोनों लोगों को मिल जाता है। अच्छे लोग सच्चाई और अच्छाई की मयार्दा में दबे रह जाते हैं और बुरे लोग देश का बुरा कर जाते हैं। जबकि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, स्पष्टता, स्वच्छता एवं जवाबदेही आवश्यक है,इन सब से भी पहले व्यक्ति में राष्ट्रीयता की भावना की प्रचुरता आवश्यक है। लोकतंत्र लोकशासन है और लोगो में राष्ट्रीयता की भावना सबसे पहले होना आवश्यक है परंतु हमारे देश के लोकतंत्र में राष्ट्रीयता की भावना का अभाव देखा जा सकता है? राष्ट्रीयता की भावना की जगह व्यक्तिगत भावना का असर हर राज्य की शासन-व्यवस्था एवं जनप्रतिनिधियों में देखा जा सकता है।

यह भावना आजादी से पहले ही बीज के रुप में बोई गई है जो अब फल-फूल रही है।देश को आजादी बंटवारे की कीमत पर मिली क्षेत्र के साथ साथ धार्मिक भावनाओं के बंटवारे पर आजादी मिली? और यह बंटवारा देश का दुर्भाग्य बन गई?देश तो बट गया किन्तु धर्म के बंटवारे की भावना हमारे देश में आज भी फल फूल रही है। आजादी के समय जो बीज बोया गया वह आज कांटेदार वृक्ष बन चुका है?

आजादी के बाद देश में दो राजनीतिक दल मुख्य रुप से देश के शासन में भागीदार रही है पहला कांग्रेस और दूसरा भारतीय जनता पार्टी।इन दोनों पार्टियों के अलावा बहुत सारी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां हैं जो इन दोनों पार्टियों को मजबूत बनाने में सहायक रही है एवं दल-बदल के तहत देश को हानि पहुंचा रही है विधायको की खरीद बिक्री और पार्टियों की खरीद बिक्री को बढ़ावा देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है और सबसे ज्यादा देश को कमजोर कर रही है।

बंटवारे के तर्ज पर देश की दोनों मुख्य पार्टयां भी बंटी रही एक ने मुस्लिम अल्पसंख्यको को खुश कर राजनीति की और दूसरे ने हिन्दू और सनातन धर्म का सहारा लेकर राजनीति कर रही है इसमें कहीं से कोई दो राय नहीं है?

यही कारण है कि अबतक कभी भी देश में किसी भी योजना या देश के विकास से संबंधित किसी कार्य में आम सहमति नहीं बन पाई है।इन दोनों पार्टियों की सोच एवं नीति देश को दो अलग-अलग दिशाओं में ले जाती रही है जो देश के लिए उस समय भी घातक था जब देश का बंटवारा हुआ और अभी भी घातक है जब देश दंगों की बारूद पर बैठ चुका है?

इन दोनों बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने देश में राष्ट्रीयता की भावना को लेकर शासन नहीं किया है वरण धर्म का सहारा लेकर देश तथा देश के लोगों को गुमराह किया है। जबकि होना यह चाहिए था कि देश में धर्म से हटकर देश के विकास और देश की सुरक्षा को ध्यान में रखकर राष्ट्रवाद का हाथ पकड़ कर शासन होना चाहिए था।

देश के विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी धर्म को धर्म की जगह होना चाहिए था, राजनीति का हिस्सा धर्म को नहीं बनाना चाहिए था,अगर ऐसा हुआ होता तो निश्चित ही आज देश की तस्वीर ही अलग होती ।

आज निश्चित ही देश पूरी दुनिया के सामने मजबूत स्थिति में है परंतु धर्म को हथियार बनाकर राजनीति करना देश के हित में बिल्कुल भी नहीं है।

लोकतंत्र में अवसर वैसे लोगो को मिलना चाहिए जो वास्तव में राष्ट्रवादी हो और देश का विकास करना चाहते हैं।



**लेखक - चंद्रकांत पूजारी गुजरात**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जाति जनगणना भारत को तोड़ रही है: राजीव गांधी

शेष पृष्ठ संख्या 1 का

उन्होंने कहा कि "देश का लक्ष्य जातिविहीन समाज होना चाहिए" और आपको ऐसा कोई भी कदम उठाने से बचना चाहिए जो देश को जाति-ग्रस्त समाज की ओर ले जाए. उन्होंने कहा, ह्वइस सदन में कोई भी यह नहीं कहेगा कि जातिवाद को हटाना उस राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा नहीं है."

## जाति जनगणना भारत को तोड़ रही है: राजीव गांधी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि जाति जनगणना की बात करना लोगों और देश को बांटने के समान है. राजीव गांधी ने 1990 में संसद में अपने भाषण में मंडल आयोग की रिपोर्ट के बारे में ऐसे ही विचार रखे थे. राजीव गांधी ने लोकसभा में कहा, "...जिस तरह से आपने मंडल आयोग को लागू किया है, मेरे लिए यह मेरे देश को तोड़ रहा है. इस समय में भी, देश को इस जाति विभाजन से वापस खींचने का समय है." रिकॉर्ड के मुताबिक, उन्होंने कहा कि वीपी सिंह सरकार "जातिवाद में निहित स्वार्थ पैदा कर रही है और देश को इसके लिए बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी".

## राजीव गांधी ने की थी समान अवसर देने की पैरवी

राजीव गांधी ने यह भी पूछा कि सरकार जाति को एकमात्र पहचानकर्ता के रूप में क्यों स्वीकार कर रही है. उन्होंने कहा था कि पिछड़ेपन और गरीबी को दूर करने के लिए समस्या की जड़ को देखना होगा और समान अवसर देना होगा. राजीव गांधी ने कहा, "हम, कांग्रेस, पिछड़े समुदायों के लिए एक व्यापक कार्य योजना, एक सकारात्मक कार्य योजना के पक्ष में हैं. हमें इसकी जरूरत है. समस्या को राजनीति करके या सीमित राजनीतिक रूप से प्रेरित जोड़-तोड़ से हल नहीं किया जा सकता है." उन्होंने कहा कि हकीकत तो यह है कि इस देश में जाति का बहुत महत्व है. लोकसभा में तत्कालीन विपक्षी नेता ने कहा था "लेकिन हमारा लक्ष्य क्या है? क्या हमारा लक्ष्य जातिविहीन समाज है?"

### राजीव गांधी ने वीपी सिंह को दी थी चुनौती

राजीव गांधी इस बहस में व्यक्तिगत रूप से भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए जातिविहीन समाज को लक्ष्य मानते थे. राजीव गांधी ने कहा था, "पीएम में खड़े होकर यह कहने की हिम्मत नहीं है कि वह जातिविहीन समाज में विश्वास करते हैं या जातिविहीन समाज में विश्वास नहीं करते हैं. यह बहुत दुखद है सर." उन्होंने आगे कहा कि एक व्यक्ति की जिद को भारत में जाति युद्ध का कारण न बनने दें.

### आरक्षण पर क्या थी राजीव गांधी की राय

राजीव गांधी ने अपने भाषण के समापन में कहा, "सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण सहित हर संभव मदद की जरूरत है और कांग्रेस इसमें आपका समर्थन करेगी. हम चाहते हैं कि इसका लक्ष्य सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों को लक्षित किया जाए, जिसे कांग्रेस पार्टी ने इस साल 30 अगस्त को कार्य समिति के प्रस्ताव में रेखांकित किया है."

# भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक महापंचायत लखनऊ में संपन्न हुई

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ ।भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक महापंचायत लखनऊ में संपन्न हुई इस किसान यूनियन महापंचायत की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की बहुत सारी समस्याएं हैं 28 सूत्री माँग को लेकर को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया है मुख्य मांगों में गन्ने का भाव 400 प्रति कुंतल किया जाए और किसानों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द किया जाए, इस वर्ष भारी वर्षा के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसलों का भारी नुकसान हुआ है उनका सर्वे करवा के किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए किसानों को 60 वर्ष के बाद रुपए 10000 महीने की पेंशन दी जाए, रहीमाबाद व कैथुलिया,दिलावर नगर मलिहाबाद रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज या अंडरपास बनाया जाए ।

# महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर सीएम योगी का खौफ

**महिला अपराधों पर योगी सरकार ने कसी नकेल तो मुकदमा दर्ज कराने आगे आ रहीं पीड़ित महिलाएं**

**जागरूकता के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में महिलाओं के प्रति अपराधों की शिकायतों में हुई वृद्धि**

**पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश में कुल मामलों में दर्ज की गई गिरावट**

लखनऊ, 4 अक्टूबरः 6 वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं एवं बच्चियों से जुड़े अपराधों को कम करने, आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के जो प्रयास किए हैं, उसके चलते न सिर्फ प्रदेश में इन अपराधों में काफी कमी आई है बल्कि हैवानों को सजा दिलाने के लिए पीड़ितों के परिजन भी आगे आ रहे हैं। सीएम योगी के जगाए इस विश्वास के कारण न्याय की आस में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने खिलाफ होने वाले अपराधों की शिकायत करने में कोताही नहीं बरती। नतीजा ये रहा कि एक तरफ जहां प्रदेश के कुछ जिलों में मामलों में वृद्धि दर्ज की गयी है, वहीं पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश भर में कुल मामलों में गिरावट भी दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन को लेकर समीक्षा बैठक में हैवानों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही इन मामलों के मुकदमों को दर्ज करने में हीलाहवाली करने वालों पुलिसकर्मियों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान महिला अपराध को लेकर सख्त कार्रवाई करने वाले टॉप 5 और खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम 5 की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी।

# सबकी समस्या का समाधान करने को सरकार प्रतिबद्धःमुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



गोरखपुर, 4 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की हर समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

# छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित नाटक जाणता राजा विषय पर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गयी

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय और दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी महाराज छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित नाटक जाणता राजा विषय पर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ छत्रपति शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर शतरूद्र प्रताप,सह प्रभारी जाणता राजा, रेशू भाटिया, आशीष गौतम, अध्यक्ष, दिव्य प्रेम सेवा मिशन एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय उपस्थित रहीं । कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्प पौध और अंगवस्त्र से किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए शतरूद्र प्रताप ने कहा कि भारत अध्यात्म की भूमि है ।स्वामी विवेकानंद ने अध्यात्म के द्वारा ही नर सेवा की । जाणता राजा एक ऐसे राजा की कहानी है जो समझदार है, जानकार हैं और अपनी संपूर्ण संवेदना के साथ जनता की सेवा करता है । छत्रपति शिवाजी की युद्ध नीति को भारत ही नहीं विदेशों में पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

1630 में जन्मे छत्रपति शिवाजी ने राज्य संभाला तो अपनी मां जीजाबाई के संकल्प को पूरा किया। उन्होंने मंदिरों की रक्षा की , बीजापुर, गोलकुंडा को जीता।एक नौ सेना की स्थापना की।कृषि, व्यापार, महिलाओं की सुरक्षा जैसे कार्य किए। इसी उद्देश्य के साथ जाणता राजा नाटक का मंचन लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में 26 से 31अक्टूबर को किया जा रहा है। जिसमें लगभग 350 कलाकार हैं भव्य मंच है एक महानायक की गाथा है ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रेशू भाटिया ने कहा कि हमसे आज तक इतिहास को छिपाया गया, हमारे महापुरुषों के त्याग और बलिदान की गाथाएं हमारे सामने नहीं आ सकी, इसी दिशा में यह एक प्रयास है। आजकल हम



पश्चिमी सभ्यता के कारण अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं यदि आप जाणता राजा नाटक देखेंगे तो निश्चित ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने कहा कि हम अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं इसलिए हमें अपनी संस्कृति और महापुरुषों के बारे अवश्य जानना चाहिए । छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। आप सभी छात्राएं यदि यह नाटक देखेंगे तो अपनी संस्कृति और सभ्यता से परिचित होंगी । उन्होंने पांच प्रमुख बिंदुओं पर भी ध्यान देने को कहा , विकसित भारत, आत्मनिर्भरता, गुलामी के प्रतीक, विरासत एवं कर्तव्य पालन के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमें प्रेरित कर रहे हैं। अंत में मुख्य अतिथि डा आशीष गौतम ने कहा कि देश को ऐसे महापुरुष के चरित्र और जीवन की आवश्यकता है इस दिशा में ये नाटक एक सतत प्रयास है । कार्यक्रम में जाणता राजा पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई कार्यक्रम का संचालन प्रो संगीता शुक्ला ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अंकिता पांडे ने दिया । इस अवसर पर सुमन पांडेय, डा अनुभूति, विनीता सिंह, एकता सिंह मितुषी नेगी, मनीषा सिंह एवं महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं और छात्राएं उपस्थित रहीं ।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए यूपी के 762 नगरों के विकास पर योगी सरकार का फोकस

**- सस्टेनिबिलिटी के थ्री पिलर्स पर स्थापित किया जा रहा विकास का योगी मॉडल**

**- सोशल, इन्वॉयरमेंटल और इकोनॉमिकल सस्टेनिबिलिटी के आधार पर नगरों का होगा कायाकल्प**

**- मिशन टू मूवमेंट के माध्यम से हर नगर को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य**

लखनऊ, 4 अक्टूबर। यूपी को अगले पांच साल में वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में जुटी योगी सरकार ने प्रदेश के सात सौ से ज्यादा नगरों को लेकर सुनियोजित ढंग से कार्य करना शुरू कर दिया है। फिलहाल प्रदेश में मौजूद 10 स्मार्ट सिटी सहित सभी नगर निगमों को सेफ और स्मार्ट सिटी के रूप में तेजी से डेवलप किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री की मंशा प्रदेश के 762 नगर निकायों के कायाकल्प के जरिए यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय करने को लेकर है। मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के अनुसार नगरों का विकास सस्टेनेबल ग्रोथ के तीन स्तंभों पर आधारित है, जिससे की विकास की पूरी प्रकिया को स्थाई रूप प्रदान किया जा सके।

### मिशन टू मूवमेंट

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाने के लिए सरकार का फोकस ना केवल आर्थिक मोर्चे पर है बल्कि समाज और पर्यावरण भी सरकार की प्राथमिकता में है। दरअसल, प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यवसाय, सामान्य अवस्थापना, पीने के लिए शुद्ध पेयजल, अस्पताल, बिजली, सड़क और आवास के लिए योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन टू मूवमेंट के जरिए अपना लक्ष्य तय कर रही है। सरकार प्रदेश के विकास के हर मिशन को जनआंदोलन का रूप देना चाहती है। इसी नजरिए के साथ प्रदेश के सभी 762 नगरों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ही डेवलप करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है।

### गेटिंग मोर फ्रॉम लेस

मुख्य सचिव के अनुसार स्मार्टनेस की हमारी अवधारणा गेटिंग मोर फ्रॉम लेस की है। यानी संसाधनों का ऑप्टिमम यूटिलाइजेशन हो। इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ टेक्नोलॉजी पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता है। जैसे, प्रदेश के सभी स्मार्ट सिटी और नगर निगमों को आज इंटिग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (क्ळउउ) से जोड़ा जा चुका है। कोरोना काल में आई ट्रिपल सी ने शानदार काम किया था। मगर आज इनके जरिए एक ही छत के नीचे से पूरे शहर को मैनेज किया जा सकता है। ये आई ट्रिपल सी आज नगरों के नर्व्स और ब्रेन दोनों बन चुके हैं।

### सोशल सस्टेनेबिलिटी

मुख्य सचिव के अनुसार सोशल सस्टेनेबिलिटी के जरिए आम जनता को विकास की प्रक्रिया के साथ जोड़ना है। जनता खुद विकास कार्यों से जुड़े, पर्यावरण के महत्व को समझे, हमारे प्राचीन भारतीय मूल्यों के साथ जुड़कर विकास के कार्यों में सहभागी बने। हर कोई जानता है कि यूपी में नदियों का जाल है, ज्यादातर हिमालयी नदियों में सालभर पानी रहता है। बावजूद इसके कई नदियां मृतप्राय हो गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जनता का नदियों से जुड़ाव खत्म होने लगा था। धीरे धीरे नदियां कूड़ा और औद्योगिक कचरा ढोने वाली वाहिकाएं बनने लगीं। मगर योगी सरकार में यूपी में 50 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया जा चुका है। इसी प्रकार ऐसे तमाम पोखरे तालाब लगभग मर चुके थे। आज उन्हें अमृत सरोवर का रूप दिया गया है। इनके पास अमृत वन बनाए गये हैं। तालाबों पर घाट बन गये हैं। यानी विकास की प्रक्रिया को हमारे मूल्यों के साथ जोड़ते हुए जनता को कनेक्ट करने का कार्य भी किया जा रहा है। क्योंकि विकास को जबतक लोगों के साथ नहीं जोड़ेंगे वो सस्टेनेबल नहीं होगा।

### इन्वायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2070 तक कार्बन फुटप्रिंट को जीरा करने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार भी प्रदेश में लाइफस्टाइल को इनवायरमेंट फ्रेंडली बनाने में लगी है। मुख्य सचिव के अनुसार हमें संसाधनों का दोहन नहीं करना है। बल्कि सरकार का विशेष बल जनता के बिहेवियरल चेंज पर है। सरकार संसाधनों के रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के जरिए एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी के फॉम्यूर्ले पर काम कर रही है।

### इकोनॉमिकल सेस्टेनेबिलिटी

ठीक ऐसे ही इकोनॉमिकल सेस्टेनेबिलिटी में नवाचार के जरिए नई व्यवस्थाएं कैसे क्रियेट करें इसे लेकर सरकार का पूरा फोकस है। आज प्रदेश के युवाओं में इनोवेशन करने की चाहत बहुत तेजी से बढ़ रही है। नये स्टार्टअप तेजी से सामने आ रहे हैं। युवा वर्ग स्टार्टअप के जरिए अपना भविष्य संवारने में जुटा है। हॉर्टीकल्चर, कल कारखाना, पॉवर सेक्टर, रोड सेक्टर, रियल स्टेट जैसे टेक्नोलॉजी से जुड़ सेक्टर के अलावा हर क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर नवाचार हो रहे हैं। दरअसल हर नवाचार में टेक्नोलॉजी केवल लिफाफा भर है। इसमें सस्टेनेबिलिटी तब आएगी जब हम अपने इनोवेशन को समाज और पर्यावरण के अनुकूल रखते हैं। सरकार समाज, पर्यावरण और अर्थतंत्र तीनों के स्थाई विकास के लिए कार्य कर रही है।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों के पुनरीक्षण अवधि तक स्थानांतरण पर लगी रोक।

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार ने जानकारी देते हैं बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 27.10.2023 से प्रारम्भ होकर दिनांक 05.01.2024 तक सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों यथा जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि दिनांक 27.10.2023 से दिनांक 05.01.2024 तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी गयी है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में दर्जी के प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यार्थियों का चयन करने के लिये लिया जाएगा साक्षात्कार।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में दर्जी के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन वेबसाइट ६६६.४िस्रेरी.४स्त्र२ूं.ड्ड५.ल्ल / रें.४स्त्र.ड्ड५.ल्ल पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन के लिए साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र सूरजपुर(कलेक्ट्रेट के निकट/पीछे ईकोटेक 2) ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर के परिसर में दिनांक 07.10.2023 एवं 08.10.2023 को प्रातः 11:00 बजे से 4:00 बजे तक लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय उक्त योजना में प्रशिक्षण के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पासबुक की एक फोटो कॉपी, जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड सही लिखा हो, 10 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नोटरी सहित आदि दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाब: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया**

**सीएम योगी ने कहा- अंग्रेजों की तुष्टीकरण की नीति के खिलाफ आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरूआत की थी**

**बोले सीएम- आर्य समाज के आंदोलनों ने दिए अनेक क्रांतिकारी**



4 अक्टूबर, बस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरूआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था।

सीएम योगी ने बुधवार को होटल बालाजी में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस करता था।

सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा को संस्कारों और आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य आर्य समाज के संस्थापक महर्षी दयानंद सरस्वती ने किया था। उन्होंने कहा कि डीएवी को एक समय देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में से एक माना जाता था, जहां पर वैदिक प्रार्थना और हवन यज्ञ के साथ दिन की शुरूआत होती थी। सीएम योगी ने कहा कि युग प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ पूरा भारत जुड़ रहा है और उन्हें नमन कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। उन्होंने आर्य समाज के उस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जो देश और हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान हमें अपने युवाओं के प्रेरित करना है कि वह आर्य समाज के कार्यों पर शोध करें। इससे हमारी वर्तमान पीढ़ी आर्य समाज के योगदान के बारे में जान पाएगी।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा बस्ती के प्रधान ओम प्रकाश आर्य, महामंत्री दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा विनय आर्य समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पीएम मोदी ने नवरात्रि से पहले दिया मातृशक्ति को उपहार : योगी

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उज्ज्वला योजना की सब्सिडी बढ़ाए जाने के निर्णय को बताया अभिनंदनीय**



लखनऊ, 4 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना की सब्सिडी बढ़ाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे नवरात्रि से पहले मातृ शक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिया गया उपहार बताया। उन्होंने केंद्र सरकार के इस निर्णय को अभिनंदनीय बताते हुए अपने सोशल मीडिया एक्स के अकाउंट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि महिला कल्याण एवं गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के अंतर्गत रसोई गैस पर सब्सिडी को 200 से बढ़ाकर 300 करने का निर्णय अभिनंदनीय है। शारदीय नवरात्रि एवं विभिन्न पर्वों के पूर्व मातृशक्ति को यह उपहार प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक आभार। बता दें कि केंद्र सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर लेने वाले लोगों को बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार ने उज्ज्वला योजना में मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी को बढ़ाकर 300 रुपये कर दिया है। ये फैसला सरकार की ओर से कैबिनेट बैठक के दौरान लिया गया। इससे पहले उज्ज्वला योजना में एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी मिलती थी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने ग्रामीण की समस्या पर किया संवाद

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड अंतर्गत अमझरशरीफ पंचायत के बाला बिगहा में राष्ट्रीय लोक जनता दल की ओर से ग्रामीण संवाद कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। ग्रामीण संवाद कार्यक्रम में शामिल आगुंतकों को प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा के नेतृत्व में अंगवस्त्र व माला के साथ स्वागत किया गया। संचालन डा. राजेश कुमार विचारक ने किया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा , बाला बिगहा , बिरहारा, डिण्डीर, डुमरा , मलहारा, खुटहन के लोगों की समस्यायों को सुना। ग्रामीणों ने हसपुरा देवकुंड पथ की जर्जरता की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।गांव के समस्याओं को भी रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा हम आप से मिलकर समस्या सुनने आए हैं। उन्होंने कहा बिहार का जितना विकास होना चाहिए था उतना नहीं हो सका। शिक्षा का क्षेत्र हो या लोगों की समस्यायों को सुना। इस मौके पर हिमांशु पटेल , सुबास चन्द्रबंशी , रामकुमार वर्मा , अशोक राम ,अंगद कुशवाहा , अशोक मेहता



सिंचाई का सभी जगहों पर बदतर स्थिति है। सरकारी योजनाओं में बिचौलिए पुरी तरह हावी है। जिससे गरीबों को लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व विधायक सह रालोजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने , अजय कुशवाहा , निरंजन कुमार , विनोद कुमार सिन्हा , राकेश कुमार , नंदकिशोर कुशवाहा , नंदु सिंह , श्रीकांत प्रसाद , विकास कुमार ,सचिन कुमार , ओमप्रकाश कुमार , सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# शराब व्यापारी को पांच साल सश्रम कारावास और एक लाख जुमार्ना।

**समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरो चीफ, बिहार झारखंड प्रदेश।**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल उत्पाद कोर्ट वन धनंजय कुमार सिंह ने नगर थाना कांड संख्या -571/21, जी आर -1732/21,टी आर -1638/22 में सजा के बिन्दु पर आज सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि इस वाद में अभियुक्त कुल तीन थे जिसमें अभियुक्त मनोज पासवान और सचिन उर्फ बबुआ को साक्ष्य के अभाव में 26/09/23 को
दोषमुक्त कर दिया गया था और अभियुक्त रंजन उर्फ गोरा पासवान को बिहार मध निषेध उत्पाद एक्ट की धारा 30 ए में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था, आज सजा के बिन्दु पर दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अभियुक्त रंजन उर्फ



गोरा पासवान ठाकुरबाड़ी रोड औरंगाबाद को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है और एक लाख जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर दस माह अतिरिक्त कारावास होगी, उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी शेखर कुमार ने बताया कि इस वाद में पहले निर्णय के तिथि -31/08/23 को रखा गया था तो उस दिन अभियुक्त रंजन उर्फ गोरा पासवान फरार हो गया था तब पुलिस ने छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय लाया था, इस वाद के सूचक पुलिस अवर निरीक्षक बलवंत सिंह ने 04/12/21 को 49.5 लीटर शराब के साथ अभियुक्तों को गिरफतार किया था,
उपरोक्त आशय की जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार सनेही ने दी है।

# दहेज मांगने पर पति और ससुर को हुई सजा

**समाज जागरण,सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता / धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार - झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार) 4 अक्टूबर 2023:-व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्रा ने महिला थाना कांड संख्या-02/20,जी आर -177/20, टी आर -2408/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए आज दो अभियुक्तों को दोषी ठहराया है और पांच अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में बरी किया है, सहायक अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त पियुस कुमार टंडवा दरिहट रोहतास को भादंवि धारा -498 ए / 34 में तीन साल की सजा और तीन हजार जुमार्ना लगाया है तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 में एक साल की सजा और दो हजार जुमार्ना लगाया है वही विंध्याचल सिंह को भादंवि धारा -498 ए /34 में एक साल की सजा और दो हजार जुमार्ना लगाया है तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 में एक साल की सजा और दो हजार जुमार्ना लगाया है, दोनों सजाएं साथ साथ चलेंगी, उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुएअधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक कल्पनिक नाम राधा कुमारी गायत्री नगर मिशन रोड औरंगाबाद ने 09.01.2020 को प्राथमिकी पति पियुस कुमार,ससुर विंध्याचल सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों पर दहेज उत्पीड़न को लेकर कराईं थी जिसमें आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने कार ,सोना के चैन, रूपए की मांग करते हुए नैहर से बातचीत बंद करा दिया था और एक दिन मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया था उसके बाद कभी वापस नहीं लाए थे,

# नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन समिति ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय स्थापना दिवस उत्तर प्रदेश के वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ भवन में किया गया आयोजित- आदित्य श्रीवास्तव.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार )- नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय स्थापना दिवस उत्तर प्रदेश के वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ भवन में आयोजित किया गया. उक्त जानकारी संस्था के आदित्य श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे. उन्होंने आगे कहा कि उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सम्मेलन में 26 राज्यों के कई विभिन्न जिले से लोग शामिल हुए. इस राष्ट्रीय सम्मेलन में औरंगाबाद जिले के निवासी आदित्य श्रीवास्तव को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शुक्ला, उत्तर प्रदेश के भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान लोकसभा सांसद श्री रामपति राम त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी, राष्ट्रीय संगठन सचिव मनीष कुमार शरण, राष्ट्रीय प्रशासनिक जांच प्रभारी गोविंद सिंह, राष्ट्रीय विधि सचिव पंडित सीताराम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय प्रशासनिक जांच प्रमुख डॉ पिंकी पाल पूरी केंद्रीय कमेटी के द्वारा आदित्य को मोमेंटो मेडल देकर नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ राजेश शुक्ला मनीष कुमार शरण ने बताया कि आदित्य हमेशा सामाजिक कार्यों के लिए निस्वार्थ भाव से तत्पर रहते हैं, आदित्य अपने



कार्यों के माध्यम से हमेशा जरूरतमंद लोगों को मदद करने का काम करते हैं, आदित्य ने पूरे देश स्तर पर अच्छे कार्य किए हैं जिससे बिहार राज्य को पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान आदित्य के द्वारा किए गए कार्य एक उदाहरण के रूप में है जिस वक्त इन्होंने प्रवासी मजदूरों को सहायता कर एक मानवता का परिचय दिखाया था। इसीलिए आदित्य को राष्ट्रीय सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। डॉ पिंकी पाल एवं गोविंद सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदित्य अथक मेहनती एवं परिश्रमी व्यक्ति हैं आदित्य अपनी मेहनत से संगठन में बहुत जल्द यह मुकाम हासिल की है इससे पूर्व भी कई बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, आदित्य प्रशासनिक कार्यों में भी असहाय जरूरतमंद लोगों को मदद दिलाने का काम करते हैं, आदित्य अपनी व्यक्तिगत निजी जीवन से हटकर लोगों को बीच सामाजिक जीवन में अपना जीवन व्यतीत करते हैं। सुमित कुमार सिंह, ओम प्रकाश, रणवीर सिंह, आदित्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जिले के लिए हर्ष के बात है की आदित्य को राष्ट्रीय सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है, जिससे आदित्य ने जिले का मन और सम्मान बढ़ाया है। आदित्य को कई जिले के विभिन्न लोग सोशल मीडिया से भी बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं.

# आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओ ने अपनी मांगों को लेकर नबीनगर के प्रखंड कार्यालय मुख्यालय पर छठे दिन भी जारी रखा धरना प्रदर्शन-शांति देवी.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड मुख्यालय पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर छठे दिन भी अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा. बताते चलें कि विगत कई दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठीआंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने कहा कि जब तक मेरी मांगों एवं शर्तों को सरकार नहीं मान लेती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. धरना का नेतृत्व कर रही शांति देवी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बिहार सरकार हर परिस्थितियों में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं से सरकारी कर्मचारियों के तर्ज पर कार्य



ले रही है . लेकिन सरकारी तर्ज पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का सरकार व्यवस्था सुनिश्चित नहीं किया है. जिसके लेकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने कई दिनों से नवीननगर प्रखंड मुख्यालय पर धरना पर बैठी है. उन्होंने आगे कहा कि उक्त मांगों को लेकर बिहार सरकार एवं जिला पदाधिकारी के समक्ष कई बार ज्ञापन भी सौपा गया. कई बार प्रदेश से लेकर जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय तक धरना प्रदर्शन की गई. लेकिन सरकार के कानों तक जू नहीं रेगा. विवश होकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठी है. उन्होंने आगे कहा कि सरकार जब तक मेरी मांगों को नहीं मानती तब तक मेरा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा.

# विद्यालय के छात्र को स्कूल का नियम बताना एक शिक्षक को महंगा पड़ा।

## *एक शिष्य ने गुरु के संबंध को ताड़ ताड़ कर दिया*

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)शिक्षा विभाग के गाइड लाइन को पालन करते हुए विद्यालय के शिक्षक ने मंगलवार को एक छात्र को विद्यालय में जिंस पैंट और बाइक से स्कूल में आने के लिए मना करना भारी महंगा पड़ गया। मामला गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित गंगाधारी उच्च विद्यालय में दसवीं कक्षा का छात्र दीपक कुमार अपने ननिहाल दुलार बिगहा में रहकर पढ़ाई करता था। उक्त छात्र दीपक कुमार को स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार व शिक्षक संतोष कुमार द्वारा समझाया गया कि विद्यालय में जिंस पैंट पहनकर और बाइक से स्कूल नहीं आया जाता है । इसी बात को लेकर शिक्षक व छात्र में नोंक झोंक हुई। शिक्षक ने उक्त छात्र को शिक्षक कक्ष में बैठा दिया। वहीं दीपक ने अपने मोबाइल से फोन कर दुलार बिगहा से अन्य साथियों को बुलाया। जहां जयप्रकाश यादव के पुत्र नितीश कुमार व सकलदेव यादव का पुत्र अनुज कुमार सहित दो अज्ञात अन्य युवक स्कूल पहुंचकर हो हंगामा किया। वहीं स्पोर्ट्स रूम में रखे विकेट हाथ में लेकर शिक्षक संतोष कुमार व प्रभारी अमरेंद्र कुमार पर झपट पड़ा। हालांकि आसपास कुछ छात्र के परिजन मौजूद थे, उन्होंने हंगामा सुनकर विद्यालय में आ पहुंचे और छात्रों को डांट फटकार की। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर पहुंचे देवकुंड थाना एएस आई भोलानाथ चौधरी ने मामले को शांत कराया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि मामले में अब तक लिखित आवेदन नहीं मिली है। मिलने पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हसपुरा बाजार में दुर्गा पूजा का 105वां पूजन समारोह के लिए बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में श्री राम जानकी धर्मशाला स्थित भास्कर नगर के प्रांगण में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हसपुरा बाजार के सभी कमिटीगण एवं बुद्धिजीवों ने एक साथ बैठक किया। बैठक के दौरान सर्व सहमति से पिन्टू चौधरी को अध्यक्ष , आलोक कुमार को उपाध्यक्ष, अभिषेक शौंडिक को सचिव , अमन गुप्ता को उप सचिव एवं महेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया ! नव गठित कमिटी ने बताया कि इस वर्ष आदिशक्ति माता रानी के मंदिर स्थापना का 105 वर्ष पूर्ण हो रहा है। इस बार मंदिर को पूर्ण रूप से फूल और कपड़ों से सजाया जाएगा,बाजार को भी कपड़ा के पंडाल से सजाया जाएगा,दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ,105 वर्ष पूर्ण होने के खुशी में नवमी को रात्रि में श्री गणपति उत्सव समारोह 2023 में सम्मानित हसपुरा



के सनातनी बाल कलाकारों द्वारा मंच से माता रानी का अभिनंदन व वंदना कराया जायेगा ।
नवमी के दिन माता रानी स्वरूप बाल कन्याओं का पूजन किया जायेगा और हलवा पूड़ी का भंडारा किया जाएगा । कमिटी के अध्यक्ष पिन्टू चौधरी ने जानकारी देतें हुये कहा की समस्त ग्रामीणों के सहयोग से दशमी के दिन माता रानी का भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।बैठक दौरान बताया गया कि 104 वर्ष पहले हमारे पूर्वजों ने इस धरोहर को हसपुरा के पावन धरती पर स्थापित कर हसपुरा को धन्य कर दिया । इससे हमारे यूवा पीढ़ी को सिख लेनी चाहिए एवं धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा भी लेना चाहिए । कमिटी के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की माता रानी की सेवा करने का मौका मिला है, ये हम सबों को सौभाग्य की बात है , इसके लिये पूर्व कमिटी को आभार प्रकट किया है।

# एसएसबी 29वीं वाहिनी के तत्वाधान में डोभी प्रखंड के 12 पंचायतों में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकल गई कलश यात्रा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी के कमांडेंट एच. के. गुप्ता के निर्देश पर गया जिला के डोभी प्रखंड के 12 पंचायतो में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकाली गई. इस संबंध में 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) द्वारा सशस्त्र सीमा बल, बल मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा निदेर्शों द्वारा ई-समवाय बीवीपेसरा, 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) के कार्यक्षेत्र में मेरी माटी मेरा देश योजना के तहत डोभी ब्लॉक के कुल 12 पंचायत के मिट्टी को डोभी ब्लॉक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा की उपस्थिति में एक कलस में एकत्रित किया गया.जिसमें ग्रामीण, स्कूली बच्चे, जन प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं मीडिया कर्मियों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया.ज्ञातव्य हो कि देश की राजधानी दिल्ली में



सरकार के द्वारा एक अमृत वाटिका का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसमे देश के समस्त परिवार के घर से मिट्टी और चावल का योगदान वांछनीय है।समस्त एकत्रित मिट्टी एवं चावल को जिला मुख्यालय के माध्यम से देश की राजधानी तक पहुंचाना 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) का लक्ष्य है । इस अवसर पर महोदय ने बताया की अमर शहीदों की याद में देशभर में ह्यअमृत कलश यात्राह्ण निकाली जा रही है तथा ह्यदेश के कोने-कोने से कलशों में मिट्टी लेकर यह ह्यअमृत कलश यात्राह्ण देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी .कलशों में आने वाली मिट्टी को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास ह्यअमृत वाटिकाह्ण बनाया जाएगा. यह ह्यअमृत वाटिकाह्ण ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ण का भव्य प्रतीक भी बनेगी'

# न्यू मिशन लाइफ केयर फाउंडेशन संस्था के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता**

बेरमो अनूमंडल क्षेत्र के अंतर्गत कथारा हॉस्पिटल कॉलोनी राजेंद्र स्मृति भवन मे न्यू मिशन लाइफ केयर फाउंडेशन के द्वारा पांच दिवसीय चिकित्सा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया, इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डी के गुप्ता ने फीता काट कर शिविर का आयोजन किया. संस्था के संस्थापक सुनीता सिंह ने महाप्रबंधक को पुष्प गुच्छ एवं बुके देकर सम्मानित किया. इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहे की इस संस्था के द्वारा गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम किया जा रहा है ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं कर पाते उनके लिए उनके द्वारा निरंतर ग्राम स्तर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण पर शिविर के द्वारा आयोजित करा कर मरीजों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, संस्था के फाउंडेशन सुनीता सिंह ने कहीं की जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं लोगों में बीमारियों का खतरा भी



बढ़ता जा रहा है इनसे बचने के लिए सभी लोगों को एक्यूप्रेशर पद्धति का लाभ लेनी चाहिए तथा इस शिविर में लोगो को थायराइड, हर्निया, नाक, कान, गला, लकवा, माइग्रेन, डायबिटीज ,एवं अनेको प्रकार के रोगों का औषधि रहित चिकित्सा के तहत स्वास्थ्य जागरूकता मिशन पटना के शैलेंद्र कुमार सुजॉक थेरेपी तथा काउंसलर सहायक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा लोगों को इलाज किया जा रहा है इस मौके पर संस्था के सुनील सिंह ,मनोज कुमार सिंह, सुधा सिंह, रोशन कुमार रजक, बाबू मुंडा, शिव शंकर सिंह ,सुमन कुमारी आशा देवी ,अनिता कुमारी, एवं अन्य लोग उपस्थित थे

# गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान के मंडप में बिहार राज्य ग्राम कचहरी सचिव संघ जिला इकाई गया ने अपनी कई सूत्री मांगों को लेकर किया बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- बिहार राज्य ग्राम कचहरी सचिव संघ जिला इकाई-गया की बैठक जिलाध्यक्ष राकेश कुमार की अध्यक्षता में गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान के गांधी मड़प के प्रांगण में आयोजित की गयी.बैठक में ग्राम कचहरी सचिवो के सेवा स्थाई करने,मानदेय वृद्धि,नगर निकाये बनने के कारण हटाए गये कचहरी सचिवो का रिक्त पंचायतो मे समायोजन,ग्राम कचहरी सचिवो के आकस्मिक निधन होने पर आश्रितो को मुआवजा साथ ही अनुकंपा का लाभ मिले जिसके लेकर चर्चा किया गया. साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इन्ही मांगो के समर्थन में बिहार राज्य ग्राम कचहरी सचिव संघ के बैनर तले गर्दनीबाग पटना में आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम मे गया जिले के सभी ग्राम कचहरी सचिव 12 अक्टूबर को जोश खरोश के साथ भाग लेगें .
बैठक मे उपस्थित होने वालों में प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार ठाकुर राकेश कुमार जिला अध्यक्ष-एवं ग्राम कचहरी सचिव क्रांति कुमारी, रीता कुमारी, सुरेंद्र दास, उषा कुमारी , सुलेखा कुमारी, संजीव कुमार ,सुबोध कुमार ,राजीव रंजन , अनुज कुमार का नाम शामिल है.

# डिहुरी पीएनबी ग्राहक सेवा केन्द्र हुआ जल मग्न

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)मौसम में बदलाव के कारण हथिया नक्षत्र में बारिश की



आस लगाए मायूस किसान के चेहरे पर खुशी की लहर व्याप्त है। तो वहीं चार दिनों से लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश के दौरान गोह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जन जीवन अस्त व्यस्त है। वहीं गोह क्षेत्र के अंतर्गत डिहुरी मोड़ के समीप स्थित पीएनबी बैंक के शाखा में भारी बारिश का पानी घुस जाने के कारण आस पड़ोस के ग्राहकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।डिहुरी ग्राहक सेवा केन्द्र के प्रबंधक तथा ग्रामीण पुलिस महबूब ने बताया कि इस बैंक के खाता धारकों को जमा व निकासी करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस क्रम में व्यवस्था को लेकर गोह शाखा प्रबंधक को सूचना दी गई है।

# चोरी गई बाइक पर बीमा कंपनी ने दिया लाभ।

**समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ,बिहार- झारखंड प्रदेश**

जिला उपभोक्ता आयोग औरंगाबाद के अध्यक्ष संजय कुमार और सदस्य बद्रीनारायण सिंह के उपस्थित में प्रबंधक बजाज आलियांज जेनरल एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड औरंगाबाद ने जिला उपभोक्ता आयोग में आज दावाकर्ता नन्द किशोर सिंह बेला औरंगाबाद को तीस हजार रुपए का चेक हस्तगत कराया, यह अन्तरिम क्षतिपूर्ति राशि चेक से प्रदान किया गया, दावाकर्ता के अधिवक्ता भूषण जी ने 40 हजार क्षतिपूर्ति और जानबूझकर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के लिए एक लाख क्षतिपूर्ति राशि के लिए 01/04/21 को केश दर्ज कराई थी,
उपरोक्त आशा की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नन्द किशोर सिंह 18/06/20 को इलाज के लिए डिहरी अवस्थित सुनील बोस के अस्पताल में गए थे, वहीं से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली, नन्द किशोर सिंह ने डिहरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई और अनुसंधानकर्ता ने घटना को सत्य पाया,इसकी लिखित जानकारी बीमा कंपनी को आवेदक ने दिया और बीमा समय संविदा के आधार पर क्षतिपूर्ति की मांग की,जिसपर बीमा कंपनी ने टालमटोल किया करते थे, आवेदक ने वकालत नोटिस भेजकर न्याय के लिए जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया,

# रघुनाथगंज से दो शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 4 अक्टूबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज से दो शराबी को पुलिस गश्ती के दौरान गिरफ्तार किया गया है।पि एस आई राजीव कुमार एवम सशस्त्र बल ने नशे की हालत में गोविंद राम पिता



नरेश राम और बबन राम पिता स्व रामजी राम दोनों थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी को रघुनाथगंज के समीप से गिरफ्तार किया है
थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार किए गए उक्त दोनो को रेफरल अस्पताल में शराब पीने की पुष्टि के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है

# शराब के पुराने मामले मे एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 4 अक्टूबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर गांव



से शराब के पुराने मामले मे एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के अधार पर ए एस आई तारकेश्वर तिवारी एवम सशस्त्र बल ने शराब के पुराने मामले मे फरार चल रहे अभियुक्त शंभू सिंह पिता स्वर्गीय नंदकिशोर सिंह ग्राम रामनगर को घर से गिरफ्तार किया है।
मामले मे थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब के पुराने मामले मे फरार चल रहे उक्त व्यक्ति को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है

# औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह गुरुआ विधानसभा क्षेत्र भाजपा के पूर्व विधायक राजीव नंदन दांगी के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता**

सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इनका निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।पूर्व विधायक राजीव नंदन दांगी सामाजिक एवं मिलनसार



व्यक्तित्व के धनी थे।इन्होंने आजीवन राजनीतिक एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका अदा की इनका निधन मेरे लिए ब्यक्तिगत क्षति है।समाज के प्रति उनकी सेवा और जिले में पार्टी को मजबूत बनाने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा इनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।इनका निधन की भरपाई निकट भविष्य में नही की जा सकती है।ईश्वर से प्रार्थना करता हुँ कि दिवंगत आत्मा को शांति दे और इस अपूरणीय क्षति की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों को दुःख सहन करने का धैर्य और संबल प्रदान करें।इनके निधन पर गया भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिन्टू,बिहार भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,अनिल सिंह,लोकसभा प्रभारी राजेन्द्र तिवारी,लोकसभा विस्तारक विकास राय उर्फ भोजपुरिया बाबा,लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,भाजपा जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,मंच,मोर्चा,प्रकोष्ठ संयोजक एवं भाजपा कार्यकर्ता,समाजसेवी,बुद्धिजीवी लोगो ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# बाजार में उपलब्ध है कफ सिरप, तस्करी की योजना विफल

## ● मोटरसाइकिल सहित तस्कर गिरफ्तार, कफ सिरप व एन10 सहित नगद रुपये खोरीबारी पुलिस ने की जब्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खोरीबारी(दार्जीलिंग) । खांसी के रूप इस्तेमाल की जाने वाली कफ सिरप बाजार में उपलब्ध है । जिसे देते समय विक्रेता डॉक्टर की पर्ची देखने की जहमत भी नहीं उठाते हैं । वहीं वर्तमान पीढ़ी के युवा भी अधिक पैसे कमाने की लालच में ड्रग्स कारोबारियों के चंगुल में फंसकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर लेते हैं ।

खोरीबाड़ी पुलिस ने कफ सिरप और नशीली टैबलेट के साथ एक युवक को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए युवक का नाम 29 वर्षीय जयंत बर्मन बताया गया है, जो पानीटंकी के गौरसिंहजोत इलाके का रहने वाला है।



खोरीबारी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर खोरीबाड़ी-गलगलिया थाना के सीमा चक्करमारी में एक बाइक चालक को रोककरे तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली एन10 टैबलेट के साथ नगद करीब 3 लाख 43 हजार रुपये बरामद हुआ । जिसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले खोरीबारी थाना लाया । आवश्यक कार्रवाई के हिरासत में लिये गए युवक को बुधवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

# कार के दरवाजे में बने गुप्त चैंबर से लाखों का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ**

(दार्जिलिंग): सिलीगुड़ी में कार के दरवाजे में बने गुप्त चैंबर से लाखों का गांजा बरामद किया गया है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और भक्ति नगर थाना की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर इसका खुलासा किया है। वहीं, इस मामले में दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम श्रीमंतों बर्मन और तरुण बर्मन है। दोनों कूचबिहार के निवासी है।

बताया जा रहा है कि पीसी मित्तल बस स्टैंड में गुप्त सुचना पर एसओजी और भक्ति नगर थाना की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान संदेह के आधार पर एक कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी



के दौरान कार के दरवाजे में बने गुप्त चैंबर से 25 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य लाखों रुपया है।

दरअसल, तस्करों ने कार में गुप्त चैंबर बनाकर कूचबिहार से सिलीगुड़ी के रास्ते दालखोला में तस्करी की योजना बनाई थी। इससे पहले एसओजी और भक्ति नगर थाना की पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कल जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा।

# सिक्किम में प्राकृतिक आपदा! एनजेपी स्टेशन पर फंसे पर्यटक और श्रमिक

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग)**

सिक्किम में आए प्राकृतिक आपदा की वजह से सिलीगुड़ी-सिक्किम राष्ट्रीय



राजमार्ग बंद हो गया है। आपदा का असर पर्यटन उद्योग पर पड़ रहा है। सिलीगुड़ी - सिक्किम के बीच सभी सार्वजनिक और निजी बस सेवाएं बुधवार सुबह से बंद कर दी गई है। इससे सिलीगुड़ी आने वाले पर्यटक, श्रमिक व यात्री परेशान है। एनजेपी स्टेशन पर कई पर्यटक, श्रमिक व यात्री फंसे हुए है। छोटे वाहन यात्रियों को वैकल्पिक सड़कों से ले जाने के लिए दोगुना किराया ले रहे है।हालांकि कुछ लोगों के लिए यह संभव है, लेकिन श्रमिकों के लिए अतिरिक्त किराया देना संभव नहीं है। नतीजतन वे स्टेशन पर अटके हुए है। इस बीच, कई लोग जरूरी काम से सिक्किम जाने के लिए मंगलवार को सिलीगुड़ी पहुंचे थे। सुबह आपदा की खबर सुनकर वे चिंतित है।

# शांति सद्भावना भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील किया पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव

समाज जागरण

भागलपुर (बिहार) नवरात्रि नौ दिनो का त्यौहार है ।जिसको हमारे हिंदू समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाते है। इन दिनों देवी की नौ रूपों की पूजा अर्चना आनंद और हर्षोल्लास के साथ किया जाता है।त्योहार को लेकर जिले में चर्चित विकास पुरुष भागलपुर नाथनगर का लाल पप्पू यादव कहते हैं ।यह त्यौहार देश के अलग-अलग हिस्से तथा अलग-अलग विधि विधान व परंपरा के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि के समय श्रद्धालु बड़े उमंग आनंद के साथ नवरात्रि मनाते हैं ।हालांकि इस त्यौहार पर एक ही देवी को नौ अलग-अलग रूपों में पूजा जाता है।लेकिन सभी के अनुष्ठान अलग-अलग है ।हम आपको बता दें कि नवरात्र का अर्थ नौ रात है जिसमें सभी देवी भक्त उपवास रखते हैं, और माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हैं।प्रथम शैलपुत्री माता दुर्गा है। जो एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में कमल का फूल लिए हुए हैं ।भक्त माँ शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए शुद्ध घी अर्पित करते हैं। दूसरे दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। यह एक हाथ में रुद्राक्ष तो दूसरे हाथ में कमंडल लिये रहती है ।यह देवी माँ पार्वती का ध्यानपूर्ण रूप है, माँ ब्रह्मचारिणी परिवार की दीर्घायु के लिए आशीर्वाद प्रदान करती है। तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा की पूजा किया जाता है। यह अपने भक्तों के



सभी प्रकार के दुखों का नाश करती है। चौथा दिन माँ कुष्मांडा का पूजन किया जाता है। यह बुद्धि व निर्णय लेने की क्षमता को सुधारने के लिए मानी जाती है। पांचवें दिन स्कंद माता की पूजा की जाती है। यह कमल पर विराजमान रहती है। छठे दिन माँ कात्यायनी की पूजा समर्पित है। यह सिंह पर सबार रहती है, सातवां दिन महाकाल रात्रि की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। यह चार भुजाओं वाली देवी है एक हाथ में तलवार दूसरे हाथ में त्रिशूल यह गधे की सवारी करती है ।उनके माथे पर तीसरा नेत्र भी होता है कहा जाता है कि इसमें पूरा ब्रह्मांड समाया रहता हैं ।आठवां दिन देवी महागौरी की पूजा की जाती है। जो बैल या सफेद हाथी पर सवार होती है। श्रद्धालु इन्हें नारियल का भोग लगाते हैं नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना होती है ।ऐसे देखा जाए तो भागलपुर नाथनगर पूजा शांति समिति अध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा किसी भी त्यौहार पर शांति सद्भाव भाईचारे का संदेश स्थापित करते हैं। विजयादशमी के दिन भागलपुर नाथनगर कीट मैदान में सिटीयस मैदान में भव्य रूप से मेला का आयोजन किया जाता है। 2 दिन के बाद भारत मिलाप भरत मिलाप का भी आयोजन होता है ।मौके पर सभी पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहते।राजेश दास, जनार्दन ठाकुर अभिनंदन यादव प्रवीण यादव व अन्य ।

# वारसलीगंज निवासीयों के लिए यह सजा-ए-काला पानी है, संतोष कुमार

**समाज जागरण**

भागलपुर बिहार वार्ड 49 एवं 50 स्तिथ वारसलीगंज मोहल्ला मैं वार्ड पार्षद के द्वारा दूषित नाली का पानी रोड पर आने को लेकर हो रही समस्या के खिलाफ पार्षद वार्ड 49,50 एवं 51 के साथ पार्षद एकता मंच के जनप्रतिनिधि के द्वारा धरना दिया गया। जिसमें दूषित नाली के गंदे पानी में बैठकर पूर्ण समर्थन भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया।भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की वारसलीगंज निवासीयों के लिए यह सजा-ए-काला पानी है। हल्की बारिस से नारकीय स्थिति हो जाति है। नाली का गंदा पानी और कचरा सड़क पर बहता है। हमारे पर्व त्यौहार दुर्गा काली एवं छठ पूजा में साफ सफाई का विशेष महत्व है, उसे लेकर निगम प्रशासन संवेदनशील नहीं है। शहर के नालों की सफाई और कचरा उठाव पर ध्यान देने की बात कही जा रही थी, लेकिन जब बारिश हुई तो फिर वही नारकीय स्थिति सामने आ गई।नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलभराव से मोहल्ले के कई लोग डेंगू, टाइफाइड एवं मलेरिया की चपेट में आ गए हैं। 25 वर्षीय युवती की मौत डेंगू के कारण हो गई हैं। अभी कई लोग प्राइवेट हॉस्पिटल में अपना इलाज करवा रहे हैं और शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक तनाव झेल रहे है। इस क्षेत्र के सभी लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर



पड़ रहा है। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही आज भागलपुर शहर की सड़कों पर भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है।मंडल अध्यक्ष सह वार्ड 50 के पार्षद पंकज गुप्ता ने कहा की दक्षिणी क्षेत्र की आबादी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। नगर निगम को इस क्षेत्र से टैक्स के रूप में अच्छा-खासी आय प्राप्त होती है निगम प्रशासन के सौतेले व्यवहार से यह क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है।जल निकासी यहां की बड़ी समस्या है। हल्की बारिश में ईश्वरनगर के आसपास जलजमाव की स्थिति बन जाती है। लोगों को सोचना पड़ता है कि कैसे 'मुख्य भागलपुर' पहुंचें? बदहाल ड्रेनेज सिस्टम और पेयजल की समस्या ने जनजीवन पर गहरा प्रभाव डाला है।भाजपा प्रवक्ता सह वार्ड 51 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शशि मोदी ने कहा की स्वच्छता प्रभारी आदित्य जायसवाल दक्षिणी क्षेत्र के साथ कर रहे है सौतेली मां जैसा व्यवहार। सड़कों पर नाली का पानी आने से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। हथिया नाले की उड़ाही नहीं होने के कारण हल्की बारिश होने पर भी शहर के दक्षिणी क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जब स्वच्छता प्रभारी से कार्यालय में समस्या को लेकर मिलने जाते है तो वो गलत व्यवहार करते है। धरना में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी उपस्थित हुए।

# खोरीबाड़ी पुलिस द्वारा फिर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली टैबलेट के साथ एक युवक गिरफ्तार।

**रंजीत कुमार पोद्दार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी थाना पुलिस ने फिर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ



सिरप और नशीली टैबलेट बरामद की है। इसके साथ में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम जयंत बर्मन खोरीबाड़ी के पानीटंकी के गौरसिंहजोत इलाके का रहने वाला है। मिली जानकारी अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर खोरीबाड़ी के बांग्ला-बिहार सीमा पर चक्करमारी इलाके में एक संदिग्ध बाइक चालक युवक को पकड़ा गया। जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली टैबलेट के साथ नगद करीब 3 लाख 43 हजार रुपये बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाने में मामले को दर्ज कर बुधवार को गिरफ्तार युवक को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। बताया की युवक सिलीगुड़ी में कई बार नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार हो चुका है।

# राजद कार्यकताओं ने प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय बैठक कर मेरा बूथ सबसे मजबूत विषय पर हुई विशेष चर्चा

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार )जिला अन्तर्गत पीरपैती राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर उनके तस्वीर पर आरजेडी के सभी कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा हमारा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत बूथ कमिटी में सभी बूथों पर 3 महिला 2 युवा एवं दो बी एल ए सदस्य का चयन एवं घर घर झंडा कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय बैठक पीरपैंती दक्षिणी प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साह, पीरपैंती उत्तरी प्रखंड अध्यक्ष मुरली यादव एवं नगर अध्यक्ष पीरपैंती महोम्मद जांनिसार असलम की संयुक्त अध्यक्षता में प्रियदर्शिनी विवाह भवन पीरपैंती में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव पीरपैंती के पूर्व विधायक श्री रामविलास पासवान जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रखंड प्रधान महासचिव महोम्मद चांद अली जी ने किया।

वहीं राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा - संगठन के विस्तार के लिए प्रदेश द्वारा निर्देशित जिला के सभी बूथों पर 3 महिला 2 युवा एवं दो बी एल ए सदस्य को जल्द से जल्द राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में जमा करें। एवं घर घर झंडा कार्यक्रम के तहत जिला के सभी जिला पदाधिकारी से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ता साथी अपने अपने घरों पे पार्टी का झंडा लगाए। एवं पार्टी को मजबूत बनाएं।

वहीं बैठक में आए अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नटबिहारी मंडल जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा - आगामी 05 अक्टूबर को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के



प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सहनी जी के भागलपुर आगमन पर स्वागत सम्मान समारोह एवं अति पिछड़ा महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर 05 अक्टूबर को दिन के 11:00 बजे मौर्या विवाह भवन जीरो माइल भागलपुर में आने को आमंत्रित भी किए।

साथ ही पूर्व विधायक जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा - पार्टी की जीत शुनिश्चित करने के लिए सब को मिलकर एक साथ मेहनत करना होगा ,

आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ राजद नेता गोपीचंद यादव,जिला परिषद सदस्य सह जिला महासचिव कैलाश प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार उर्फ पप्पू, जिला उपाध्यक्ष रोहित यादव, जिला सचिव महोम्मद इरफान,उमर फारूक, पंचायत अध्यक्ष हरिणकोल शत्रुघ्न यादव,दिनेश यादव, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन, जिला सचिव नरेश यादव, अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर,विवेकानंद यादव, पंचायत अध्यक्ष बाबूपुर ब्रह्मदेव यादव, राजाराम यादव, रामगोपाल केडिया, मनोज कुमार पाण्डेय, शहनवाज खान, मनोज पासवान,सुमन जयसवाल, आजाद यादव,गोपालीचक शैलेन्द्र यादव,परशुरामपुर प्रीतम कुमार,गोविंदपुर विपिन कुमार बिहारी,अबु कमर उर्फ डायमंड, रियाजउद्दीन अंसारी, संतोष कुमार गोस्वामी,मोहन कुमार यादव, प्रभात कुमार, सदानंद यादव,एवं जिला मिडिया प्रभारी मंजीत ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# बिहपुर प्रखंड के उप प्रमुख एनामुल ने नल जल का अधूरा कार्य करने के संबंध में,बीडीओ को दिए आवेदन

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर -(बिहार) बुधवार को बिहपुर प्रखंड के उप प्रमुख एनामुल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सत्यनारायण



पंडित को नल जल कार्य में अनियमितता और रोड तोड़ने के बाद पीएचईडी के जोईई रिपेयरिंग नहीं करने के संबंध में लिखित आवेदन दिया है। उप प्रमुख एनामुल ने कहा बिहपुर जमालपुर पंचायत के वार्ड नंबर 11 और 12 में नल जल योजना कार्य 15 महीना बीत जाने के भी बाद रोड की रिपेयरिंग नहीं हुआ है ।साथ ही साथ लगभग 70 घरों में नल जल का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है । उप प्रमुख ने कहा की बिहपुर जमालपुर पंचायत पीएचईडी के जोईई से मिलकर भी इनकी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूर भाषा पर जब संपर्क किया गया उन्होंने कहा कि आवेदन मिला है आवेदन के उल्लेख में जांच की जाएगी। वहीं बिहपुर प्रखंड की बीपीआरओ काजल कुमारी ने बताया की बिहपुर जमालपुर पंचायत के पीएचईडी के जोईई से दूर भाषा पे जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि बरसात खत्म होने के बाद जो भी समस्या है उसका निदान कर दिया जाएगा। एक सवाल तो यह उठता है कि आखिर 15 महीने वित जाने के बाद भी सड़क का रिपेयरिंग नहीं किया गया। और वर्षा होने के बाद गड्ढे में पानी जमा होने के कारण दुर्धटना होने संभावना बनी रहती है।

# बिहपुर प्रखंड का बदहाल सड़क ग्रामीण सहित छात्र छात्राएं बीमार व्यक्ति तक परेशान

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) बिहपुर प्रखंड़ का यह सड़क बिहपुर एनएच 31 को जोडते हुये बिहपुर के मधू सूदन सर्वोदय ,+ 2 कॉलेज , बिहपुर हॉस्पिटल ,बिहपुर खेल स्टेडियम , बिहपुर रेलवे को जोड़ते हुए नेशनल हाइवे को जोड़ती है यह सडक कई वर्षो से जर्जर स्थिती मे है सडक मे कई जगह बडा बडा गडडा बन गया हैा स्कूल ,कॉलेज ,हासपिटल जाने बाले लौगो को काफी परेशानी उठानी पर रही है। उपस्थित ग्रामीण करार खान, मनीष भूषण शर्मा ,सूरज पटेल ,मिंटू कुमार, सद्दाम आलम, आदि ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से इस सड़क की मांग करते-करते थक चुके हैं पता नहीं यह सड़क कब बनेगी।

# कैलाशपति मिश्र की जन्म शताब्दी कार्यक्रम मैं भागलपुर के भाजपा कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा, संतोष कुमार

समाज जागरण

भागलपुर बिहार भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा 05 अक्टूबर को भाजपा के संस्थापक सदस्य और बिहार भाजपा के भीष्म पितामह माने जाने वाले श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र के 100 वीं जयंती को बिहार भाजपा जन्म शताब्दी वर्षगांठ के रूप में मनाएगी।पटना के बापू सभागार में आयोजित भव्य जयंती समारोह का आयोजन होगा।इस जयंती समारोह का शुभारंभ करने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी आएंगे।जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने बताया कि इस कार्यक्रम में भागलपुर जिला के सभी प्रदेश पदाधिकारी,विधायक,विद्यान पार्षद सदस्य,जिला पदाधिकारी, सभी मंच-प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष,महामंत्री,शक्ति केंद्र प्रमुख हिस्सा लेंगे। जिसमें वे श्रद्धेय मिश्रा जी के भाजपा में दिए गए योगदान को जान सकेंगे। उनकी जयंती के अवसर पर भागलपुर की धरती से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बापू सभागार पटना जायेंगे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 102 मोबाइल फोन बरामद कर पुलिस ने मोबाइल धारकों को सैपा

**समाज जागरण राम बालक राम**

मोतिहारी (बिहार) ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार कार्रवाई कर रही है। जिला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 102 लोगों के चेहरे की



मुस्कान वापस लौटाई है। दरअसल पुलिस ने खोये अथवा चोरी हुए 102 मोबाइल फोन को बरामद कर उसके असली धारक को सौंप दिया है। जिला पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने मोबाइल धारकों को उनका फोन वापस किया। अपना मोबाइल दोबारा से पाकर सभी लोग खुश दिखे। लोगों ने पुलिस के इस अभियान की तारीफ की। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के इस पांचवे अभियान के पूर्व चार चरणों में 270 मोबाइल को उनके असली धारक को सौंपा है। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मोबाइल और बाइक बरामद कर उसके असली मालिक को सौंपा है। पिछले जून महीने में ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिला पुलिस ने 56, जुलाई महीने में 72, अगस्त महीने में 70 और सितंबर महीने में 72 चोरी अथवा गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उनके असली मालिक को सौंप चुकी है। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक कुल 372 मोबाइल बरामद किया है।

# पशु समाज के लिए मूल्यवान हैं और पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित करते हैं: श्री परषोत्तम रूपाला

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा विश्व पशु दिवस 2023 आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री, डॉ.संजीव बालियान भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। साथ ही, कार्यक्रम में संयुक्त सचिव, डॉ ओ पी चौधरी, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग में आयुक्त, डॉ अभिजीत मित्रा और भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष, डॉ ओ पी चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल थे। श्री रूपाला ने कार्यक्रम में पशुओं के लिए काम करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को भी सम्मानित किया।

श्री परशोत्तम रूपाला ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति में पशुओं से जुड़ी कई परंपरायें हैं जिन्हें सूचीबद्ध और लिपिबद्ध कर भारतीय जन्तु कल्याण बोर्ड को प्र-काशित करना चाहिए ताकि दुनिया को इन परंपराओं का पता चले। उन्होंने कहा कि अब सारे लोग वही मानेंगे जो हम कहेंगे। हम जो कहेंगे उसी पर सोचने के लिए अब सारे लोग मजबूर होंगे। अब वन हेल्थ वाले क्यों आयेः कोरोना के बाद दुनिया को समझ में आया कि पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में सोचेंगे तो उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। इसलिए अब हमारे ही स्वास्थ्य के बारे में नहीं सोचना है सभी प्राणियों के स्वास्थ्य के बारे में सोचना पड़ेगा और सारे पर्यावरण का ख्याल रखेंगे तो ही हम बचेंगे। पशु समाज के लिए मूल्यवान हैं और पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित करते हैं।

श्री रूपाला ने कहा कि हमारे देश में पशुओं से जुड़ी कई परंपरायें हैं। ये हमारे राष्ट्र व संस्कृति की देन हैं।

# बांका जिले में धोरैया अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने धोरैया सीडीपीओ कार्यालय के बाहर दिया धरना

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) अपनी लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ कार्यालय के बाहर दिया धरना, सरकार के खिलाफ किया गया प्रदर्शन, अपनी मांगों को लेकर हड़तालित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ के कार्यालय के बाहर धरना दिया, इसमें बिहार सरकार अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 10000 सुनिश्चित करने के भुगतान देने केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए, आंगनबाड़ी सेविकाओं को 25 000 और सहायिका को 18000 प्रतिमाह मानदेय व अन्य मांगे शामिल है, बताया गया कि बिहार राज आंगनबाड़ी संयुक्त संगत समिति की आवाहन पर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका हड़ताल पर हैं, वही अपनी मांगों को लेकर सेविकाओं व सहायिकाओं हड़ताल पर जाने से बांका प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर लगा रहा ताला!

# अखंड भारत वैदिक पत्रकार महासंघ की हुई बैठक दिल्ली में

**समाज जागरण**

बिहार - नई दिल्ली के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल पोद्दार से आज उनके आवास पर मिलने पहुंचे संगठन के



बिहार प्रदेश अध्यक्ष असाद इकबाल, लूशी, संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रंजन कुमार ,शाह कुंदन कुमार, असाद इकबाल , गोपाल पोद्दार और पांच संगठनों के संस्थापक सदस्य आशीफ राज, ने उक्त पांचो संगठनों पर विस्तार से चर्चा कर अखंड भारत वैदिक पत्रकार महासंघ नई दिल्लीको पुरे देश में लोगों तक समाचार पहुंचाने व लोगों को जोड़ने का सभी पत्रकार से अपील किऐ।

# थल सेना कर्नल रोशन सिंह की माता का निधन, परिवार में फैला शोक की लहर

**समाज जागरण**

खगड़िया (बिहार) जिले के परबत्ता प्रखंड के माधवपुर पंचायत निवासी




रौशन सिंह जो थल सेना मे कर्नल के पद पर तैनात हैं, जिनकी माता का लंबी बीमारी से जूझने के दौरान मौत हो गई, झारखंड के अस्पताल में अंतिम सांस ली उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव लाया गया जहाँ क्षेत्र के लोगों ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया और अगवानी गंगा घाट पर परंपरागत तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया है

## जिलाधिकारी के द्वारा कृषि विभाग को लेकर की गई समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

जिला मुख्यालय सासाराम समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नही है। वर्तमान में 50 हजार मीट्रिक टन की आवश्यकता है, जबकि उपलब्धता इससे अधिक है। खाद्य का रैक प्वाईंट सासाराम मे अवस्थित है, जिसके कारण थोक व खुदरा विक्रेताओं को खाद्य उपलब्ध कराने में कोई समस्या नही है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किस प्रखंड को तथा किस दुकानदार को कितनी खाद्य की मात्रा उपलब्ध करायी जानी है, इसका निर्धारण संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। जिला कृषि पदाधिकारी एक ग्रुप का निर्माण करेंगे, जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी जुड़ेगे। रैक आने पर तथा विक्रेताओ को उर्वरक उपलब्ध होने पर ग्रुप मे मैसेज करेंगे। दुकान से उर्वरक निकलने से पहले पॉस पर इन्ट्री होना आवश्यक है। बिना इन्ट्री के उर्वरक विक्रेता की दुकान से बाहर नही जायेगी। विक्रेता उर्वरक वितरण की पंजी भी संधारित करेंगे। उर्वरक निर्धारित विक्रय स्थल पर भण्डारित होगी। घर में उर्वरक का भण्डारण विक्रेता द्वारा कदापि नही किया जायेगा। दुकान सही समय पर खुले इसकी जिम्मेवारी जिला कृषि पदाधिकारी की होगी। अंचलाधिकारी समय-समय पर सत्यापन करेंगे। विक्रेता को उर्वरक उपावंटित करने से पूर्व स्थानीय विक्रेता के माध्यम से तृतीय चरण के लिए उर्वरक की आवश्यकता का अकलन कर लेंगे। तत्पश्चात आकलन के आधार पर थोक विक्रेता से उर्वरक का आवंटन किया जायेगा। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कहाँ गया कि कृषकों को प्रशिक्षण हेतु विभिन्न स्थलों पर भेजा जाता है। प्रशिक्षण प्राप्ति के पश्चात कंभर्जेस का आकलन जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।



उद्यान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला मे कोई भी सेंटर ऑफ एक्सलेंस कार्यरत नही है। वहाँ की भूमि बलुई / दोमट है, जो फल उत्पादन के लिए बेहतर है। अमरूद, आम आवला लिची के बाग लगाने की योजनाएं संचालित है। आम के बाग 9.8 हेक्टेयर के क्षेत्र में लगाया जा चुका है। कोचस प्रखंड के लोग तुलसी उत्पादन के प्रति उत्सुक हैं। इनको संबंधित योजना से टैग करने का प्रयास किया जा रहा है। किसान सम्मान योजना से अधिकतम किसानो को लाभावित करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषि समन्वयक के माध्यम से पंचायतवार किसानों की संख्या का आकलन कराते हुए प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मे किसानो का डाटाबेस तैयार करें। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 2.10 लाख किसानो को इस योजना से लाभांवित किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि बुधवार एवं बृहस्पतवार को विभाग के सभी पदाधिकारी अनिवार्यरूप से क्षेत्र भ्रमण करेंगे। किसानो की समस्याओं का निराकरण करेंगे तथा प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध करायेगे। यांत्रिकीकरण के संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 मे 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण रोहतास द्वारा बताया गया कि 110 प्रकार के यंत्र है। जिसपर अनुदान दिया जाना है। जिस हेतु 472 लाख रुपए की आवंटन की स्वीकृति प्राप्त है।

## मोबाइल झपट्टा मारकर भाग रहे किशोर को स्वच्छता कर्मी ने पकड़ा

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को सेंदुआर- भानपुर पथ पर सुबह टहल रही महिला से एक किशोर मोबाइल झपट्टा मारकर भाग रहा था जहां उसे दौड़ाकर स्वच्छता कर्मियों ने पकड़ लिया। घटना की जानकारी सेंदुआर मुखिया अशोक कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि सुबह में टहल रही महिला का एंड्राइड मोबाइल को एक किशोर ने झपट्टा मारकर भाग रहा था। वहीं महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर घुम रहे स्वच्छता कर्मी ने मोबाइल झपट्टा मार को दौड़ाकर पकड़ लिया। मौके पर जुटे ग्रामीण व अन्य लोगों ने जब पूछताछ की तो वह अपना घर बाद बताया। जिसे



कुछ बुजुर्ग ग्रामीणों ने उसके अभिभावक को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ दिया । घटना के संबंध में बताया जाता है कि भानपुर निवासी राजू साह की पत्नी रीता देवी मॉर्निंग वॉक के दौरान मोबाइल से बात करते टहल रही थी कि इस बीच नोखा थाना क्षेत्र के बाद निवासी एक किशोर शेखर कुमार मोबाइल झपट्टा मारकर भागने लगा। साफ सफाई को लेकर घूम रहे स्वच्छता कर्मी जानी पासवान ने उसे पकड़ लिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीण किशोर को घेर कर मारपीट की तैयारी करने लगे। लेकिन बुजुर्गों के समझाने के बाद ग्रामीणों ने किशोर के अभिभावक को बुलाकर चेतावनी देते हुए उसे छोड़ दिया गया।

## बजार के नोखा रोड़ में जल जमाव व कीचड़ से परेशानी

### *सड़क पर जल जमाव रोकने के लिए करोड़ों की लागत से पीडब्लूडी ने किया है नाली निर्माण*

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर बाजार के नोखा रोड में चौक से ग्रामीण बैंक तक लगभग दो सौ मीटर की दूरी में सड़क पर सालों दिन जल जमाव बना हुआ है। हल्का सा बारिश होने पर सड़क झील में तब्दील हो जा रहा है। जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रखंड का सबसे बड़ा बाजार होने के नाते प्रतिदिन छोटे बड़े सैकड़ो वाहन व हजारों लोग इस सड़क से गुजरते हैं। उक्त जगह काफी भीड़ भांड वाली है। जल जमाव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। पीएनबी व ग्रामीण बैंक में जाने वाले ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। सड़क के दोनों किनारे के दुकानदार भी परेशान हैं। सब कुछ देखते हुए भी प्रशासन व पथ निर्माण विभाग मुक दर्शक बना हुआ है।कहते हैं क्षेत्र के समाजसेवी सनी वर्मा,अतुल चौबे, सुनिल चौबे,भाजपा नेता ज्ञानचंद शाह,उमेश गुप्ता,राजेश कुशवाहा,श्री भगवान तिवारी,दिनेश तिवारी,डा रामाकान्त दुबे समेत अन्य ने बताया कि पथ निर्माण विभाग पीडबल्यूडी ने कुछ दिनों पहले हीं इस सड़क का निर्माण किया है। दो वर्ष पहले सड़क पर जल जमाव रोकने के लिए बजार के डिहरी,नासरिगंज व नोखा रोड़ में करोड़ खर्च कर पीडब्लूडी ने काव



नदी तक चौड़ा नाली का निर्माण किया है.बावजूद भी सड़क पर सालों दिन जल जमाव व कीचड़ बना हुआ है। नाली का निर्माण सड़क के लेवल से ऊपर किया गया है। जिस कारण जल जमाव व कीचड़ हो रहा है। जब तक ग्रामीण बैंक से चौक तक सड़क का पुनः निर्माण नहीं होगा,नाली में पानी जा पाना मुश्किल है।पंचायत के मुखिया रंजू देवी व उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह व नोखा रोड़ स्थित दुकानदार सुरेन्द्र साह,चन्दन कुमार समेत अन्य ने बताया कि दस दिन पहले सड़क विभाग के एसडीओ कृष्ण कुमार उक्त जल जमाव का निरीक्षण हेतु आये थे।अगले सुबह से नाली की सफाई व जल जमाव की समस्या का समाधान करने का अश्वासन देकर वापस हुए थे।

**कहते हैं पदाधिकारी---**

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ कृष्ण कुमार ने बताया कि जल जमाव की समस्या का निरीक्षण किये हैं।सड़क के उत्तरी छोर पर बने नाली का निर्माण पीडब्ल्यूडी ने नहीं किया है। जिस कारण उसकी सफाई करना हमारी जिम्मेदारी नहीं बनती है। दक्षिणी छोर पर बने नाले की सफाई कर पानी को जल्द हीं नाली में गिराकर जल जमाव से मुक्ति दिलाई जाएगी।

## मूसलाधार बारिश में जलमग्न हुए खेत और सड़क, कई एकड़ धान की फसल हुआ बर्बाद

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार दिनों से कभी तेज तो कभी रुक-रुक कर हो रही बारिश के करण लोगों का आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के निचले इलाके के गांवों के किसानों की चिता बढ़ा दी है। मूसलाधार बारिश के कारण कई गांव का संपर्क पथ टूट गया है, वहीं बाढ़ से किसानों के सैकड़ों एकड़ धान का फसल जलमग्न होने से बर्बाद हो गई है। जिससे किसानों का लाखों का क्षति होने का अनुमान है। मंगलवार को सुबह से बारिश होनी शुरू हो गई थी। दिन भर रुक-रुक कर बारिश होने के बाद शाम के समय मूसलाधार बारिश हुई। रात भर कभी तेज तो कभी रुक रुक कर बारिश होती रही। बुधवार की सुबह भी आसमान में बादल छाया रहे। कभी धूप तो कभी रुक रुक कर बारिश होती रही। लागतार हो रही बारिश से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ सा नजारा हो गया है। सिकरौर, मलदहा,साहपुर आदि गांव बारिश के पानी से लबालब हो गए हैं। सिकरौर शाहपुर,नौडीहा गांव में पानी बहाव के कारण संपर्क टूट गया है। इस स्थिति में ग्रामिणों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। साथ ही शिवसागर चेनारी स्टेट सड़क पर पानी की फसल बारिश के पानी से जलमग्न हो गए हैं। किसान रितेश पांडे,अमित दुबे,मृत्युंजय पांडे, अनिल पांडे,देवा कुमार, रमेश सिंह, अरविंद कुमार ने बताया कि अत्यधिक बारिश होने से खेत जलमग्न होने से धान की फसल बर्बाद हो रही है। खेती के समय



का बहाव तेजी से रहा है। लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। बारिश से सबसे अधिक नुकसान किसानों को झेलना पड़ा है। सिकरौर और मलदाहा गांव के खेतों में अधिक मात्रा में पानी जमा हो जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। निचले इलाके के सैकड़ो एकड़ धान इतनी बारिश होने का अनुमान नहीं था। पिछले वर्षों उखड़ा रोग के कारण किसानों की कमर टूट चुकी है। पहले से ही किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। इस वर्ष धान की अच्छी उपज होने की उम्मीद थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है।

## सफाई कर्मी के साथ बारिश में नाली सफाई करने खुद पहुंचे उप चेयरमैन

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

इन दिनों क्षेत्र के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर शुरू है। जिससे कहीं नाले तो गटर जाम होने लगे हैं। ऐसा ही कुछ रोहतास जिले के दिनारा नगर पंचायत में हुआ लेकिन ये घटना चर्चा का विषय बन गया। दरअसल बारिश से वार्ड नंबर आठ में नाला जाम हो गया तो गटर साफ-सफाई करने के लिए सफाई कर्मियों के संग उक्त कार्य में उप चेयरमैन भी जुट गये। जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत के उप चेयरमैन विवेकानंद पांडेय ने नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड नंबर आठ में सफाई कर्मचारियों के साथ सफाई कार्य में जुट गए। एक जनप्रतिनिधि अपने कार्य से परे कैसे वह नाली में रूकावट पैदा करने वाली वस्तुओं को हटाने के कार्य में लगकर श्रमदान किया। जब यह कार्य सम्पन्न हुआ उसके बाद मीडिया ने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि हमने गांधीजी के आदर्शों से शिक्षा ली है कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता है। सीख हमारी नीयत, इरादे और समझ के आधार काम का महत्व तय होता है। कुछ लोग जो बड़े पद पर होते हैं, उन्हें लगता है कि वे छोटे काम कैसे कर सकते हैं। उन्होंने उक्त विषयों का जिक्र करते हुए बताया कि हमने देखा कि वार्ड नंबर आठ में नाले में कचरे होने से बारिश के पानी नाले के ऊपर से बह रहा है, जिससे आमजन के लिए समस्या पैदा हो रही है, खासकर



पैदल चलने वालों को तो काफी दिक्कतें महसूस होता दिख रहा था। नाली को साफ करने की बार-बार कोशिश विफल रही, तो मैंने चार लोगों को काम करने के लिए बुलाया। हालांकि, मजदूर ने लगातार हो रही बारिश का हवाला दे रुक जाने को कहा लेकिन स्थिति देख मैंने खुद नाले को साफ करने का फैसला किया। नाले की सफाई में उतरने के बाद, सहयोग में चार सफाई कर्मचारी भी उतर गए। जहां कचरे को साफ करने में काफी मसकत के बाद नाले की सफाई कर दी गई। उन्होंने ये भी कहा कि हम गरीब लोगों को हमारे लिए गटर,नाला साफ करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं। यही कारण है कि मैंने खुद काम करने का फैसला किया। हम सब छोटा-मोटा काम के लिए लोगों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि नाले को साफ करना उनका कर्तव्य था और हमनें इसे प्रचार के लिए नहीं किया। हम चुने हुए प्रतिनिधि हैं जहां सफाई की प्रक्रिया को तेज करने के लिए एक जनप्रतिनिधि भी उसके साथ शामिल हो जाता है। और संयुक्त प्रयासों के कारण जलजमाव तेजी से कम होने के साथ समाप्त भी होता है। यदि हम जल्दी से कुछ कर सकते हैं, तो हमें ऐसा करना चाहिए।

## महिला कॉलेज में दुसरे की परीक्षा दे रहे आठ छात्र पकड़े गए, हुए निष्कासित

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

वीरकुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक सेकंड ईयर की वार्षिक परीक्षा के दौरान बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीजेपी महिला कॉलेज में जांच के दौरान दूसरे की छात्र की परीक्षा दे रहे आठ छात्र पकड़े गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रघुवंश मिश्रा ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष की सब्सिडियरी विषय फिजिक्स की परीक्षा में प्रथम पाली में जांच दौरान दूसरे छात्र की जगह परीक्षा दे रहे दो छात्र पकड़े गए। जिन्हें परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया हैं। वहीं दुसरी पाली में आट्र्स विषय की परीक्षा के जांच के दौरान पांच छात्र पकडे गए।उन्होंने बताया कि आईडीबीपीएस गढ़ नोखा,बीकेएसएम मेदनीपुर,यूसीएम कॉलेज संझौली के छात्राओं का सेंटर राजपुर महिला कॉलेज को प्राप्त हैं। परीक्षा पूर्णतया कदाचार मुक्त तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो



रहा हैं। साइंस विषय के परीक्षा के दौरान आज प्रथम पाली में 704 व दूसरी पाली में 227 छात्रों की परीक्षा ली गई।परीक्षा संचालन में कॉलेज कर्मी पूर्ण रूप से तत्पर हैं। परीक्षा संचालन के दौरान महाविद्यालय प्रशासन समेत संस्थापक प्राचार्य लाला मिश्रा,अध्यक्ष बैंकेटेश्वर प्रसाद द्विवेदी,वीक्षक संतोष मिश्रा,दिवयांशु कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय से नामित ऑब्जर्वर बिक्रमगंज अनजबित सिंह कॉलेज के अनिल कुमार सिंह,विकास मिश्रा,प्रभा कुमारी,रेशम कुमारी,आरती कुमारी समेत अन्य परीक्षा अवधि तक उपस्थित रहे। जिससे परीक्षा संचालन में अच्छा सहयोग मिला।

## गोपालपुर गांव में किराना दुकान से सामान चोरी, पीड़ित के निशानदेही पर चोर धराया, मुकदमा दर्ज

**के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र में भानस ओपी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव स्थित किराने की दुकान में मंगलवार की देर रात चोरी हो गई। दुकान से इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सरसों तेल, गेहूं,पंखा इत्यादि समान गायब पाए गए। वहीं दूकानदार के बयान पर पुलिस ने गांव के ही एक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ओपी थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी राजु सिंह का पुत्र सुड्डु कुमार ने आवेदन के माध्यम से पुलिस को दी। जहां उसने बताया कि उसके गांव स्थित किराना की दुकान है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार की रात भी वह दुकान बंद करके अपने घर सोने चला गया था। बुधवार की सुबह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि अंदर दूकान का सामान बिखरा पड़ा था। दुकान से अन्य सामान की चोरी होना पाया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सरसों तेल, गेहूं,पंखा इत्यादि सामान चोर चुरा ले गए थे। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस बाबत पीड़ित के निशानदेही पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के हीं बंशीधर के पुत्र बंगाली सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ किया। जहां उसने चोरी करने की बात स्वीकार किया। इसके साथ हीं पुलिस ने उसके घर से चोरी का सामान भी बरामद किया है। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए,नामजद चोर को मौके से गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय भेज दिया गया।

## टीकाकरण कराने को लेकर पीएचसी स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कोचस नगर पंचायत के विभिन्न हिसो मे बुधवार को प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस में मिशन इंद्रधनुष के तहत रैली निकालकर आई एम आई टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रैली समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रारंभ हुई जहां कोचस चौक होते हुए नगर पंचायत के विभिन्न हिस्सों में होते हुए पुनः वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच समाप्त हुई। इसकी जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत रैली निकाली गई जिसमें आईएमआई टीकाकरण के लिए फेरी लगाकर लोगों को जागरुक किया गया। इस से 5 साल के ऐसे बच्चों को हम अनेक बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस रैली में मौजूद पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार



दौरान उन्होने लोगों को बताया कि समय से टीकाकरण कराने से कई रोग से हम खुद और अपने परिवारों को बचा सकते हैं। इस टीकाकरण कुमार, ब्लाक हेल्थ मैनेजर मातिउर रहमान, बीसीएम अजय कुमार, सोनू शर्मा, आशा, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए नगर परिषद के लोगों को किया गया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 14 के आस्कामिनी नगर एवं वार्ड संख्या 15 में नुक्कड़ नाटक के जरिए वुधवार को नगर परिषद के लोगों को जागरूक किया गया। नगर परिषद बिक्रमगंज के उपसभापति प्रतिनिधि सह वार्ड संख्या 14 के वार्ड पार्षद प्रविंद्र कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्डो में घूम-घूमकर स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कहा कि नुक्कड नाटक के जरिए नगर वासियों को कलाकारों के द्वारा बताया जा रहा है कि घर के अंदर पड़े सूखे एवं गीले कचड़े को अलग-अलग डस्टबिन या बाल्टी में ही डाले। नुक्कड़ नाटक के जरिए नाट्य कलाकारों ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता के बारे में बारीकी से बताया। कलाकारों ने कहा कि कचड़े को यत्र-तत्र ना फेके। क्योंकि खुले कचड़े को यत्र-तत्र न फेंकते हुए डस्टबिन में ही डाले। ताकि सफाईकर्मी आपके कचड़े को आसानी से उठा सके। जिससे आसपास के लोग



स्थानों में फेके हुए कचड़े पूरे वायुमंडल को दूषित कर देते है। जिससे जीवमंडल पर उपस्थित सभी जीव उसकी चपेट में आ जाते है। जिससे बचना मुश्किल सा हो जाता है। इसलिए आपसब अपने घर के सदैव स्वस्थ और खुशहाल रहेंगे। उनसभी कलाकारों ने लोगों को नाटक प्रस्तुत कर बताया कि स्वस्थ काया...निरोगी काया। मौके पर नाटक प्रस्तुत करने वाले कलाकार व स्थानीय नगरवासी उपस्थित थे।

## विभिन्न डाक घरों के कर्मी रहे हड़ताल पर

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास**

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर बुधवार को रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा उपडाकघर के अंतर्गत आने वाले सभी 19 शाखा डाक घरों के कर्मी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण उप डाकघर सहित सभी शाखा डाक घरों में मोबाइल बंद, डिवाइस बंद, आइपीपीबी का कार्य बंद, डाक थैला बंद, पत्र वितरण बंद, ग्रामीण डाक सेवक जनार्दन सिंह ,विशाल सिंह सहित अन्य कर्मियो ने दावा किया की इस क्षेत्र के सभी डाक घरों में हड़ताल पूर्णतः सफल रहा। उन्होंने केन्द्र सरकार व डाक निदेशालय पर आरोप लगाया की ग्रामीण डाक सेवकों के प्रति हमेशा सौतेला व्यवहार रहा है ।विभाग द्वारा हमलोगों के मूलभूत अधिकारों का हनन किया जाता रहा है। यदि सरकार एंव विभाग द्वारा उनके मांगो पर सहानुभूति पूर्ण विचार नहीं किया गया तो संघ द्वारा और अधिक कठोर कदम उठाया जा सकता है । हड़ताल में शामिल होने वालों में बीपीएम जनार्दन सिंह, सतीश चंद्र चतुवेर्दी, विशाल सिंह ,मनोज सिंह, दिलिप पाण्डेय सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नल-जल व नली- गली निर्माण संबंधित कार्यो को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास**

जिला पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुधवार को नल-जल एवं नली-गली निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता पी०एच०ई०डी० से की गई। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा सभी दलित बस्तियों मे नली-गली योजना को पूर्ण से अच्छादित करने का निदेश जिला पंचायत राज पदाधिकारी, रोहतास को दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पी०एच०ई०डी० को निर्देशित किया गया कि ऐसे नये बसावट वाले क्षेत्र जहाँ नल-जल योजना की पहुँच नही है का सर्वे कराकर गैप को चिन्हित करते हुए वहाँ नल जल की उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे, यदि कही मेजर मेंटेनेंस की आवश्यकता है तो उसके लिए अलग से प्राक्कलन तैयार करते हुए विभाग से राशि की अधियाचना करेंगे।

## जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम हुआ स्थगित

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड में जिलाधिकारी का पांच अक्टूबर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित जन संवाद का कार्यक्रम बारिश के मौसम को देखते हुए स्थगित कर दी गई है। कार्यक्रम आयोजन के लिए प्रखंड परिसर



में बुधवार को सुबह से हीं टेंट पंडाल निर्माण की तैयारी जोर-जोर से चल रही थी।कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी मिलते हीं निर्माण की गति धीमी पड़ गई। कार्यक्रम तैयारी का निरीक्षण समेत अन्य विभागीय कार्य के लिए बुधवार को एसडीएम बिक्रमगंज उपेंद्र पाल प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहा प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रशासन के सभी विभागों के पदाधिकारी के साथ बैठक कर कार्यक्रम स्थल समेत मौसम आदि की जानकारी ली। प्रखंड विकास पदाधिकारी रविराज ने बताया कि पांच अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित जिलाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम स्थगित हो गई है। अगले तिथी की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

## एक स्कॉर्पियो से पुलिस ने 59 कार्टून शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

शराब तस्करों के प्रति जिले के पुलिस कमर कस ली है, जहां शराब तस्करों के मंसूबे पर पुलिस पानी फेर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल की हवा चखा रही है। वही, कोचस थाने की पुलिस ने बुधवार को गुप्त चना के आधार पर वाहन जांच के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कोचस चौक के समीप से एक




स्कॉर्पियो में रखी गई 59 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की यूपी से एक स्कॉर्पियो मे भारी मात्रा में शराब रख थाना क्षेत्र के रास्ते ले जाया जा रहा है, तभी कोचस पुलिस ने एक टीम गठित कर वाहन जांच लगाई जिसमें एक स्कॉर्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 50 बी क्यू 63 62 मे रखे 59 कार्टून अंग्रेजी शराब यानी कुल शराब की मात्रा 511 पॉइंट 560 लीटर शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों गिरफ्तार शराब तस्कर कृष्ण सिंह उम्र 28 वर्ष पिता दधीच सिंह ग्राम कोररी थाना मरदह जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश वहीं दूसरा मनीष कुमार यादव उम्र 20 वर्ष पिता अशोक सिंह यादव ग्राम तियारा थाना रामगढ़ जिला कैमूर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस दोनो तस्कर को हिरासत मे ले विशेष पूछताछ कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## भारी बारिश में एक गरीब का कच्चा घर गिरा

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट नगर पंचायत के गोड़ारी में बीती रात एक गरीब मजदूर का कच्चा मकान जमींदोज हो गया। गरीब मजदूर गोड़ारी निवासी गंगा पासवान पिता लक्ष्मण पासवान बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार मजदूर का कच्चा कमान गिरने से घर में रखा सारा सामान दब गया और नुकसान सहा। गनीमत ये रही कि घर में सो रहे परिजन घर गिरने से पहले बाहर निकल गये। गंगा पासवान ने बताया कि भारी बारिश हो रही थी



खपरैलनुमा घर गिरने का आवाज आने लगा इसके बाद सभी लोग घर छोड़कर बाहर निकल गये। इसके बाद खपरैलनुमा कच्चा घर गिर कर जमींदोज हो गया। घर में रखा सभी समान खाने पीने का सामान भी दब गया। अब हालत ये हो गयी है कि गरीब मजदूर का रहने का आशियाना छीन गया है किसी तरह बास बम्बू इत्यादि सहित प्लास्टिक से घेर कर रहने के मजबूर है। गरीब मजदूर ने पीएम आवास की मांग किया है।

## 21सूत्री मांगों को लेकर सेविका सहायिका का प्रखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना जारी

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला के सहार प्रखंड मुख्यालय के परिसर में आंगनवाड़ी प्रखंड कार्यालय पर 21 सूत्री मांगों को लेकर बैनर तले बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के द्वारा 21 सूत्री मांगो को ले कर अनिश्चितकालीन धरना दिया गया । धरना की अध्यक्षता शर्मिला देवी एवं संचालन इंदु देवी ने किया। सरकारी कर्मचारी का दर्जा ,मानदेय में 50% की वृद्धि, सेविका सहायिका अगर सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलता है तो ₹20000 मानदेय भुगतान करने जैसी अन्य मांगों को लेकर पूरे सहार प्रखंड के सहायिका सेविका ने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी है ।इस धरने में पूरे प्रखंड से सैकड़ो की संख्या में सहायिका एवं सेविका ने भाग लिया है। धरने का प्रतिनिधित्व करती सहायिका इंदु देवी महासचिव सोभा देवी ने बताया हम लोग 29 सितंबर से ही अनिश्चितकालीन धरना जारी है । हमारी मांग को सरकार को मानना



कि हमें मान दे नहीं वेतनमान चाहिए।सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना होगा, 8 घंटा का काम लो और पूरा दाम दो जैसे नारा लगती रहीं । सभी सामाजिक सुरक्षा लागू करो और 50% प्रोत्साहन राशि वृद्धि लागू करो । साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार अगर बात नहीं मानती है तो होगा नहीं तो हम लोग नौकरी छोड़ देंगे इतना पैसा तो कहीं भी कमा सकते हैं। मौके पर महासचिव शोभा देवी, उपसचिव ललिता देवी,सदस्य शमीर्ला देवी,प्रियंका देवी,राधा कुमारी, प्रिया कुमारी, मीरा कुमारी सहित अन्य सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं।

## भोजपुर में विषैले जन्तु के काटने से महिला की मौत

*इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम*

*झाड़-फूंक के चक्कर में महिला की चली गई जान*

*पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम*

*गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव में बुधवार की सुबह घटी घटना*

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव में बुधवार की सुबह विषैले जन्तु के काटने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। झाड़-फूंक के चक्कर में ही महिला की जान चली गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह की 38 वर्षीया पत्नी सोनमती देवी है। इधर मृतका की बड़ी बेटी खुशबू कुमारी ने बताया कि बुधवार की सुबह घर के बगल में दीवार पर थापे गोइठा को निकल रही थी। उसी दौरान उसे किसी विषैले जन्तु ने काट लिया। इसके बाद वह घर में आई और इसकी जानकारी अपनी बेटियों को दी। तभी उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल ना ले जाकर झाड़-फूंक करने को लेकर बक्सर के ठाकुरबाड़ी स्थित कंज्या बाबा के पास ले गए। जहां घंटो झाड़-फूंक करने के बाद भी जब उसकी हालत में कोई सुधार न हुआ तो उक्त बाबा द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनो ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बता दे की झाड़-फूंक के चक्कर में दो महीने के अंदर लगभग दो दर्जनों से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद लोग अपने इस अंधविश्वास की आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं और विषैला जंतु एवं सांप के काटने के बाद उन्हें इलाज के लिए ना ले जाकर झारखंड के चक्कर में पड़ जा रहे हैं। जिसके कारण महिला,पुरुष बच्चे एवं बच्चियों मिलाकर लगभग दो दर्जन से अधिक लोगो की मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि मृतका को पांच पुत्री खुशबू कुमारी, प्रीति कुमारी,सीमा कुमारी,अंजली कुमारी,विनती कुमारी व दो पुत्र रूद्र कुमार एवं अमित कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सात शिक्षको में छः गायब एक शिक्षक के भरोसे दो सौ बच्चे

*प्रधानाध्यापक के मिली भगत से शिक्षक के बैगर स्कूल गए बनती है हाजरी*

*पहाड़ी स्कूलों में शिक्षक अक्सर रहते है गायब*

**दैनिक समाज जागरण नौहट्टा रोहतास**

रोहतास प्रखंड के कैमूर पहाड़ी पर स्थित पिपरडीह पंचायत के अंतर्गत कुबा मध्य विद्यालय जो टेन प्लस टू तक स्कूल हो गया है जिसमें कुल सात टीचर है मगर कभी एक टीचर कभी दो टीचर कभी तीन टीचर यही रहते है बच्चो के शिकायत पर जब ग्रामीण लोग स्कूल में पहुंचे तो सिर्फ प्रधानाध्यापक ही स्कूल में मौजूद थे। जहा बात चीत के दौरान प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक दिन बीच करके टीचर लोग आते है जबकि उस दिन सिर्फ हेडमास्टर साहब हि थे हालाकि उक्त समय पर स्कूल में एग्जाम भी चल रहा था बच्चो और प्रधानाध्यापक के द्वारा बताया गया की जब भी शिक्षक आते है पूरे महीना का हाजिरी बना लेते है। इस बात से प्रतीत होता है की हेडमास्टर साहब के मिली भगत से हाजिरी बन जा रहा है जबकि स्कूल में 200 से ज्यादा बच्चे हैं इस तरह बच्चे के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।। ग्रामीण में राकेश यादव रिंकू खाना आबिद अंसारी सलीम अंसारी सिकंदरा उरांव नेयामुद्दीन आदि मौजूद थे नवां कक्षा के अजय गुप्ता ने बताया कि आज तक सातों




टीचर को एक साथ हम बच्चों के द्वारा नहीं देखा गया दो-तीन के संख्या में ही टीचर लोग रहते हैं अजीत कुमार ने बताया कि जो कओस्चन जब हमें नहीं समझ आता है उसे पूछने पर चुपचाप रहने को भी बोला जाता है।

## मूसलाधार बारिश से आधा दर्जन घर गिरे

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड में लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है ।भारी बारिश से प्रखंड का दक्षिणी इलाका और मध्य इलाका अच्छा खासा प्रभावित हुआ है ।भारी बारिश के बीच प्रखंड के कई इलाको से मिट्टी के घर गिरने की खबर आ रही है ।सबसे प्रभावित इलाको में उल्हो पंचायत और सोनहर पंचायत के खैराखोच से मिट्टी के घर गिरने और आवास की समस्या की खबर आ रही है ।मिली जानकारी के मुताबिक दो पंचायतों मे दर्जनों मिट्टी के घर गिरे है। उल्हो पंचायत में जिन लोगो का घर प्रभावित हुआ है उनमें छोटेलाल चेरो ग्राम सीघनपुरा,रामजी बिंद उल्हों,वार्ड सदस्य रामदुलार राम उल्हो,पप्पू शाह बरकाडीह,गोरख बिंद बरकाडीह,ओमप्रकाश पासवान गोतहर,सुनील पासवान सतिवाड़ शामिल है ।वही खिराखोच में सुपला देवी,राजू बिंद,पप्पू बिंद, पूर्व वार्ड सदस्य रिंकू बिंद,सुशीला बिंद,और ललिता बिंद शामिल है ।स्थानीय निवासी सह सोनहर पंचायत बिडिसी जिलाधिकारी को दी जाएगी ।वही उल्हो पंचायत के मुखिया मनोज कुमार पासवान ने कहा की इलाके में भारी बारिश की वजह से पहाड़ी इलाको मे मिट्टी के घर काफी



महेंद्र बिंद ने कहा की खैराखोच गांव में आवास नही मिलने के कारण लगभग 50 मिट्टी के घर जर्जर हालत में है ।जिनमे सैकड़ों लोग जान हथेली पर रख जिंदगी जी रहे है ।लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पर मौन है ।उन्होंने कहा की इसकी सूचना प्रभावित हुए है ।यहां कई घर जर्जर हालत मे है ।प्रशासन इसे गंभीरता से लेकर इन्हे आवास देने का कार्य शुरू करे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की ऐसे लोगो को चिन्हित कर जल्द आवास देने की प्रक्रिया की जाएगी।

## विद्युत करंट के चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनो में पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

जिले में सासाराम नगर थाना क्षेत्र के लश्करीगंज मोड़ शिव घाट के समीप बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक लश्करी गंज निवासी कामेश्वर चंद्रवंशी का 23 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार बताया जा रहा है। युवक की मौत बिजली के खंभे में आ रहे विद्युत करंट की चपेट में आने से बताया जाता है। खंभे में सटकर मरे युवक का शव शिवघाट से बरामद किया। घटना की सूचना पर घर में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार गोलू कुमार मजदूरी का कार्य करता था। आज सुबह वह मजदूरी के लिए घर से निकला था। कल से हो रही बारिश की वजह से रास्ते पर पानी जमा होने के कारण वह किनारे से जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे के संपर्क में आ गया। खंभे में आ रहे करंट की वजह से वह चपेट में आ गया। घटना में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने खंभे के पास पड़े युवक को देखकर हल्ला



मचाना शुरू किया तो हल्ला सूनकर आसपास से लोग इकट्ठा हो गए। इसकी तत्काल सूचना बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर लाइट कटने के बाद लोग विद्युत के खंभे के पास पहुंचे। जहां पड़े युवक को उठाकर सदर अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

## पीरो शहर में गुरूवार को ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो नगर क्षेत्र में गुरूवार को पूरे दिन विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। इस संबंध में दक्षिण बिहार पावर होल्डिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने विधिवत सूचना जारी की है। अधिकारियों के अनुसार गुरूवार को पीरो नगर चार 04 ट्रासफर्मर का एलटी केबल बिछाने का काम है। जिसमे डीएसपी आवास के पास 100 केवीए, केदार सेठ के पास 200 kva, भट्ठी पुल के पास 100 kva व नाला पर 200 kva का ट्रासफार्मर का एलटी केबल विछाया जाना है। इस कारण पीरो टाउन फीडर सुबह 08 बजे से शाम 04 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । वैसे मौसम को देखते हुए कार्य स्थगित किए जाने या समय परिवर्तन होने पर फीडर से विद्युत आपूर्ति के समय में बदलाव संभव है। विभागीय अधिकारि साकेत कुमार ने उपभोक्ताओं को असुविधा से बचने के लिए आपूर्ति बंद होने की पूर्व सूचना जारी की है।

## अभाविप ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण: विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आरा नगर इकाई द्वारा स्थानीय त्रिभुवानी कोठी मोड़ पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ऋतुराज चौधरी जी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश सह मंत्री राज पाण्डेय ने कहा कि हाल ही में बिहार के खुसरूपुर में ब्याज चुकता नहीं करने पर दंबगो ने एक दलित महिला को सरेआम निर्वस्त्र कर पिटाई करने जैसे जघन्य दुर्व्यवहार, लगातार छात्राओं व महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार व धोखाधड़ी जैसी घटना, युवाओं के बीच बढ़ती नशाखोरी, लूटकांड व आए दिन बेरहमी से हो रहे हत्या जैसी घटना से संपूर्ण बिहार भयभीत है। सरकारी तंत्र व सरकार निष्फल हो चुकी है। वही मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छोटू सिंह ने कहा कि प्रशासनिक हिटलरशाही एवं सरकार की राज्य में सुरक्षा व्यवस्था संबंधित विफलता को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग एवं संपूर्ण बिहार



में आक्रोश मार्च व मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जा रहा है उसी कड़ी में एबीवीपी आरा द्वारा पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित विश्वविद्यालय संयोजक चंदन तिवारी ने कहा कि सिपाही भर्ती प्रतियोगिता का प्रश्नपत्र लीक एवं परीक्षा रद्द होना दुर्भाग्यपूर्ण है। लगातार बिहार सरकार की प्रशासनिक विफलता के कारण आये दिन प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो रहे है. ये बिहार के युवाओं के साथ अत्याचार है जिसे अभाविप कतई बर्दाश्त नही करेगी।

मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कुमार,हिमांशु रंजन,राहुल राय, नगर सह मंत्री आदित्य सिंह,राहुल कुमार,चन्दन तिवारी,रत्नेश कुमार,उमंग कुमार,रितेश कुमार,समीर सिंह,नीतीश कुमार,रविभूषण कुमार,अनीश कुमार,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे 9 ट्रक जब्त, दो बालू कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर**

भोजपुर पुलिस व खनन विभाग की टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान पीरो अनुमंडल क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से अवैध बालू लदे नौ ट्रकों को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में बालू का अवैध कारोबार करने वाले दो कारोबारी पुलिस के हत्थे चढे हैं। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिला पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देशन में भोजपुर पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा अवैध बालू खनन व परिवहन के खिलाफ जारी कार्रवाई के क्रम में मंगलवार की रात जिला खनन पदाधिकारी व इमादपुर थानाअवैध बालू लदे नौ ट्रक जब्त, दो बालू कारोबारी गिरफ्तार पीरो। भोजपुर पुलिस व खनन विभाग की टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान पीरो अनुमंडल क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से अवैध बालू लदे नौ ट्रकों को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में बालू का अवैध कारोबार करने वाले दो कारोबारी पुलिस के हत्थे चढे हैं। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिला पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देशन में भोजपुर पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा अवैध बालू खनन व परिवहन के खिलाफ जारी कार्रवाई के क्रम में मंगलवार की रात जिला खनन पदाधिकारी व इमादपुर थाना की पुलिस द्वारा छापेमारी कर बिहटा चौक के पास अवैध बालू लदे 6 ट्रक जब्त किए गए। इसी तरह सिकरहटा थाना की पुलिस द्वारा नोनाडीह मोड के पास अवैध बालू है। इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। की पुलिस द्वारा छापेमारी कर बिहटा चौक के पास अवैध बालू लदे 6 ट्रक जब्त किए गए। इसी तरह सिकरहटा थाना की पुलिस द्वारा नोनाडीह मोड के पास अवैध बालू लदे 2 ट्रक जब्त किए गए। जबकि अगिआंव बाजार थाना प्रभारी अर-



लदे 2 ट्रक जब्त किए गए। जबकि अगिआंव बाजार थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान अगिआंव बाजार से अवैध बालू लदा एक ट्रक जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान सोनबरसा ओपी अंतर्गत गिरिधर बरांव गांव निवासी कमलेश यादव व दावथ थाना के कवई गांव के रहने वाले अखिलेश सिंह को अवैध बालू खनन व परिवहन के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने कहा कि बालू का अवैध कारोबार रोकने के लिए पुलिस तत्पर विंद कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान अगिआंव बाजार से अवैध बालू लदा एक ट्रक जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान सोनबरसा ओपी अंतर्गत गिरिधर बरांव गांव निवासी कमलेश यादव व दावथ थाना के कवई गांव के रहने वाले अखिलेश सिंह को अवैध बालू खनन व परिवहन के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने कहा कि बालू का अवैध कारोबार रोकने के लिए पुलिस तत्पर है। इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## श्रीमद्भागवत महापुराण समस्त समस्याओं का है समाधान

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पीरो प्रखंड क्षेत्र देवचंदा गांव मां काली मंदिर सह ठाकुर बाड़ी के परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान संत श्री गोविंदचार्य जी महाराज ने भागवत कथा व रामायण का वाचन किया। कथा के दौरान संत गोविंदाचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण समस्त समस्याओं का समाधान है। संत श्री गोविंदाचार्य जी महाराज जी ने भागवत कथा का प्रथम दिन के कथा में स्वामी जी ने कहा श्री वेदव्यास जी महाराज ने 17 पुराणों की रचना करने के बाद भी उनके मन में अशांति रही। मनुष्य का कल्याण कैसे होगा , तब नारद जी के प्रेरणा से उन्होंने एक संहिता तैयार किए जिसमे 18 हजार श्लोक हैं। जिसको श्रीमद्भागवत गीता महापुराण के नाम से जाना जाता है। वेदव्यास जी महाराज को शांति मिली। कथा में श्री स्वामी जी ने कहा राजा परीक्षित को भी श्राप लगा। सातवें दिन मृत्यु हो



जायेगी। उनका मृत्यु मंगलमय करने के लिए दिव्य संत श्री शुकदेव जी , अत्रि , वशिष्ठ , परासर अन्य आये सब ने निर्णय लिया । समस्त प्राणियों का कल्याण श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण मात्र से ही हो सकती है , जो सरल है व सुलभ भी है । आगे मैत्री विदुर संवाद की प्रसंग भी स्वामी जी ने कहा विदुर जी मैत्री जी से पूछते हैं कि सुख मिलेगा कैसे क्योंकि संसार में रहने वाले प्राणी सब सुख चाहते हैं । विडंबना यह की किसी को सुख मिलता नहीं है। आखिर सुख कैसे मिलेगा तब मैत्री मुनि ने विदुर से कहा जहां हम सुख ढूंढते हैं। वहां सुख नहीं है। क्योंकि जहां हम सुख ढूंढते हैं । उसका नाम दुखा लय हैं। यहां दुख मिलता है इसका नाम है। दुःखालयम् शाश्वतम् । सुख हमारे भीतर हैं। आनंद हमारे हृदय में है । क्योंकि समस्त प्राणियों के हृदय में भगवान निवास करते हैं । इसीलिए सुख इस संसार में नहीं भगवान में है । इसीलिए भगवान का पूजा अर्चना ध्यान भक्ति करने को मैत्री मुनि बताते हैं ।

## भोजपुर के ट्रक चालक की विशाखापत्तनम में संदेहास्पद स्थिति में मिला शव,

**शव पहुंचते ही मचा कोहराम**

**दैनिक समाज जागरण : वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी प्रखण्ड के.राजपुर गांव निवासी ट्रक चालक सुनील पासवान का शव संभलकोटा (आन्ध्रप्रदेश) रेलवे स्टेशन के समीप संदेहास्पद हालत में वहां की पुलिस द्वारा बरामद किया गया। सुनील पासवान विशाखापत्तनम में रहकर ट्रक ड्राइवर का काम करता था। बुधवार को उसका शव जब गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि सुनील गत 29 सितंबर को गांव से विशाखापत्तनम गया था। वह वर्ष 2020 से ही वहां रहकर ट्रक ड्राइवर का काम कर रहा था। उसके साथ काम करने वाले दूसरे ड्राइवरों के अनुसार सुनील अपनी कंपनी से ट्रक लेकर चला था। बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक होटल के समीप उसने अपनी ट्रक खडी कर खाना खाया। उसके बाद से अचानक लापता हो गया। ..... दिनों बाद उसका शव उस होटल से लगभग 200 किलोमीटर दूर संभलकोटा स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर संदेहास्पद स्थिति में पाया गया। वहां की पुलिस की सूचना पर सुनील के परिजन वहां पहुंचे ।इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को आज सुबह शव गाँव पहुँचा। शव पहुंचते घर मे चित्कार मच गया ।जिससे पूरा गाँव गमगीन हो गया ।शव को देखते ही माँ यमुनी देवी व पत्नी लक्ष्मी देवी का रो रोकर बुरा हाल था जिससे बेसुध होकर बार बार गिर पडती थी ।वही पुत्र 07 वर्षीय सुशील कुमार व 05 वर्षीय पुत्र टाईलसन व टाइगर के साथ बेटी सोनाक्षी दादी व माँ को रोते देख रोये जा रहे थे ।उन्हे समझ नही आ रहा था की माँ व दादी क्यो रोये जा रही है ।पिता जी क्यो नही उठ पा रहे है ।सुनील पासवान की मौत ने परिवार को भुखमरी के कागार पर पहुँचा दिया है।

## 100 लाभूको के बीच वितरण किया गया दिव्यांगजन सहायक उपकरण

**दैनिक समाज जागरण:बंटी राठौर गड़हनी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत गडहनी में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक व जिला पदाधिकारी भोजपुर राज कुमार के निदेशालोक मे बीडीओ गडहनी द्वारा बुधवार को प्रखण्ड परिसर मे समाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन कर एडिप योजना के तहत पंजीकृत दिव्यांगजनो के बीच दिव्यांगजन सहायक उपकरण का वितरण किया गया ।बीडीओ ने बताया कि एडिप योजना के तहत गडहनी प्रखण्ड अन्तर्गत 132 दिव्यांगजनो ने पंजीकरण कराया था ।शिविर मे आये 100 लोगो को सहायक उपकरण ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया ।बाकी शेष बचे लाभूक जैसे जैसे आयेंगे उन्हे उपकरण उपलब्ध करा दिया जायेगा।



## मामूली विवाद में हुई मारपीट,महिला जख्मी।

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमराँव इंग्लिशपुर गांव में मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई ,मारपीट में एक महिला जख्मी हो गई। मारपीट की घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि सेमराँव इंग्लिशपुर गांव में गाड़ी खड़ी करने के विवाद में देवर ने अपनी ही भाभी को पीटकर जख़्मी कर दिया ।जख़्मी महिला की पहचान इंग्लिशपुर गांव निवासी रंजन यादव की 30 वर्षीय पत्नी रेखा देवी बताई जा रही है। परिजनों द्वारा जख़्मी महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सक द्वारा जख़्मी महिला का प्राथमिक उपचार किया गया।

## चरपोखरी में दिव्यांगों के बीच उपकरण किया गया वितरण

*कीचड़ भरे रास्ते के बीच से होकर पहुँचे दिव्यांग।*

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड कार्यालय परिसर में पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत समाजिक अधिकारिता शिविर के तहत दिव्यांगों के बीच असुविधाओं



के बीच ट्राईसाईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित वितरण शिविर का उद्घाटन प्रखंड उपप्रमुख पप्पू कुमार साह और प्रखंड नाजिर सुगंध कुमार द्वारा दिव्यांगों को उपकरण वितरण कर किया गया। वितरण शिविर में कीचड़ भरे रास्ते से होकर दिव्यांगों को वितरण स्थल पर पहुँचना पड़ा। वितरण शिविर दिव्यांगों को न तो उचित बैठने की व्यवस्था की गई थी न ही पेयजल का उचित प्रबंध किया गया था ।मौके पर दिव्यांग निःशक्त कल्याणकारी संगठन के नेता नवल किशोर सिंह,अमरेंद्र कुमार,रवि कुमार सहित दर्जनों को संख्या में दिव्यांग मौजूद रहे।

## बिहिया में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बिहिया प्रखंड के कटेया पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जन संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा आधारभूत संरचना के निर्माण शिक्षा स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं समाज सुधार के कार्यक्रमों के साथ-साथ कई लोग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को ससमय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध



हो या सरकार की प्राथमिकता है इसके लिए यह आवश्यक है कि लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में जानकारी हो तथा उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हो ।जन संवाद कार्यक्रम में शिक्षा विभाग/ श्रम विभाग/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग /पंचायती राज विभाग /ऊर्जा विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग /जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग/ सहकारिता विभाग /कृषि विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग/ उद्योग विभाग परिवहन विभाग /पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सहित कई विभागों मे संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इस जनसंवाद कार्यकर्म में जिले के कई वरीय पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष सेविका व सहायिका का धरना प्रदर्शन जारी रहा

**दैनिक समाज जागरण: नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष सेविका व सहायिकाओं का धरना प्रदर्शन जारी रहा। मौसम खराब होने के बावजूद भी सेविका और सहायिकाओं के द्वारा अपनी 20 सूत्री मांगों को लेकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन में डटी रही। आईसीडीएस ऑफिस के समक्ष सहायिका संघ प्रखंड अध्यक्ष कौशल्या देवी और सचिव धर्मशिला देवी के नेतृत्व की धरणा के दौरान पारम्परिक गीत के माध्यम से विरोध जताया गया। सेविका संघ के प्रखंड सचिव कौशल्या देवी ने सरकार विरोधी



गीत "मुख्यमंत्री के भईल जडईया,उपमुख्यमंत्री के बुखार। अबकी सेविका हीं उखाड फेकिहें सरकार" गाया। तब पल्वी, दुर्गावती,किरण, कलावती ,सरस्वती, सरोज सहित दर्जनों सेविकाओं द्वारा बडी चाव से गीत में सहयोग किया गया। पल्वी ने कहा कि सरकारी योजना महिला मंडल,गृह भ्रमण,कन्या उत्थान, पोषण ट्रेक,सहित जन्म से मृत्यु तक का कार्य सेविकाओं के उपर थोप दिया गया है। तब भी नीतीश और तेजस्वी सरकार वेतनमान देने से परहेज कर रही है। डोना प्रदर्शन में शामिल होने वाले होंगे दुर्गावती देवी सरोज कुमारी रिजु ,पूजा सहित दर्जनों सेविकाओं ने बिहार सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए अनिश्चितकालीन धरना पर अड गई।

# चोरों के आतंक से परेशान है औरंगाबादवासी.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**
औरंगाबाद (बिहार)- बिहार के औरंगाबाद जिला मुख्यालय इन दोनों चोरों के आतंक से परेशान है. ऐसे तो दर्जनों स्थान पर चोरों ने घरों में घुसकर चोरी की घटना का अंजाम भी दे चुका है . इसके लिए पुलिस प्रशासन ने कमेटी की गठन भी किया . कई स्थानों में स्थानीय पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग का कार्य भी किया जा रहा है. इसके बावजूद भी चोरों द्वारा चोरी की घटना का अंजाम देना कई सवाल को खड़ा करता है. बताते चलें कि बीती रात अनुमंडल कार्यालय सदर के समीप चोरों ने भिखारी फॉर्म के दुकानों में घुसकर आतंक मचाया. वहीं कई दुकानों की छत तोड़ दिया. दुकान में रखे रुपए पैसों को चोरों ने लेकर नौ दो ग्यारह हो गया. लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगा. जबकि कई स्थानों पर सीसीटी कैमरे लगाए गए हैं. जिस स्थान पर चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है वह चौंकाने वाली है. यह क्षेत्र कचहरी एवं समाहरणालय के नाम से चर्चित है . इसी रास्ते से प्रशासन की गाड़ी आती जाती है. इसके बावजूद भी चोरों ने घटना का अंजाम दिया है, जिससे पुलिस के कार्य शैली पर सवालिया निशान



जरूर लगता है . सूत्रों की बात माने तो कहना है कि एक माह पूर्व कचहरी पोस्ट ऑफिस समाहरणालय के समीप राष्ट्रीय बचत कार्यालय में चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया था. पुनः समाहरणालय कैंपस के अनुमंडल कार्यालय स्थित कोषागार के समीप दुकानों में चोरों ने घटना का अंजाम दिया है. जिससे प्रतीत हो रहा है कि चोरों द्वारा प्रशासन को चुनौती दी जा रही है. वहीं प्रशासन मूकदर्शक बनकर खड़ा है. चोरों के आतंक से औरंगाबाद जिला मुख्यालय परेशान है. इसी परेशानी को लेकर विगत दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने समस्या को लेकर डीएसपी के पास गए थे. जिसके लेकर जिला मुख्यालय में तरह-तरह की चचाएं होती रही. आज स्थिति यह है कि चोरों के आतंक से औरंगाबाद जिला मुख्यालय के लोग आज भी परेशान है . स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन एवं जिला पदाधिकारी से चोरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग किया है. स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि हीरोइनची एवं नशे का प्रयोग करने वाले लोग भी हो सकते हैं .

# भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा ने गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन का किया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया ( बिहार )- भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में दो दिवसीय गया जंक्शन कार्यालय के समीप गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया. जिसका नेतृत्व भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा के मोहम्मद जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि गया जंक्शन कार्यालय के समीप दिवसीय धरना का आयोजन किया गया. उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा द्वारा टेकारी व आसपास के सुदूरवर्ती इलाकों को रेल लाइन से जोड़ने, निजीकरण को रद करने एवं पैसेंजर गाड़ियों को चलाने की मांग को लेकर विगत 3 अक्टूबर 2023 को रेलवे परिसर गया के जक्सन में 11 बजे से शुरू हुआ दो दिवसीय धरना प्रदर्शन आज दोपहर 2 बजे स्टेशन प्रबंधक गया को मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मो. जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां ज्ञापन देने के बाद समाप्त किया . उन्होंने आगे कहा कि अगर हम लोगों का मांग पूरी नहीं हुई, तो लोकतांत्रिक तरीके से मांग को पूरी करने के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा. जिसका जिम्मेवार शासन प्रशासन होगें. उन्होंने तीन सूत्री मांगों को शीघ्र लागू करने को लेकर प्रस्ताव दिया. आज के धरना में मो. जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां ने लोगो से संबोधित करते हुए कहा कि टेकारी व आस पास के सुदूरवर्ती इलाकों को रेल लाइन से जोड़ने अतिआवश्यक है .टेकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने के पहल जल्द हो. टेकारी प्राचीन काल में राजा महाराजा का क्षेत्र रहा



है. टेकारी में इतिहासिक किला, अंग्रेजों के जमाने के हवाई पट्टी, दक्षिण केंद्रीय विश्वविद्यालय, केसपा का प्रसिद्ध तारा देवी मंदिर, थाना पिर हजरत बदरुद्दीन शाह बाबा के मजार शरीफ, रामेश्वर बगीचा में लक्ष्मी नारायण पंच मुखी मंदिर, अनुमंडल कार्यालय, अनुमंडलीय हॉस्पिटल, रेजरी कोर्ट कचहरी आदि ऐसे कई प्रसिद्ध स्थल और दर्शनीय स्थल है . वही क्षेत्र कई जिलों से जोड़ता है रेल मार्ग को चालू होने से टेकारी, मऊ,कोंच, कुर्था, अरवल ,जहानाबाद आदि में समुचित विकास होगा , बेरोजगारी ,गरीबी दूर होगा,कृषि स्कोप बढ़ेगा, रेलवे राजस्व की प्राप्ति तो होगी ही यह क्षेत्र काफी विकसित होगा,शाम 6 बजे से रात भर आगमन नही हो पाता दुःख सुख में यात्रियों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है. मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी ने लोगों से संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे निजी करण नही सरकारी करण रहना बहुत जरूरी है ,निजीकरण से देश और गरीब देशवासियों का नुकसान है और पूंजीपतियों और सरकार को फायदा है .उन्होंने आगे कहा पूरे देश में पैसेंजर ट्रेन चलाया जाय और गया से चित्रकूट तक फास्ट पैसेंजर चलाया जाय. ताकि लोगों को लाभ पहुंच सके. धरना का संचालन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी और अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता मो.जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां ने किया. धरना में उपस्थित होने वालों में चौरसिया चौधरी, रमा सिंह परिहार, युगुल किशोर सिंह राजपूत, सकुंतला सोंधिया, आरती केवट, मो.मुर्तजा, श्याम कुमारी साहू, गोली दिवेदी, भानु प्रताप सिंह चंदेल आदि लोगों का नाम शामिल है .

# जीबीएम की एनसीसी कैड्टस ने चलाया स्वच्छता अभियान.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया( बिहार )- गाँधी जयंती के मद्देनजर देश भर में चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत तथा 6वीं बिहार बटालियन एनसीसी से प्राप्त निदेर्शानुसार, गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनसीसी कैड्टस ने कॉलेज की केयर टेकर ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया. प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ की अनुमति से इन कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर से ही "सब रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई", "स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है" के जोर-जोर से नारे लगाती हुईं सड़क पर एक स्वच्छता रैली निकाली.सड़क पर भी दिख रही गंदगी की .साफ-सफाई करती हुईं एनसीसी कैड्टस ने रैली के मार्ग में जिला परिषद परिसर को अत्यंत ही गंदा पाया.उन्होंने परिसर में अवस्थित मूर्तियों के पास बारिश के पानी तथा काई का जमाव पाया.सड़ी-गली पत्तियों, टहनियों से काफी बदबू आ रही थी.अतः कैड्टस ने लगे हाथ जिला परिषद परिसर में साफ-सफाई शुरू कर दी. सफाई के पश्चात परिषद के संबंधित अधिकारियों




और वहाँ आनेवाले आमलोगों से उम्मीद जतायी कि वे इस परिसर में लगातार स्वच्छता का ध्यान रखेंगे.सीटीओ डॉ रश्मि सहित कैडेट्स अनुराधा, आकृति सिंह, श्रेया, मनु, आकृति किशोर, राजश्री गुप्ता, प्रियंका, हतुसी, वैष्णवी, मुस्कान, सोनम, पूजा, कशिश, श्रुति, कामिनी, पुष्पा, खुशबू, रिया, संजना, खुशी, जूली, अवनी, आशा, तेजस्विनी ने झाडू लगाकर जिला परिषद परिसर को साफ किया. सभी ने डस्टबिन्स में सड़ी-गली पत्तियों, रोडे-पत्थर, प्लास्टिक बोतलों, रैपर्स, बिखरी पड़ी धूल इकट्ठा किया. सीटीओ डॉ रश्मि ने कैड्टस को संबोधित करते हुए कहा कि जीबीएम कॉलेज की एनसीसी कैड्टस द्वारा इस तरह के अभियान निरंतर रूप से चलाये जाते रहे हैं और आगे भी इसी भाँति चलते रहेंगे.सिर्फ स्वच्छता पखवाड़ा तक ही नहीं, आगे भी कैड्टस जहाँ कहीं भी गंदगी देखेंगी, वे समय निकाल कर स्वच्छता अभियान में जुटेंगीं. देश भर में फैल रहे डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों से बचने का एक मात्र उपाय है अपने आसपास हर जगह साफ-सफाई. एनसीसी कैडेट्स ने लोगों से अपील की कि वे रिहाइशी इलाकों में कहीं भी जल-जमाव नहीं होने दें. जिला परिषद परिसर से वापसी में भी कैड्टों ने स्वच्छता की आवश्यकता पर बल देते अनेक नारे लगाये, जिससे सड़कें गूंजती रहीं. जिला परिषद परिसर से लौटकर कैडटों ने महाविद्यालय परिसर की भी सफाई की.
प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ ने साफ-सफाई के लिए कैड्टों के जोश और उमंग को देख कर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त किया.

# भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरुआ के पूर्व विधायक राजीव नंदन दागी का हुआ निधन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया( बिहार )- भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरूआ के पूर्व विधायक राजीव नंदन दांगी का निधन हो गया . निधन की खबर मिलते ही आग की तरह फैल गया . जिससे भाजपा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई. बताते चलें कि राजीव नंदन दांगी की मृत्यु पटना के पारस हॉस्पिटल में इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई .पटना से उनका पार्थिव शरीर गया आवास पर एंबुलेंस के द्वारा लाया गया. उनके पार्थिव शरीर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा सहित विभिन्न दलों के नेताओं, समाजसेवी शुभचिंतक उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए गया विष्णुपद मुक्तिधाम में दाह संस्कार किया गया वहां भी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले के साथ- साथ अंतिम संस्कार में गया जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह,भाजपा औरंगाबाद सांसद श्री सुशील कुमार सिंह,नगर विधायक प्रेम कुमार,पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, अजय पासवान,अभय कुशवाहा,पूर्व विधान पार्षद श्री अनुज कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री अमित कुमार दांगी,प्रदेश नेता शंभू केशरी पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा,अनिल स्वामी,जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, युगेश कुमार,अनुज कुमार,रंजन कुमार सिंह संतोष सिंह राजेश चौधरी,अशोक सिंह, काका, दीपक पाण्डेय,संतोष ठाकुर सहित भारी संख्या में श्रद्धा सुमन अर्पित किया।.राजीव नंदन दांगी के मृत्यु पर जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि इनके निधन से मुझे गहरा आघात लगा है, हमलोग एक साथ भाजपा में लंबा कार्य किए हैं .उनके मृत्यु से व्यक्तिगत क्षति है. शोक व्यक्त करने वाले में पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि अल्प आयु में में संघ एवं भाजपा में बहुत लोकप्रिय थे साथ साथ शांत स्वभाव के साथ साथ मिलनसार व्यक्ति थे मुझे काफी लगाव था उनके मृत्यु की सूचना मिलते ही पारस हॉस्पिटल में जाकर पीड़ित परिवार को सांत्वना



दी,शोक व्यक्त करने वाले में सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि नेक इंसान थे .भाजपा के सिपाही के रूप में पहचान बनाकर गुरुआ विधानसभा से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया और शानदार जीत हासिल कर पार्टी का झंडा बुलंद किया. मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि इनके आत्मा को शांति प्रदान करे ,शोक व्यक्त करने वाले में पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक प्रेम कुमार ने कहा कि राजीव नंदन दांगी ऊजार्वान साथी के रूप में जाने जाते थे .जनता के मुद्दा को विधान सभा में लगातार आवाज बुलंद करते थे. ऐसे साथी को खो जाने का गम है. भगवान विष्णु अपने चरणों में स्थान दे .एवं परिवार को दुख सहने का शक्ति प्रदान करे. शोक व्यक्त करने वाले में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार के द्वारा 2015 में गुरुआ विधान सभा से टिकट मिलने पर उत्साहित होकर गुरुआ के गांव गांव जाकर प्रचार किया जिसका नतीजा गुरूआ विधान सभा से निर्वाचित हुए राजीव जी विधायक के रूप में नहीं देखते थे जनता के सेवक के रूप में जाने जाते थे वैसे सेवक को खो जाने का अफसोस है आज उन्हें मैं नमन करता हूं. शोक व्यक्त करने वाले में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,अशोक भारती ,डॉक्टर चंद्र किरण, रामप्रवेश सिंह मनीष मिश्रा,अभिषेक अग्रवाल सहित पूरा भाजपा परिवार में शोक व्यक्त किया.

# टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने को भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा ने गया जंक्शन के समीप किया दो दिवसीय धरना प्रदर्शन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया( बिहार )- टिकारी के भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा ने गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने को लेकर गया जंक्शन के समीप दो दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया. धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा टिकारी के मोहम्मद जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा टिकारी ने रेलवे लाइन से जोड़ने को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है. उन्होंने आगे कहा कि गया टिकारी सुदूर वर्ती इलाका है. इस क्षेत्र के लोग कृषि पर आश्रित है . वही गया टिकारी क्षेत्र कई जिलों को जोड़ता है. उन्होंने आगे कहा कि गया टिकारी क्षेत्र रेलवे के सभी मापदंडों को पूरा करता है . यदि क्षेत्र के लोगों को रेलवे सुविधा मुहैया किया जाता. तो गया टिकारी के क्षेत्र का विकास होता ही. साथ ही साथ रेलवे का राजस्व की भी प्राप्ति होता. ऐसे तो यह क्षेत्र राजा महाराजाओं का क्षेत्र रहा है . उन्होंने आगे कहा कि गया टिकारी वासियों ने कई बार गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने को लेकर संघर्ष किया. प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय रेलवे मंत्री तक को ज्ञापन सौपा गया . सभी ने आश्वासन दिया. लेकिन अभी तक जाए. सहित कई मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना कार्यक्रम जारी है . धरनार्थियों ने कहा है कि हम सभी लोगों की मांगे कई वर्षों से की जा रही है. लेकिन अभी तक न केंद्र



गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने का कार्य नहीं किया गया है . विवश होकर भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा ने रेलवे लाइन से जोड़ने को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम जारी रखा है . भारतीय रेलवे संघर्ष मोर्चा ने अपने बैनर में लिखा है कि गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए. रेलवे को निजीकरण नहीं किया जाए. रेलवे पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शीघ्र किया सरकार पहल किया और न हीं राज्य सरकार . स्थिति यह है कि आज भी गया टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने कि मामला ठंडा वास्ता में है. उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ केंद्र के भाजपा सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे एवं घोषणा किया. लेकिन एक भी घोषणा धरातल पर उतरने की जगह हवा में तैरती नजर आई. चाहे बेरोजगारी का मामला हो या फिर विकास का मामला.

## जमुआ प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की बनाई रणनीति

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
गिरिडीह (झारखंड) 4 अक्टूबर 2023 जमुआ प्रखंड के जमुआ जिला परिषद डाक बंगला में मंगलवार को विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई । जिसमें ब्लॉक , अंचल, बाल विकास विभाग , वन विभाग , खाद्य आपूर्ति ,एवं थाना में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए आक्रामक रणनीति बनाई गई। बैठक में अंजन सिंह संयोजक , मुंशी वर्मा सहसंयोजक, गजाधर सिंह , मोहम्मद अब्दुल गफूर , राजेश वर्मा



सचेतक , मोहम्मद बिलाल मीडिया प्रभारी बनाए गए , विभिन्न विभागों के लिए कमेटीयां बनाई गई। जिसमें थाना के लिए राजेश वर्मा , अशोक वर्मा, रोहित सिंह, मोहम्मद सद्दाम । अंचल के लिए सोनिया हेंब्रम , मनोज पंडा, मोहम्मद इसराइल, वन एवं मत्स्य विभाग के लिए लक्ष्मण यादव ,शिव शंकर दास ,प्रखंड के लिए अशोक वर्मा ,अब्दुल गफूर , मुंशी वर्मा इसके अलावे कई अन्य लोगों को कल्याण एवं शिक्षा कृषि सहकारिता एवं आजीविका मिशन प्रतिनिधि बनाए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने किया जिसमें संचालन उप प्रमुख रबुल हसन ने किया बैठक में सदस्यों ने कहा कि अधिकारी बेलगाम हो गए हैं । पंचायत समिति सदस्यों का कोई सम्मान थाने और ब्लॉक में नहीं मिलता है जबकि बिचौलियों को सम्मान व स्थान मिलता है मनरेगा स्वास्थ्य विभाग अंचल एवं विभिन्न कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर व्याप्त है, लोगों ने कहा कि 15 वीं वित्त की योजना की राशि का अब तक जमुआ में भुगतान नहीं हो पाया है जबकि अन्य प्रखंडों में पूरी राशि खर्च हो चुकी है, और दूसरे किस्त की राशि पर कार्य शुरू हो रहा है साथ ही वीडियो के रवैया पर भी सदस्यों ने रोष प्रकट करते हुए एक बड़ा आंदोलन करने की बात कही बैठक में गजाधर सिंह, कारू हाजरा, अशोक वर्मा, शिव शंकर दास, पंकज यादव, मुंशी वर्मा, राजकिशोर वर्मा, मोहम्मद बिलाल, इजराइल अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

# कांग्रेस पार्टी के गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ,ब्यूरो चीफ**
गिरिडीह (झारखंड) 4 अक्टूबर 2023:- गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में कई प्रदेश के नेताओं ने हिस्सा लिया । इस दौरान बैठक में समिति के संयोजक बृजनंदन सिंह लोकसभा प्रभारी शहजादा अनवर और पूर्व मंत्री मन्नान मलिक समेत गिरिडीह अध्यक्ष धनंजय सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया समेत कई नेता और गिरिडीह लोकसभा के अलग-अलग जिला अध्यक्ष शामिल हुए , इस दौरान लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में गिरिडीह कमेटी के कई नेताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया , समन्वय समिति की बैठक में और भी कई मुद्दों पर चर्चा की गई कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया ने प्रखंड स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की बात कही वहीं संतोष सिंह ऋषिकेश मिश्रा राजेश दूरी महिला कमेटी की अध्यक्ष दुर्गा




बैठक में संयोजक बृजनंदन सिंह ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हरेक विधानसभा अन्तर्गत बुथ कमेटी का गठन कर उसे संचालित करते हुए सशक्त बनाया जाए। इस दौरान लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में अजय सिंह मंटू बोकारो अध्यक्ष उमेश गुप्ता धनबाद अध्यक्ष शर्मा नरेश वर्मा एनएसयूआई के अभय जी और सेवा दल के अध्यक्ष सीताराम पासवान अमित सिंह अशोक विश्वकर्मा विधानसभा प्रभारी विजय सिंह अमजद राजा नूरी समेत गिरिडीह और बोकारो व धनबाद के कमेटियों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# बेबी देवी बनी हजारीबाग जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
हजारीबाग (झारखंड) 4 अक्टूबर 2023:- अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने नगवां निवासी बेबी देवी को हजारीबाग जिला महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया है । मनोनीत करते हीं सुश्री गुंजन सिंह ने आशा व्यक्त कि है की बेबी देवी पद ग्रहण के साथ ही जिला महिला कांग्रेस कमिटी का शीघ्र ही गठन करते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा से जिला में महिला कांग्रेस की संगठन को अधिक से अधिक मजबूति प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देगी , और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।
बेबी देवी के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता असगरी अंजूम, मनिषा टोप्पो, कोमल कुमारी, राजू चौरसिया, बाबर




उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, साजिद अली खान, बिनोद सिंह, जावेद मल्लिक, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद, गुड्डु सिंह, सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, अंसारी, विजय कुमार सिंह, मो. रब्बानी, सचिन कुमार मेहता, माशूक अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते उनहें हार्दिक बधाई दी है ।

# पति की हत्या कर पत्नी पुलिस से बचने के लिए कुएं में छिप गयी।

**समाज जागरण,राजेंद्र मिश्र, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, झारखंड प्रदेश।**
धनबाद : शहर के तेलीपाड़ा दामोदरपुर में पति की हत्या कर फरार पत्नी को उसके घर के समीप एक कुएं से बरामद किया गया। जहां सदर पुलिस ने पहुंच कर आरोपी महिला को कब्जे में ले लिया। मालूम हो कि मंगलवार की देर रात सदर थाना क्षेत्र के तेलीपाड़ा दामोदरपुर में पति अजीत हांसदा और उसकी पत्नी सरस्वती देवी के बीच आपसी विवाद हुआ था।
इसके बाद पति की हत्या कर पत्नी फरार हो गई। इस बीच बुधवार की सुबह पुलिस ने जब पति के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए SNMMCH भेज दिया। उसके थोड़ी देर बाद ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस को पुनः क्षेत्र में पहुंचना पड़ा। क्योंकि पत्नी सरस्वती देवी के एक कुएं में छिपे होने की सूचना सामने आई।
इसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में रस्सी से बांधकर



लकड़ी की सीढ़ी को डाला। जिस पर आरोपी महिला चढ़कर कुएं से बाहर निकली। इस दौरान पुलिस ने महिला को अपने गिरफ्त में ले लिया। वहीं स्थानीय ग्रामीण आरोपी महिला को देखकर काफी उग्र हो उठे। जिस किसी तरह समझा-बुझाकर पुलिस ने शांत कराया। वहीं आरोपी महिला को पुलिस हिरासत में लेकर सदर थाना ले गई।

# मदनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन सीआरपीएफ 47 वी बटालियन के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का किया गया आयोजन- सत्येंद्र नारायण सिंह

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखंड स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में बहुउद्देशीय भवन सीआरपीएफ 47 वी बटालियन के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन सीआरपीएफ 47वीं बटालियन के कमांडेंट व राणा मुंद्रिका प्रसाद सिंह रियासत घटराइन बिहार के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी के परिवार जनों में राणा मुंद्रिका प्रसाद सिंह के उत्तराधिकारी उनके नाती वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह सहित अन्य स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस संबंध में वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सीआरपीएफ मुख्यालय के दिशा- निर्देश के आलोक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है . कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन से लेकर



जनप्रतिनिधियों ,पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों का काफी सहयोग रहा. वही ग्रामीण, स्कूली बच्चे, जन प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं मीडिया कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. और कार्यक्रम को सफल बनाया. उन्होंने आगे कहा कि मदनपुर प्रखंड के 19 पंचायतो से मिट्टी को एकत्रित कर एक क्लस में रखा गया है. राणा मुंद्रिका प्रसाद सिंह रियासत घटराइन बिहार के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में एक थे. जिनके घर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजन में कलश में मिट्टी भरकर लाया गया. जो देखने में आकर्षित लग रहा था. उपस्थित लोगों ने उनके परिवारजनों एवं वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह को अंग वस्त्र पुष्प का माला पहनाकर एवं भेट में गमला के साथ पौधा देकर स्वागत किया. ज्ञातव्य हो कि देश की राजधानी दिल्ली में सरकार के द्वारा एक अमृत वाटिका का निर्माण कार्य प्रस्तावित है ,जिसमे देश के समस्त परिवार के घर से मिट्टी और चावल का योगदान वांछनीय है.समस्त एकत्रित मिट्टी एवं चावल को जिला मुख्यालय के माध्यम से देश की राजधानी तक पहुंचाना है. इसी उद्देश्य को लेकर सीआरपीएफ 47 वी बटालियन ने कार्यक्रम कर लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटा है. वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि अमर शहीदों की याद में देशभर में ह्यअमृत कलश यात्राह्न निकाली जा रही है, तथा ह्यदेश के कोने-कोने से कलशों में मिट्टी लेकर यह ह्यअमृत कलश यात्राह्न देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी . कलशों में आने वाली मिट्टी को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास ह्यअमृत वाटिकाह्न बनाया जाएगा. यह ह्यअमृत वाटिकाह्न ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न का भव्य प्रतीक भी बनेगी. जो देश का गौरव बढ़ाएगी.

## बी एन एम यू जंतु विज्ञान के गेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ब्रजेश को मिलेगा युवा वैज्ञानिक सम्मान

*चार देश सहित पंद्रह सोसाइटी के कॉलेबोरेशन से अयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस काठमांडू में मिलेगा यह सम्मान*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
नेपाल एक्वाकल्चर सोसाइटी के द्वारा 6 एवं 7 को आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस जिसमें चार देश नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड और भारत सहित पंद्रह सोसाइटी का कॉलेबोरेशन है काठमांडू के कार्यक्रम में यह सम्मान मिलेगा। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 6 एवं 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बी एन एम यू लालू नगर मधेपुरा के अंगीभूत ईकाई टी पी कॉलेज मधेपुरा के जंतु विज्ञान विभाग के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह को शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए युवा वैज्ञानिक के सम्मान से सम्मानित किया जाना सुनिश्चित हुआ है. उक्त आशय की जानकारी देते हुए कॉन्फ्रेंस के निर्देशक सह नेपाल एक्वाकल्चर सोसाइटी के प्रेसिडेंट प्रो. डा. श्याम नारायण लाभ नें एक पत्र जारी करते हुए कहा है कि इस अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के लिए नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड और भारत सहित 15 संस्थानों के सेलेक्शन कमिटी के द्वारा डॉ ब्रजेश कुमार सिंह को युवा वैज्ञानिक सम्मान के लिए नामित किया गया है ज्ञात हो कि डॉ. ब्रजेश सिंह सिंहेश्वर नगर पंचायत के वार्ड 4 के निवासी है और डॉ राधा रमन सिंह और श्रीमती रेखा



देवी के पुत्र हैं और इन्होंने अभी तक दो दर्जन सेमिनार में शिरकत कर चुके हैं साथ ही इनका दो दर्जन रिसर्च पेपर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र में भी प्रकाशित हैं. साथ ही दो शोध पत्रिकाओं में संपादक मण्डल भी रहे हैं और इन्हें पूर्व में भी इंटरनेशनल साइंस एंड रिसर्च अकादमी सहित कई संस्था द्वारा युवा वैज्ञानिक सम्मान से सम्मानित किया जा चूका है। कलाजार रोग पर इनका शोध यू जी सी के शोध गंगा वेबसाइट पर भी प्रकाशित है इनकी इस उपलब्धि को लेकर ए वी वी पी के डॉ रंजन यादव, डॉ दिलीप कुमार दिल, छात्र राजद के डॉ माधव कुमार, शोधार्थी आनंद कुमार भूषण, निरंजन कुमार निराला,डॉ चन्दन चाँद,मनीषा कुमारी, स्वीटी कुमारी, डॉ अनुजा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी आदि सहित दर्जनों शिक्षाविदों नें बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

**बीएनएमयू से दर्जनों शिक्षा-विद भी करेंगे काठमांडू के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिरकत**

अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में बी एन एम यू के दर्जनों प्रोफेसर और शोधार्थी भी भाग लेकर अपने अपने शोध संबंधित शोध पत्रों की प्रस्तुति जिसमे मुख्य रूप से प्रो. डॉ.नरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ.पंचानंद मिश्रा, डॉ.भुवन भास्कर मिश्रा, डॉ. अनुजा कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी, जंतु विज्ञान के शोधार्थी आनंद कुमार भूषण,डॉ राखी भारती, डॉ रविन्द्र श्रीवास्तव, डॉ नवोदिता कुमारी,स्नेहा कुमारी, निशा कुमारी, पूजा कुमारी, डिम्पल भारती आदि भी शामिल रहेंगे ।

## बीएनएमयू : स्नातक में द्वितीय सूची से नामांकन 5 से 10 अक्टूबर तक

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
बीएनएमयू में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (जुलाई-दिसम्बर 2023), सत्र 2023-2024 में द्वितीय सूची के आधार पर नामांकन 5 से 10 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। साथ ही सभी नामांकित विद्यार्थियों का 11 अक्टूबर तक यूएमआईएस पोर्टल पर कन्फर्मेशन करने हेतु प्रधानाचार्यों को निदेशित किया गया है।

**2 नवंबर से होगी सीआईए परीक्षा**
उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने नामांकन, परीक्षा एवं परीक्षा फल प्रकाशन के कार्यों में गति लाने का निदेश दिया है। कुलपति के निदेशानुसार उन्होंने बताया कि प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकित सभी विद्यार्थियों का कक्षारंभ 29 सितंबर से हो चुका है। आगे 15 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया पूरी करनी है और 2-6 नवंबर तक सतत आंतरिक मूल्यांकन (सीआईए) परीक्षा आयोजित करना है। उन्होंने बताया कि सीबीसीएस के अंतर्गत सीआईए तीस अंकों का होना है। इसमें पंद्रह अंक टेस्ट, दस अंक असाइनमेंट/ सेमिनार/क्विज प्रेजेंटेशन और पांच अंक उपस्थिति पर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुलपति ने प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि वर्ग-तालिका के अनुरूप सभी विषयों की कक्षाएँ अनिवार्यतः निर्धारित तिथि से शुरू करा दी जाएँ। इसके साथ ही कक्षाओं में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएँ तथा परीक्षा फार्म अग्रसारण के पूर्व विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर ली जाएँ। उन्होंने बताया कि कुलपति ने सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी प्राप्त करने का निदेश दिया है। सीबीसीएस के क्रियान्वयन को



लेकर कुलपति की अध्यक्षता में पिछले 12 दिनों में सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की दो बैठकें हो चुकी हैं। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन करने का निदेश दिया है।

**विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद है सीबीसीएस**
उन्होंने बताया कि सीबीसीएस कोर्स करने से विद्यार्थियों को कई फायदा होगा। विद्यार्थी अपनी पसंद से जो भी विषय पढ़ना चाहें, उसका चयन कर सकते हैं।कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि विद्यार्थियों के पंजीयन के समय सही से विषय भरना सुनिश्चित करा लें। सभी प्रधानाचार्यों को मेजर, माइनर और स्कील इन्हान्समेंट कोर्स एवं वेल्यू एडेड कोर्स की सूची उपलब्ध करा दी गई है।

**सीबीसीएस में है क्रेडिट सिस्टम**
उन्होंने बताया कि सीबीसीएस के अंतर्गत चार वर्षीय कोर्स 8 सेमेस्टर का है और इसके लिए 160 क्रेडिट तय किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा। छात्रों को अंतिम वर्ष के सातवें सेमेस्टर में पहुंचने तक 7.5 सीजीपीए प्राप्त करना होगा। उन्होंने बताया कि सीबीसीएस सिस्टम में विद्यार्थियों को प्रत्येक छः माह पर मुख्य परीक्षा देनी होगी। एक वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद सर्टिफिकेट और दो वर्ष बाद डिप्लोमा और तीन वर्षीय कोर्स करने के बाद डिग्री मिल जाएगी। चौथे वर्ष में पढ़ना अनिवार्य नहीं है। तीन वर्षीय स्नातक करने वालों के लिए पीजी दो वर्ष का होगा। चार वर्षीय कोर्स करने वालों के लिए पीजी एक वर्ष का ही होगा और उन्हें रिसर्च का भी मौका मिलेगा।

## पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए तीसरे दिन भी अनशन अभियान जारी

*हौसला अफजाई के लिए अनशन स्थल पहुंचे संजीव मिश्रा,अभियान को मिला बल*

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।**
पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए 2 अक्तूबर से शुरू हुए मिथिला स्टूडेंट यूनियन के तत्वाधान में जनसत्याग्रह आंदोलन सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल निरंतर तीसरे दिन भी सक्रिय है।
8 वर्षों से उपेक्षित और अनदेखा किए जा रहे पूर्णियां एयरपोर्ट से पोर्टा केबिन के तहत हवाई सफर शुरू करने के लिए सरकार की ओर से तत्काल तिथि



निर्धारित हो। इस आमरण अनशन में मिथिला स्टूडेंट यूनियन के अलावे पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा सहित पूर्णियां के दर्जनों सामाजिक संगठन और समाज के प्रबुद्धजन लोग शामिल हैं और इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से कृत संकल्पित हैं। अनशन को अगुवाई कर रहे संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अविनाश कुमार मिश्र ने समस्त पूर्णियां और पूर्णियां प्रमंडल वासियों समेत आसपास के दर्जनों जिले के इस मुहिम से भविष्य में लाभान्वित होने वाले लोगों से अनशन स्थल पर आकर साथ देने की अपील की है। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे डाक्टरों के अनुसार अनशनकारीयों के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट दर्ज किया जा रहा है। वहीं अनशन के तीसरे दिन जिला प्रशासन पूर्णियां की ओर से अनशन को समाप्त करने का भी दबाव बनाया जाने लगा है, जिसको लेके पूर्णियां एयरपोर्ट मुहिम के समर्थकों में काफी रोष देखने मिलने लगा है।परंतु प्रशासनिक दबाव के बावजूद भी अनशनकारियों ने इस अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को आगे निरंतर जारी रखने को बात कही है। और तबतक अनशन जारी रहेगी जबतक की सरकार की ओर से कोई निश्चित तिथि का आश्वासन नहीं दे दिया जाता।

## पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

***बालक वर्ग में किशनगंज के मो. अमानुल्लाह एवं बालिका वर्ग में पूर्णियां कॉलेज पूर्णियां की श्वेता कुमारी बनी चैंपियन***

***पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने विजेताओं को दी बधाई और किया उज्जवल भविष्य की कामना***

***शतरंज प्रतियोगिता का ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी आज इच्छुक खिलाड़ी गण ले सकते हैं भाग***

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां ।**
पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में अंडर 16 बालक एवं बालिका वर्ग का चल रहे शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला खेला गया। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि शतरंज प्रतियोगिता के अंडर 11 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के बाद कल दिनांक 05-06 अक्टूबर को शतरंज के ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जाएगी। अब तक शतरंज प्रतियोगिता में 263 खिलाड़ियों ने भाग लिया है।
टेबल टेनिस प्रतियोगिता दिनांक 07 -08 अक्टूबर को पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में सुबह 8: 00 बजे से खेला जाएगा। प्रतियोगिता हेतु विद्यालयों को सूचना भेज दी गई है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना किया।
**पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6**
शतरंज प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर -16 सात चक्र की समाप्ति के बाद बालक वर्ग में किशनगंज के मोहम्मद अमानुल्लाह 7 राउंड में 6.5 सर्वाधिक अंक अर्जित करके बालक वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में पूर्णिया कालेज पूणिया की श्वेता




कुमारी 7 राउंड में 6 सर्वाधिक अंक के साथ बालिका वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त की प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मुकाबला अक्षत कुमार सेंट पीटर्स स्कूल इंग्लिश मीडियम पूर्णिया और खगड़िया जिला के अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी माधव कुमार यशवंत को ड्रॉ करने पर बाध्य किया ।
**प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शीर्ष 10 खिलाड़ियों में** 1. मोहम्मद अमानुल्लाह -किशनगंज,2. केशव कुमार यशवंत- खगड़िया, 3. माधव कुमार यशवंत-खगड़िया 4. अक्षत कुमार सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल,5. नमन कुमार - एस आर डीएवी पब्लिक स्कूल,6. रोहन कुमार- पैराडाइज स्कूल,7. पारस मणी- एसएमएस कसबा,8. कौटिल्य कश्यप फॉच्यूर्ना साइन स्कूल,9. दिवाकर- सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल,10. प्रियम यादव- पैराडाइज स्कूल।
*बालिका वर्ग में शीर्ष 10 खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं*1. श्वेता कुमारी- पूर्णिया कॉलेज पूणिया।2. कुमारी जिया- एसआर डी ए वी पब्लिक स्कूल
3. कुमारी आयुषी प्रिया- खगड़िया,4. विधि जयपुरिया- एस्आर डी ए वी पब्लिक स्कूल
5. रागिनी कुमारी सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल,6. राधा कुमारी- पैराडाइज स्कूल,7. साक्षी कुमारी- एम एस एम एस कस्बा
8. सलोनी कुमारी-एम एस एम एस कसबा। उपरोक्त चयनित खिलाड़ी गण को पुरस्कार दिए जाएंगे।
मुख्य निर्णायक की भूमिका अतंराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी निरोज खान किशनगंज एवं शतरंज क्लब के सचिव सह शतरंज प्रशिक्षक अमृत साजन निभा रहे हैं । इस अवसर पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर", हरिओम झा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, पवन कुमार, चन्दन कुमार, ललित कुमार, रवि कुमार के साथ - साथ अभिभावक गण व खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जरूरतमंदों की सेवा में लायंस क्लब निभाती है सक्रिय भूमिका: बिनोद अग्रवाल

*लायंस क्लब मधेपुरा फेमिना और रॉयल का किया गया इंस्टॉलेशन*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**
मधेपुरा के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए लायंस क्लब रॉयल और लायंस क्लब फेमिना का एक साथ इंस्टॉलेशन किया गया। शहर के जीवन सदन में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब रॉयल और फेमिना के सदस्यों को शपथ दिलाई गई और आगे की प्राथमिकता की जानकारी ली गई। कार्यक्रम में जिलापाल (डीजी) 322 ई लायन विनोद अग्रवाल, पूर्व डीजी अनुपम सिंघानिया, प्रकाश नंदा और उप जिला पाल गनावत मलिक, जोनल प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप कुमार सिंह, गाइडिंग चेयरपर्सन चंद्रशेखर कुमार और इंद्रनील घोष ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत शॉल, पाग और बुके से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पॉन्सर क्लब लायंस क्लब मुरलीगंज के अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार ने की।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलापाल लायन विनोद अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब दुनिया की सबसे बड़ी संस्था है और यह जरूरतमंदों को सेवा उपलब्ध करवाती है। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को लायन का बैच और किट उपलब्ध करवाया जो लोगों की सेवा में उपयोग किया जा सके। उन्होंने जोनल चेयरपर्सन डॉ दिलीप कुमार सिंह को धन्यवाद दिया कि उन्होंने मात्र 3 महीने के अपने कार्यकाल में मधेपुरा में तीन नई क्लब की स्थापना की और एक रिकॉर्ड कायम किया। पूर्व अध्यक्ष लायन चंद्रशेखर कुमार ने स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि लायंस क्लब मधेपुरा रॉयल और फेमिना ने गठन के साथ ही क्लब समाज सेवा में अपना मिशाल कायम किया है। पूर्व जिला पाल प्रकाश नंदा ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल 200 से अधिक देशों में काम कर रही है इसका मकसद अधिक से अधिक समर्थवान लोगों को जोड़कर गरीब और निस्सहाय लोगों की सेवा करना है। पूर्व जिला पाल अनुपम सिंघानिया जो इंस्टॉलेशन पदाधिकारी भी थे उन्होंने सभी पदाधिकारी को अपने पद की शपथ दिलाई और उसके कर्तव्य का भी बोध करवाया। उप जिलापाल गनावत मलिक ने कहा कि क्लब में लोगों की शत प्रतिशत उपस्थिति से उम्मीद है कि यह क्लब लायंस क्लब के उद्देश्य के अनुरूप बेहतर कार्य को अंजाम देगा। इस अवसर पर फेमिना की अध्यक्ष



अग्रणी घोष ने डीजी बिनोद अग्रवाल, पीडीजी अनुपम सिंघानिया, प्रकाश नंदा, उप जिला पाल गनावत मलिक, जोनल चेयरपर्सन डॉ. दिलीप कुमार सिंह, पूर्व चेयरपर्सन चंद्रशेखर कुमार, पूर्व सचिव इंद्रनील घोष सहित अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब फेमिना महिलाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जबकि लायंस क्लब मधेपुरा रॉयल के अध्यक्ष किशोर कुमार ने कहा कि यह क्लब पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, हंगर प्रोजेक्ट, पीस पोस्टर सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान इत्यादि पर काम करेगी। कार्यक्रम का संचालन मधेपुरा लायंस क्लब रॉयल के सचिव लायन रूपेश कुमार ने किया।उन्होंने कहा कि यह क्लब स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी काम करेगी और बहुत जल्द ही जरूरतमंद लोगों के बीच सिलाई मशीन वितरित किया जाएगा। फेमिना की सचिव डॉ. कुमारी अनिता ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध जनों में डॉ भूपेंद्र नारायण यादव मधेपुरी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अशोक यादव, जूलॉजी के पूर्व पीजी हेड प्रो. अरुण कुमार, डॉ. बी राणा, डॉ सरोज सिंह, केपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जवाहर पासवान, डॉ विजय कुमार विमल, प्रसिद्ध खेल प्रशिक्षक संत कुमार, मधेपुरा टाइम्स के संपादक राकेश कुमार सिंह कोसी टाइम्स के संपादक प्रशांत कुमार, तुरबशु के साथ-साथ लायंस क्लब मधेपुरा रॉयल के प्रथम उपाध्यक्ष डॉ. असीम प्रकाश, द्वितीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ नीरज कुमार, अरुण कुमार, मनीष कुमार मिंटू, धर्मेंद्र भारद्वाज, अमितेश कुमार सोनू, लायन विकास कुमार, लायन अमोद कुमार, लायन प्रमोद कुमार, लायन निशांत कुमार, लायन शाहिद जमाल, लायन डॉ. राकेश रंजन, लायन रवि शर्मा, लायन रोशन कुमार, लाइन अभिषेक सोनू, लायन दिवाकर कुमार, लायन चेतन कुमार और अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल का बैंड दल ने आगत अतिथियों का बैंड धुन से स्वागत किया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह भरने का कार्य किया। लायंस क्लब फेमिना की डॉ. तंद्रा शरण, डॉ. पूनम, चंदा कुमारी, वंदना कुमारी, शिवानी अग्रवाल, शिवांगी गुप्ता, सारिका कुमारी, अरोटी घोष, संजन सिंह, पुष्पा झा, अलका भारती, दीपिका, रोमा प्रियदर्शनी, रूबी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश का चुनावी गणित भाजपा के लिए नई चुनौती: राजा बाबू

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**
देश एक बार फिर एक नए मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है, जिस तरह बिहार में जातीय जनगणना कराई गई और उसके आंकड़े जारी किए गए हैं, तो लगता है कि फिर से जातियों की राजनीति पार्टियों के लिए नया हथियार बनेगी। उक्त बातें अररिया विधान सभा सीट से प्रत्याशी रहे युवा नेता राजा बाबू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। राजा बाबू ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और सरकार अमृतकाल की बात कह रही है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार दोहरा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या देश फिर विकास की पटरी से उतरकर जाति की ट्रेन पर चढ़ने को तैयार है। दरअसल, वर्ष 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी की बहुमत वाली चुनावी सफलता ने विपक्षी दलों में वर्ष 2024 से पहले एक बार फिर बेचैनी पैदा की है कि नरेंद्र मोदी पुनः वर्ष 2024 में विजय रथ पर सवार होकर तीसरे कार्यकाल में आ सकते हैं। पिछले साढ़े नौ साल से विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अलग-अलग मुद्दों पर घेरने की असफल कोशिश करता रहा है, लेकिन जातीय जनगणना का नया हथियार पिछले दिनों बिहार से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव ने मिलकर निकाला। कांग्रेस पार्टी भी इस मुद्दे पर मुखर है। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी बार-बार इस बात को दोहरा रहे हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब दुनिया सभी तरह के भेदभावों को दूर करने की पुरजोर वकालत कर रही है और उसे दिशा में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है तो क्या जाति के आधार पर हिस्सेदारी देने से देश का भला हो पाएगा? क्या मोदी सरकार के लिए संकट है जातीय जनगणना ? वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा पर 50 प्रतिशत की कैपिंग लगा रखी है। फिर भी अपने पिछले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने आर्थिक आधार पर जनरल कैटेगिरी को 10 प्रतिशत का ईडब्ल्यूएस आरक्षण दिया। देखा जाए तो आ-



रक्षण 50 से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है और अनारक्षित श्रेणी मात्र 40 प्रतिशत रह गई। तमिलनाडु जैसे राज्य तो 65 प्रतिशत से ऊपर आरक्षण दे रहे हैं। बिहार से निकले जातीय जनगणना के आंकड़े मोदी चुनाव हार गए। कांग्रेस नेता राहुल सरकार के लिए निश्चित रूप से संकट में डालने वाले हैं, क्योंकि बिहार से चली जातीय जनगणना की ट्रेन अब सभी राज्यों में घूमने वाली हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इसके कई स्टॉपेज आपको देखने को मिल जाएंगे। यह भी संभव है कि ओबीसी जातियां फिर से मंडल कमीशन वाली राह पर लौटें और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर देश एक बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ जाए। फिर वही सवाल, विकास का क्या होगा दरअसल, राजनीति ही देश की कुछ ऐसी है कि जातियों को देखकर टिकट निर्धारित होते हैं। नेता बनते हैं, वरना क्या कारण था कि मेट्रो मेन ई. श्रीधरन केरल में गांधी ने पिछले दिनों संसद में भारत सरकार में सचिव भी जातियों के आधार पर बांट दिए। क्या नहीं उठने चाहिए ये सवाल ? क्या देश को स्वयं से यह सवाल नहीं पूछना चाहिए कि जब हमारा तिरंगा चांद पर पहुंच गया तो जाति के आधार पर राजनीति से हटकर देश की मूल समस्याओं जैसे गरीब उन्मूलन, लैंगिक असमानता को दूर करना, शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाना, रोजगार के अवसर पैदा करना, नए आविष्कार करना, जल संकट दूर करना जैसे मुद्दों पर केंद्रित नहीं होना चाहिए। क्या आरक्षण को लेकर एक समीक्षा यह नहीं होनी चाहिए कि कौन सी ऐसी जातियां हैं, जो आरक्षण के दायरे में आती हैं, लेकिन उन्हें आज भी इसका लाभ नहीं मिला है। कुछ खास जातियों को ही आरक्षण का लगातार लाभ मिल रहा है या जिन परिवारों ने एक बार आरक्षण का लाभ ले लिया, वही लगातार आरक्षण के लाभ को लेते आ रहे हैं। जातीय जनगणना के साथ आरक्षण का लाभ ले चुके परिवारों और नहीं लाभ लेने वाले परिवारों की जानकारी भी दी जानी चाहिए। साथ ही, आर्थिक आधार पर भी जातियों की गणना होनी चाहिए। क्रीमीलेयर को सख्ती से निर्धारित किया जाना चाहिए। आज ऐसे बहुत से उदाहरण देखने को मिल जाएंगे, जहाँ परिवार बहुत संपन्न है, लेकिन वह आरक्षण का लाभ जाति के नाम पर ले रहा है। जाति के आधार पर नए सिरे से आरक्षण की मांग तो उठेगी, लेकिन उसमें उन आरक्षित परिवारों पर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है, जिनका उद्धार अभी तक आरक्षण से नहीं हुआ है। आरक्षण की कितनी सीमा रखी जाए, इस पर भी सभी राजनीतिक दलों को बैठकर सोचने की जरूरत है।

## कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती को जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाएगी भाजपा : रंजीत यादव

*प्रेसवार्ता कर कार्यकर्ताओ के साथ पटना के लिए कूच किए युवा नेता रंजीत डॉन*

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**
स्व. कैलाशपति मिश्र भाजपा के केवल कार्यकर्ता नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, वे पार्टी के रीढ़ थे। उन्हें भाजपा के दधिचि और भीष्म पितामह के नाम से जाना जाता है। यह बात बुधवार को अपने फर्म हाऊस आश्रम चौक अररिया स्थित जनसंपर्क कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव ने कही। श्री यादव ने बताया कि भाजपा के संस्थापक सदस्य और बिहार भाजपा के भीष्म पितामह माने जाने वाले स्व. मिश्र की 100 वीं जयंती समारोह को बिहार भाजपा जन्मशताब्दी वर्षगांठ के रूप में मनाएगी। इसके तहत लगातार एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि कार्यक्रमों की शुरूआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पटना में स्व. मिश्र जी की जन्म जयंती के मौके पर पांच अक्तूबर को होगी। सम्मानित किया जाएगा। मोदी सरकार स्व. मिश्र के विचारधारा को लेकर चलने का काम कर रही है।उन्होंने पांच अक्टूबर को बापू सभागार में



पटना के बापू सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष और कमेटी सदस्य तथा प्रदेश के अधिकारी हिस्सा लेंगे। सभी जिलों में समारोह आयोजित कर जनसंघ और भाजपा के पुराने साथियों को होने वाले विशेष कार्यक्रम को लेकर अररिया लोकसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक कार्यकताओं को भाग लेने की अपील भी की । इस दौरान भाजपा नेता ई.बबलू यादव, बाबू राम झा सहित कई अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## दयालु भगवन! इस बार तो मुझे महामहिम राज्यपाल कोटा से एमएलसी बनाइए

*माननीय चीफ मिनिस्टर को जद यू के राज्य परिषद सदस्य नागेश्वर कामत ने खत लिखकर दिलाई याद*

**दैनिक समाज जागरण नरपतगंज ।**
सीमांचल एवं मिथिलांचल के जद यू के वरिष्ठ नेता व पार्टी में "बाबा" के नाम से चर्चित अति पिछड़ा जिला अररिया के खांटी नेता नागेश्वर प्रसाद कामत अपनी दर्द भरी दास्तां खत के माध्यम से भेजकर सूबे के यशश्वी मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को याद दिलाते हुए कहा कि हे "दयालु भगवन" आपने जल जीवन हरियाली कार्यक्रम मे अररिया दौरा के क्रम मे वचन दिया था कि आप चिंता ना करें सरकार बनते हीं समय आने पर आपको विधान परिषद सदस्य बनाएंगे। मेरी अन्तिम ईच्छा का मान रखते हुए मुझे राज्यपाल कोटे से एम एल सी बनाने की कृपा करें। एक समर्पित कार्यकर्ता को एम एल सी बनाने से कार्यकताओं के बीच अच्छा मैसेज भी जायेगा। बता दें कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड के ग्राम पोस्ट पिठौरा निवासी नागेश्वर कामत वर्ष 1969 से हीं समाज सेवा मे लगे हुए है स्व0 कपुरी ठाकुर जी के उन्होनें सामाजिक न्याय के लिए कार्य किये हैं एक बार सोशलिस्ट पार्टी



से 1969 के मध्यावधि चुनाव भी नरपतगंज सीट से विधानसभा चुनाव भी लड़े । नीतीश कुमार जी के समता पाटी के क्रियाशील सदस्य पद पर रहते हुए उनके साथ रहा। जब वे जद यू बनाए तो वे पार्टी के राज्य परिषद सदस्य हैं। अति पिछड़ा के उत्थान के लिए नीतिश कुमार के कार्यो को ये जन जन तक पहुंचाने में लगे रहते हैं। सीमांचल और मिथिलांचल के समर्पित एवं विश्वासी नेता नागेश्वर कामत को यदि जदयू अपने कोटा से एम एल सी/ विधान परिषद से नोमिनेट कर बनाती है तो मिथिलांचल में एवं सीमांचल में कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा

## मुसलमानों की आबादी के हिसाब से उन्हें सरकार में हिस्सेदारी नहीं होना दु:खद!

*फौरन दलित और मुस्लिम को डिप्टी सीएम बनाएं नीतीश:शाहजहां शाद*

**दैनिक समाज जागरण अररिया।**
सीमांचल डेवलपमेंट फ्रंट के महासचिव शाहजहां शाद ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा की जातीय जनगणना रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि पिछड़े, दलित व मुसलमानों को उनके हक के हिसाब से राजनैतिक हिस्सेदारी नहीं मिल पा रही है,बिहार में लगभग 18% मुस्लमानों की आबादी में पांच मंत्री वहीँ 14% यादव की जनसंख्या में 13 मंत्रालय तेजस्वी यादव ने रखा है वही 15% स्वर्णो में 6 मिनिस्टर का होना इस बात का प्रमाण है की नीतीश कुमार का नारा " जिसकी जितनी आबादी सत्ता में उसकी उतनी हिस्सेदारी"का नारा महज जूमला है, अगर नीतीश कुमार की कथनी और करनी में फर्क नहीं है तो फौरन एक दलित डिप्टी सीएम व बिहार के सबसे पिछड़े इलाके सीमांचल से एक मुस्लिम डिप्टी सीएम बनायें,और आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आबादी के हिसाब से मुसलमान और दलितों को प्रतिनिधित्व करने का मौका दें, सीमांचल डेवलपमेंट फ्रंट के



महासचिव ने कहा कि माय समीकरण में मुस्लिम की आबादी यादवों से ज्यादा है तो उनकी भागीदारी भी अधिक होनी चाहिए वरना मुस्लिम अब बंधुआ नहीं रहे है वो राजनैतिक रास्ता बनाना सीख चुके है पिछले विधानसभा चुनाव में इस बात की चेतवानी मुस्लिम वोटरों ने खुले तौर दे दी थी।

# रास्तों पर भीषण गन्दगी, जलभराव से ग्रामीण परेशान

विशाल सोनकर (जौनपुर)
सिरकोनी, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के रमदत्तपुर गांव के बीच से जाने वाली सड़क पर ट्रकों के आने-जाने से बन गए बड़े गड्ढे व गंदगी के अंबार होने से नाराज होकर जिम्मेदारों के खिलाफ बुधवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बरसात होने के बाद सड़क पर पानी इकट्ठा व सड़क पर गंदगी का अम्बार होने से बरसात के दिनों में संक्रमण रोग होने की आशंका से चिंतित ग्रामीणों ने व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया।

उक्त गांव के बीच से जाने वाली सड़क टूट कर गढ्ढे व कीचड़ बने रहने से वहां के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। इसके अलावा मच्छर जनित बीमारियों की हमेशा आशंका बनी रहती है। शासन प्रशासन के स्पष्ट निर्देश के बाउजूद वहां इस प्रकार से गंदगी का अंबार रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दिनों बड़े वाहनों के ज्यादा आने जाने से सड़क एक दम खराब हो चुकी है। हौज टोल प्लाजा का टोल टैक्स बचाने के चक्कर मे काफी वाहन सिरकोनी से तथा जफराबाद बाईपास से होकर इस सड़क से ही निकल रही है। हालांकि अब ट्रक व ट्रेलर जैसे बड़े वाहन वीरभानपुर नहर मार्ग से निकल रहे रहे। सड़क के टूटने के कारण आये दिन बाइक व साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे। सड़क के दोनों तरफ आबादी है। चार पहिया वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं जिसके कारण बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।इसको लेकर बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया।



गांव के राजेश कुमार ने कहा कि ये सड़क बने काफी दिन हो चुके है। ट्रकों के आने–जाने से बीच–बीच में गड्ढे होने से जलभराव हो गया है और सड़क पर गन्दगी का अंबार लग गया है जो लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। अगर सफाईकर्मी लगाकर साफ करा दिया जाय तो अच्छा रहता। शैलेश कुमार ने कहा कि सड़क के गड्ढों के कारण गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं जबकि मामूली रूप से तो दर्जन भर से ज्यादा लोग गिरकर घायल हो गए हैं। शीला देवी ने कहा कि सड़क के किनारे गांव के पास सफाईकर्मी द्वारा साफ न करने पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाईकर्मी गांव में आते ही नहीं और न ही साफ–सफाई करते हैं, इसलिए गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे तमाम सी बीमारियों का खतरा बना रहता है। सड़क को जल्द से जल्द बनवाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में शिवचन्द प्रजापति, पारसनाथ, अजय प्रजापति, दीपक कुमार, शीला देवी, अर्चना सहित तमाम लोग उपस्थित रहे

# स्कूली वैन से कुचलकर मासूम की दर्दनाक मौत

विशाल सोनकर (जौनपुर)
खेतासराय(जौनपुर)थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर में बुधवार की सुबह बच्चों को लेने आई एक स्कूल का वाहन बैक करते समय चार साल की बालिका को रौंद दिया । घटना स्थल पर ही बालिका की दर्दनाक मौत हो गई । हादसे होने के बाद मय वाहन ड्राइवर फरार हो गया । मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया । बच्ची की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया ।

अपने मामा के यहाँ आई हाजरा 4 वर्ष पुत्री हसनैन निवासी कटौली थाना लालगंज आजमगढ़ सुबह अपने दरवाजे के बाहर खड़ी थी । इसी दौरान मारूफपुर में स्तिथ एक मरदसे की स्कूली वैन छात्र छत्राओ को लेने आई थी । बैक करने के दौरान बालिका पिछले पहिया के जद में आ गई । जिस से उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई । मौका पाते ही ड्राइवर गाड़ी समेत खिसक लिया । सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस छानबीन में जुट गई । शव को



कब्जे में लेकर मेडिकल के लिए के लिए भेज दिया ।

थानाध्यक्ष चंदन रॉय ने बताया कि स्कूली वाहन से बालिका की मौत हुई है । तहरीर मिलते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

काश आवाज सुनकर गाड़ी रुकती तो बच जाती मासूम..
खेतासराय(जौनपुर) मोहिद्दीनपुर में स्कूली वाहन से घर के एक चिराग बुझ जाने में ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है । मारूफपुर मदरसे की स्कूली बस छात्र छात्राओं को लेने गई यहा ड्राइवर यातायात नियमों की अनदेखी कर बैक करने लगा । अन्य बच्चें घटना के दौरान आवाज लगाते रहे लेकिन उसने एक नही सुनी । यदि गाड़ी में तैनात रहा परिचालक उसने ट्रैफिक नियम का पालन क्यों नही किया ? सवाल उठ रहा है । हादसे से जहाँ घर मे कोहराम मचा है वही गांव में मातम का माहौल है।

# श्रुतलेख परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा का विद्यालय में किया गया सम्मानित

**समाज जागरण विशाल सोनकर (जौनपुर)**
जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय मयंदीपुर ब्लाक बक्शा की छात्रा शगुन यादव



पुत्री विजय यादव ने जनपद स्तरीय श्रुतलेख प्रतियोगिता में पूरे जिले में प्रथम स्थान पाकर अपने विद्यालय /गांव मयन्दीपुर का नाम रोशन किया है, इस प्रतियोगिता में पूरे जिले से 21 ब्लॉकों के चयनित छात्रों ने हिस्सा लिया था , विद्यालय की प्रधानाध्यापिका किरन सिंह ने प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा को माला पहनाकर और पारितोषिक देकर सम्मानित किया,और कहा कि छात्रा ने इस उपलब्धि के माध्यम से पूरे विद्यालय और गांव का नाम जनपद स्तर पर रोशन किया है, छात्रा का सपना है कि वो डॉक्टर बनकर गरीबो की सेवा करे। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह,सुरेंद्र मोहन सिंह, राजेश सिंह,अंकिता यादव,सुनीता,जमील,विनीत,रविन्द्र प्रताप बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य सहित सभी के मुकदमे की वापसी की अदालत से लगीं मोहर

वाराणसी। आज एम पी एम एल कोर्ट ने सरकार द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती सहित सभी के मुकदमे की वापसी पर सुनवाई करते हुए मुकदमा वापसी पर अपनी मोहर लगा दी है बता दे कि एम पी एम एल कोर्ट वाराणसी मे सुनवाई करते हुए जज अवनीश गौतम ने अजय राय को छोड़ कर सभी के मुकदमे की वापसी पर अंतिम निर्णय सुनाया है।

2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में 5 अक्टूबर, 2015 को निकाली गयी ह्यअन्याय प्रतिकार यात्राह्ल में नामजद 82 लोगों में से उ0प्र0 शासन द्वारा 81 लोगों के खिलाफ हुए मुकदमे को वापस लिया गया, जिसका संदर्भ लेते हुए अपर सत्र न्यायाधीश वाराणसी (एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट) ने उन 81 लोगों को बरी कर दिया।

उन 82 लोगों में से सिर्फ एक व्यक्ति वर्तमान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री अजय राय के खिलाफ हुए मुकदमें को वापस नहीं लिया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सी0पी0 राय ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ही घटना और एक



ही मुकदमे में दो तरह के फैसले कैसे लिये जा सकते हैं?

श्री सी0पी0 राय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बढ़ती लोकप्रियता और जनता का मिल रहा अपार समर्थन कहीं न कहीं इस सरकार में हताशा पैदा कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह पूरी तरह से पूर्वाग्रही और अविवेकपूर्ण कार्य है।

श्री राय ने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने नैतिकता के खिलाफ जाकर अपने कई मुकदमे एवं अपने उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मुकदमे वापस लिये। इसी मुकदमे में इनकी सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालूह्ल भी आरोपित थे, मगर उनका भी मुकदमा वापस लिया। पूरे प्रदेश में भाजपाइयों के 20 हजार से ज्यादा मुकदमे वापस लिये गये। मगर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बढ़ती लोकप्रियता से घबराये मुख्यमंत्री एक जायज मुकदमा वापस लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि अविलम्ब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ दायर इस मुकदमे को वापस लिया जाये।

# रात भर हुई बारिश के कारण ढहा जर्जर मकान

**समाज जागरण विशाल सोनकर (जौनपुर)**
जौनपुर। नगर के कोतवाली क्षेत्र में बड़ी मस्जिद तिराहे के सामने स्थित ऋषि मेडिकल एजेंसी के पास रात भर हुई बारिश के कारण एक पुराना जर्जर मकान ढह गया।

मौके पर जिला प्रशासन को सूचना मिलते ही यातायात आवागमन रोक दिया गया। राज कॉलेज चौकी प्रभारी, शंकर मंडी चौकी प्रभारी, पुरानी बाजार चौकी प्रभारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मकान गिरने से किसी के घायल होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन यह घटना सावधानी की आवश्यकता को दर्शाती है। ऐसे अनेक मकान जिले में देखे जा रहे हैं।

# बाइक से धक्का लगते ही निकली वृद्ध की जान

**समाज जागरण विशाल सोनकर (जौनपुर)**
जौनपुर। बैंक से अपना कार्य निपटाकर घर लौट रहे वृद्ध की बाइक से धक्का लग जाने से मौके पर ही मौत हो गई। मछलीषहर कोतवाली क्षेत्र के राजापुर पकड़ी गांव निवासी 75 वर्षीय लुददुर यादव बुधवार दोपहर मछलीषहर कस्बे के मड़ियाहूं तिराहा पर स्थित बैंक आफ बड़ौदा में किसी बैंक कार्य से आए हुए थे। वह बैंक का कार्य निपटाकर बैंक से बाहर निकल कर अभी कुछ दूर पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार भी गिर पड़ा और बाईक छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना पर पहुंची पुलिस ने अगलकृबगल के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें मछलीशहर सीएचसी भिजवाया जहां उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गये। मृतक के दोनों पुत्र राम आसरे व राम अकबाल भी कोतवाली पहुंच गये जहां उन्होंने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दिया जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विद्युत करेंट की चपेट में आने से मजदूर झुलसा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
सेवापुरी। वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र अटंगु गुरुवार को डीएलडब्ल्यू स्थित एक मकान के हो रहे ढलाई में मजदूरी के लिये गया हुआ था। जहां विद्युत करेंट की चपेट में आ गया आनन -फानन में वहां कार्य कर रहे अन्य मजदूर उसे एक निजी अस्पताल ले गये।जहां इलाज चल रहा है।

# मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण अवस्थापन बोर्ड की बैठक

समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर
वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण अवस्थापन बोर्ड की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, सचिव सुनील वर्मा समेत अन्य अधिकारिगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा अवस्थापन निधि से निम्नलिखित प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया-

- ₹67.00 लाख की लागत से संजय नगर कॉलोनी, कॉटनमील में निर्मित एचआईजी, एमआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवनों के पास सड़कों के सुदृढ़ीकरण का कार्य।
- ₹18.00 लाख की लागत से महामना नगर कॉलोनी सुन्दरपुर,करौंदी,लंका स्थित पार्क नंबर-2 में बाउंड्री गेट,ओपन जिम,पाथवे,चेयर,झूला आदि का निर्माणकार्य।
- ₹1.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम के निर्माण कार्य हेतु आरक्षित धनराशि । उक्त के संदर्भ में मंडलायुक्त द्वारा यह निर्देशित किया गया की इंदौर, बैंगलोर आदि के तर्ज. पर जंग-विरोधी फैब्रिकेटेड ओपन जिम लगाये जायें जिससे बारिश के उपरांत भी उक्त जिम निर्बाध्य संचालित किया जा सके।
- ₹3.50 लाख की लागत से लालपुर फेज टू वाराणसी में विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 12 दुकानें 08 फ्लैटों के नीचे रोड पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने व केसी ड्रेन के निर्माण का कार्य।
- ₹1.04 करोड़ की लागत से जनपद नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों (पण्डित दीनदयाल उपाध्याय नगर सीमान्तर्गत) के सुदृढ़ीकरण के साथ साथ मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं से आच्छादित किये जाने सम्बंधित कार्य।
- ₹5.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर में प्राथमिक/सेकेंडरी विद्यालयों हेतु ब्यूटीफिकेशन/इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टेडियम, आंगनवाड़ी विकसित किए जाने का कार्य।
- ₹3.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर में विभिन्न स्थानों पर मार्ग जैसे आशापुर चौराहा-सुहेलदेव तिराहा मार्ग, नटीनियादाई तिराहा से एनएच-56 मार्ग, अर्दली बाजार-महावीर चौक मार्ग, मीरापुर बसाहीं-सिंधौरा मार्ग, नदेसर मस्जिद से चौकाघाट चौराहा मार्ग आदि में प्रकाश व्यवस्था के कार्य ।
- ₹3.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर में विभिन्न मार्गों जैसे संत अतुलानंद बस स्टॉप से वा०वि०प्रा० जंक्शन मार्ग, पुलिस लाइन चौराहा से चौकाघाट मार्ग, अंबेडकर तिराहा से सर्किट हाउस मार्ग आदि पर आवश्यकतानुसार फूटपाथ का निर्माण एवं टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कार्य।
- ₹30.00 लाख की लागत से रामनगर आवासीय योजना में जलापूर्ति हेतु नलकूप स्थापना का कार्य।
- ₹26.00 लाख की लागत से सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज की ग्राउंड में मिट्टी भराई, आरसीसी ड्रेन एवं सीवर लाइन से संयोजन करने का कार्य।
- ₹50.00 लाख की लागत से वाराणसी शहर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य।
- ₹4.00 करोड़ की लागत से प्राधिकरण कार्यालयों/संपत्तियों के अनुरक्षण, प्राधिकरण विकास क्षेत्र में शहर के विभिन्न स्थानों पर प्राधिकरण की दृष्टि से दशाश्वमेध/लहरतारा/फुलवरिया व अन्य आवश्यक स्थानों पर पेंटिंग, साइनेज, अर्बन स्ट्रीट स्केपिंग, सड़क उच्चीकरण एवं मरम्मत, ग्रीन स्पॉट, पब्लिक स्पेस, काशी व्यू पॉइंट, आई लव काशी के साइन बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ पार्कों में मरम्मत रंगाई पुताई आदि का कार्य।
- ₹36.00 लाख की लागत से रवींद्रपुरी- लंका मार्ग स्थित पार्क के सुंदरीकरण का कार्य।
- ₹22.00 लाख की लागत से दुगार्कुण्ड के समीप स्थित पार्क के सुंदरीकरण का कार्य।
- ₹20.00 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर योजना में वाह्य विकास हेतु धनराशि।
- ₹1.00 करोड़ की लागत से रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के मध्य एवं समीप मार्गों के सुदृढ़ीकरण का कार्य।
- ₹75.00 लाख की लागत से प्राधिकरण के भविष्य की परियोजनाएं यथा न्यू टाउनशिप, हॉट एयर बलून असि नदी जीर्णोद्धार, सिटी डेवलपमेंट प्लान आदि के कंसल्टेंसी। इसके अतिरिक्त मंडलायुक्त द्वारा वाराणसी शहर में फूड स्ट्रीट,प्लेसम्किंग,फ्लाईओवर के नीचे रिक्रिएशनल एक्टिविटीज आदि पर कार्य के प्रस्ताव बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

# रेलवे ने चलाया टिकट चेकिंग अभियान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के निर्देशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में औड़िहार स्टेशन को आधार बनाकर पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाराणसी सिटी झ औड़िहार, औड़िहार-जौनपुर, औड़िहार-मऊ एवं औड़िहार-छपरा रेल खण्ड पर चलने वाली बनारस-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस,स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, प्रयागराज रामबाग-मऊ मेमू एक्सप्रेस,भटनी-वाराणसी सिटी अनारक्षित सवारी गाड़ी तथा आजमगढ़-वाराणसी सिटी अनारक्षित गाड़ियों से उतरने वाले यात्रियों की टिकट जाँच टीम के सदस्यों द्वारा औड़िहार स्टेशन पर किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है।

इस टिकट जांच अभियान टीम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन के साथ 12 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बलके चार जवानों के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया और बिना टिकट यात्रा करने वाले एवं



अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों समेत कुल 250 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 110700 (एक लाख दस हजार सात सौ रुपए) जुमार्ना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया । इस टिकट जाँच अभियान में कुल 38 यात्रियों को जुमार्ना नहीं चुकाने पर रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष ट्रायल हेतु प्रस्तुत किया गया और जुमार्ना अदा करने के पश्चात छोड़ा गया ।

उक्त बस रेड अभियान के दौरान इस खण्ड के स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट लेने के लिए लम्बी कतार लग गई थी । वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक शेख रहमान ने आम यात्रियों से अपील की है कि यात्री अपनी यात्रा के दौरान स्टेशन अथवा ट्रेनों में साफ-सफाई का ध्यान देवें और उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें ।

# नाव पर सवारी बैठाने को लेकर मारपीट मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के पितांबरपुर सोनारपुर इलाके में रहने वाले सुशील साहनी की नाव पर सवारी बैठाने को लेकर पड़ोस में रहने वाले अजय बाबू चंद साहनी पप्पू साहनीअनिल साहनीने पिटाई कर दी।लाठी डंडे से हमला होने से गंभीर रूप से सुशील घायल हो गया। बीच बचाव करने पहुंचे सुशील के भांजे की भी आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी।सुशील की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# निराश्रित गोवंश से टकराकर बाईक सवार की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात्रि पशु से टकराकर बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के चंदवक थाना क्षेत्र भुड़ली ग्राम निवासी अमित सिंह (44) पुत्र अवध नारायण सिंह अपने चचेरे भाई अश्विनी सिंह उर्फ राजू को ट्रेन पर बैठाने वाराणसी स्थित कैंट स्टेशन पहुंचाने गये थे। मंगलवार की देर रात्रि कैंट स्टेशन से वापस घर लौटते समय चोलापुर के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर अचानक पशु से टकराकर सड़क पर गिर पड़े, हेलमेट न लगाने से सर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक अमित दो भाई में बड़ा था, छोटा भाई अरुण सिंह मुम्बई में नौकरी करता है, तेरह वर्ष पूर्व में पत्नी अपने एक बच्चे के साथ घर छोड़कर चली गई। घटना से माता इंद्रा सिंह समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक घर पर रहकर खेती-बारी करता था।

# इलाज के दौरान घायल आटो सवार की हुई मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी रोहनिया।शहावाबाद मे मंगलवार को आटो तथा कार में आमने-सामने की हुई टक्कर के दौरान गंभीर रूप से घायल सोनारपुरा भेलूपुर निवासी अरुण नंदी के पुत्र आदित्य नंदी की बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में ईलाज के दौरान मंगलवार की देर रात में मौत हो गयी।मृतक आदित्य नंदी को गंगापुर से एम काम का परीक्षा देकर आटो से घर जा रहा था।

# भीषण जाम से बिलबिला उठे लोग

वाराणसी ब्यूरो
रामनगर / वाराणसी बुधवार को एक सुबह से किला से लेकर सामने घाट पुल पर लगे भीषण जाम से लोग बिलबिला उठे। लगभग पांच घण्टे तक चले जाम की वजह से ठीक ठाक मौसम में भी लोग पसीने पसीने हो उठे। खुद पुलिस को भी जाम छुड़ाने में पसीने छूट गए। हुआ यह कि सामनेघाट पुल पर माल लदी पिकअप अचानक खराब हो गई। जिससे सामनेघाट पुल से रामनगर की ओर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई और देखते ही देखते वाहनों की कतार लगभग आधा किलोमीटर से ज्यादा दूर तक लग गई,जो पुल से लेकर किला मार्ग होते हुए चौराहा तक पहुंच गई। इस बीच जल्दी आगे निकलने की होड़ में लोग अपने अपने वाहन लेकर आड़े तिरछे खड़े होते गए और नतीजा ये हुआ कि जाम बद से बदतर स्थिति में



पहुँच गया। स्कूल जाने वाले बच्चे भी जाम में फंस गए। स्कूल के लिए निकले बच्चे जाम देखकर घर वापस चले गए। स्थिति यह हो गई कि चौराहा से पड़ाव व टेंगरामोड़ मार्ग पर भी जाम का झाम हो गया।जो जहां फंसा वहीं खड़ा हो गया।दस मिनट की दूरी तय करने में घंटों समय लगा। इस दरम्यान जाम में एंबुलेंस से लेकर स्कूली वाहन भी फंसे रही। छोटे छोटे बच्चे व्याकुल हो उठे।नगर में जाम लगते ही क्षेत्रीय लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए।कोई पुलिस की निष्क्रियता तो कोई अतिक्रमण को कोसता रहा। दरअसल पुल पर लगने वाला जाम नासूर बनता जा रहा है। जाम किसी दिन कम तो किसी दिन भीषण रूप ले ले रहा है।

# हाईवे क्षतिग्रस्त होने से लगा जाम ट्रक की चपेट से दरोगा घायल

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर डाफी इलाके में हाईवे क्षतिग्रस्त होने के कारण बुधवार को लंबा जाम लग रहा है।पुराने टोल टैक्स के समीप ट्रक की चपेट में आने से चंदौली पुलिस लाइन में तैनात दरोगा भगवान प्रसाद 58 साल गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक से टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल के साथ भगवान प्रसाद ट्रक के नीचे चले गए । बाइक उनकी ट्रक में फस गई।सूचना पर पहुंचे रमना चौकी प्रभारी सुफियान खान ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाया ।इसके बाद उनको निकाल कर बीएचयू ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भिजवाया गया। कमर के नीचे कई जगह फैक्चर हो गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल दरोगा भगवान प्रसाद मऊ जनपद के हलधरपुर थाने के पीपरशाह गांव के रहने वाले हैं।अपनी मोटरसाइकिल से बुधवार दोपहर बाद वाराणसी से चंदौली की तरफ जा रहे थे।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में लग गई। हाईवे खराब होने के कारण पूरे दिन टोल टैक्स से विश्व सुंदरी पुल तक दूसरी तरफ नारायणपुर चौराहे के सामने तक जाम लग रहा है।

# अवैध गांजे के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी चोलापुर थाना अंतगर्त बुद्धवार को धिरेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व० रामप्यारे पाण्डेय निवासी ग्राम धरसौना थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को थाना चोलापुर पुलिस टीम ने 395 ग्राम अवैध गाजा व 150 रुपया नगद के साथ कटारी बस स्टैण्ट से गिरफ्तार किया । वही चोलापुर पुलिस ने उक्त अभियुक्त को सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया ।

# अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वाराणसी ब्यूरो
वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के सुरही गांव के सामने हुई दुर्घटना में मृतको के परिजनों के न होने पर ग्राम प्रधान रविन्द्र यादव के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 279,337, 338, 304 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# लोक निर्माण विभाग की उदासीनता से सुर्खियों में रहतें है जिले

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले की बदहाल सड़कों का कोई पुरसाहाल नहीं है चाहे लोक निर्माण विभाग में बैठे जिम्मेदार हों अथवा प्रशासन के लोग। किसी महाशय का ध्यान बदहाल सड़कों की तरफ नहीं जा रहा है जिसको लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। तो ऐसे में योगी सरकार की शख्ति का भी किरकिरी होना लाजमी है। प्राप्त समाचार के अनुसार बांसी शोहरतगढ़ डुमरियागंज इटवा तहसील क्षेत्र की ज्यादातर सड़कें अपना अस्तित्व खो चुकी और जर्जरता की आखिरी दहलीज पर पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं इन बदहाल सड़कों पर लोग आए दिन चोटिल भी हो रहे हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग एवं प्रशासन के लोगों के कानों में जूं तक नहीं रहता है। और लोग कुंभकर्णी नींद में बेखौफ शो रहें हैं। बताते चलें कि विकास खण्ड इटवा के पकड़ी से ग्राम धन्धरा होते हुए बुढ़ऊ चौराहे तक जाने वाली सड़क पूर्ण रूप से बदहाली की गिरफ्त में हैं और सड़क के गड्ढे खुलेआम दुर्घटना को दावत दे रहे हैं कब कौन राहगीर इन गड्ढों की चपेट में आ जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि इस सड़क से गुजरने वाले राहगीर इन गड्ढों से बचकर गुजरने का प्रयास कितना भी कर लें लेकिन सड़क जब गड्ढों में तब्दील है तो कौन कितना बचकर चल पाएगा। जबकि पकड़ी से ग्राम धन्धरा होते हुए बुढऊ चौराहे तक जाने वाली सड़क करीब दर्जनों गांव का मुख्य मार्ग है। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि जानलेवा गड्ढों की वजह से सड़क पर कोई दुर्घटना घटती है तो उस दुर्घटना का जिम्मेदार आखिर कौन होगा। लेकिन वाह रे लोक निर्माण विभाग व प्रशासन के जिम्मेदार लोग इन जानलेवा गड्ढों पर आप लोगों की नजर कब पड़ेगी। सूत्रों के अनुसार जिले की बदहाल सड़कें लोक निर्माण विभाग व प्रशासन के जिम्मेदारों को आईना दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती हैं। लेकिन जिम्मेदारों की आंखों पर तो भ्रष्टाचार का पर्दा इस कदर छाया हुआ है कि यह गड्ढे शायद दिखाई नहीं देते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि योगी शासनकाल में भी लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के लोग बदहाल सड़कों के प्रति इतनी उदासीनता बरत रहे हैं और जनप्रतिनिधि भी चैन की बंसी बजा रहे हैं। अब देखना है कि जिले की बदहाल सड़कों का कब कायाकल्प होगा और बदहाल सड़के गड्ढा मुक्त कब होंगी।


# निराश्रित गोवंश से टकराकर बाईक सवार की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात्रि पशु से टकराकर बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के चंदवक थाना क्षेत्र भुड़ली ग्राम निवासी अमित सिंह (44) पुत्र अवध नारायण सिंह अपने चचेरे भाई अश्विनी सिंह उर्फ राजू को ट्रेन पर बैठाने वाराणसी स्थित कैंट स्टेशन पहुंचाने गये थे। मंगलवार की देर रात्रि कैंट स्टेशन से वापस घर लौटते समय चोलापुर के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर अचानक पशु से टकराकर सड़क पर गिर पड़े, हेलमेट न लगाने से सर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक अमित दो भाई में बड़ा था, छोटा भाई अरुण सिंह मुम्बई में नौकरी करता है, तेरह वर्ष पूर्व में पत्नी अपने एक बच्चे के साथ घर छोड़कर चली गई। घटना से माता इंद्रा सिंह समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक घर पर रहकर खेती-बारी करता था।

## भारी बारिश से ढहे छह घर : पीड़ित ने लिया पड़ोसी के घर मे पनाह ।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)04 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत मे कुछ दिनों से हो रहे लगातार और भारी बारिश के कारण पंचायत मे अलग अलग जगहों पे पांच घर भारी बारिश की भेट चढ़ गये। बताते चले की पहला घर नावाडीह बढ़ही टोला के अशोक मिस्त्री का है जिनके घर मे चार बच्चों समेत उनकी पत्नी जिस घर मे रहती थी वो बीते शाम मंगलवार को अचानक से गिर गया सभी लोग घर के बाहर थे जिसके चलते किसी को कोई हानि नही पहुंची। इनलोगो को अभी तक इंदिरा आवास का लाभ भी नही मिल पाया है।दूसरा घर बिसुनदेव मिस्त्री का है।तीसरा घर गेंजना पंचायत के खराटी गाव के बलवंत राम है चौथा घर रविंद्र यादव इंद्राही पांचवा घर गेंजना पंचायत के ढोलिया गाव के रमेश राम का है।आखिरी घर फकीरा यादव ढोलिया का है। ये वो लोग है जो झारखंड मे धीमी गति से हो रहे विकास की आस मे अपने भाग्य को कोसते हुए गरीबी



और किल्लत की मार झेल रहे है। ये वो लोग है जिनको ये आश्वाशन तो दिया जाता है की आपको सुविधाएं दी जाएगी पर धरातल पर ना जाने सुविधाएं और विकास कहा गायब हो जाती है पता नही। अशोक मिस्त्री जो पुरी तरह से बेघर हो जाने के बाद इसकी सूचना पंचायत के मुखिया को दी गयी मुखिया के द्वारा फिलहाल अशोक मिस्त्री के पूरे परिवार को नारायण यादव के घर मे पनाह दिलवाया गया है। विचारणीय बात ये है की आखिर कहा सोये है वे पदाधिकारी जो अभी तक इनकी सुध लेने भी नही आये।पीड़ित परिवारो से बात चीत करने पर उनका बस यही कहना है की अगर विकास की गंगा बह रही है तो हमारे गाव मे लोग विकास से वंचित कैसे है ।सम्बन्धित विभाग को ऐसे मामले मे अविलम्ब संज्ञान लेते हुए पीड़ित लोगो को विकास रु बरू कराने की जरूरत है ताकि लोगो का भरोसा बना रहे।

## नन्ही बिटिया आराध्या आनंद ने 2023 योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में 2 स्वर्ण पदक विजेता बनी

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-04अक्टूबर 2023 : तृतीय धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 02- 03 अक्टूबर को THE REET RESORT धनबाद में संपन्न हुआ। जिसमें धनबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबो के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में सुदूर पिछड़ा क्षेत्र टुंडी की नन्ही सी बिटिया (मनोज कुशवाहा की पुत्री )आराध्या आनंद ने 9 वर्ष से कम बालिका वर्ग में भाग लिया और 2 स्वर्ण पदक हासिल की। एक ट्रेडिशनल योगा और दूसरा आर्टिस्टिक योगा । बताते चले की इस चैंपियनशिप में नव संकल्प क्लब भूली ने 7 स्वर्ण के साथ चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक रोड ब्रांच तीन स्वर्ण पदक के साथ



उपविजेता रहा ।ग्रुप डांस में नव संकल्प भूली प्रथम स्पार्टन एकेडमी द्वितीय एवं धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक रोड ब्रांच तृतीय स्थान पर रहे ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीमान वैभव सिन्हा विशिष्ट अतिथि द रिट रिसोर्ट के निदेशक रवि आनंद, गौरव नारायण, राज्य संघ महासचिव श्री विपिन कुमार पाण्डेय, जिला संरक्षक श्री परीक्षित पाण्डेय जिला अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में डा.शैलेष कुमार, दीपांकर बरारी, संजय यादव, अभिजीत पात्रा, अशोक गुप्ता, मनोज कुशवाहा का सराहनीय योगदान रहा ।






## हंटरगंज में बिजली की तार के सम्पर्क में आने से महिला की हुई मौत।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)04अक्टूबर 2023:-जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सतघरवा गांव में बुधवार को बिजली की तार के सम्पर्क में आने से बंधू भुईयां की 55 वर्षिय पत्नी पनवा देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पनवा देवी बिजली की तार के सम्पर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गई उसे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## संस्था के पहल पर जमुहार, बिहार में मरीज को तत्काल दो यूनिट रक्त उपलब्ध कराई गई '

**दैनिक समाज जागरण राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ब्यूरो चीप उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल धनबाद झारखंड**

जमुहार (बिहार) के नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ईलाजरत पचास वर्षीय मरीज कमलेश पासवान को बिहार के समाजसेवी भमेन्द्र कुमार एवं अनीश केशरी के संयुक्त पहल पर तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराई गई, समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने जमुहार, बिहार के नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती मरीज कमलेश पासवान की जानकारी बिहार के समाजसेवी



अनीश केशरी को दी गई उसके पश्चात श्री अनीश केशरी ने इसकी जानकारी समाजसेवी भर्मेंद्र कुमार को दी मरीज की स्थिति को देखते हुए भर्मेंद्र कुमार ने ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसे ब्लड बैंक प्रबंधन ने स्वीकार किया और मरीज को दो यूनिट ओ पॉजिटिव ब्लड प्रदान किया '

## आमट'ल गांव के वीर दत्ता ने जिला योगासन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर गांव के बलियापुर प्रखंड का नाम रोशन किया

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बलियापुरः योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 14 ट्रेडिशनल योगा में वीर दत्ता गोल्ड मेडल के साथ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवम आर्टिस्टिक सिंगल में सिल्वर मेडल के साथ जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया और कोयलांचल के साथ साथ अपना आमटाल पंचायत का भी नाम रोशन किया ।कोच प्रदिप्ता बनर्जी बहुत ही मेहनत और लगन से वीर दत्ता को प्रक्षिण देती है दो तीन अक्टूबर को रीत रिसोर्ट में तृतीय धनबाद जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय धनबाद जिला योगाशाना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी के लगभग 300 बच्चें एवं बच्चियों ने भाग लिया ।। संगठन के झारखंड सचिव विपिन कुमार पांडे एवम जिला सचिव कुणाल कुमार ने वीर को प्रोत्साहन किया और भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रिय स्तर पहुंचने का आशीर्वाद दिया । जिले में चयनित खिलाड़ियों को 6 से 8 अक्टूबर में जमशेदपुर में राज्य स्तरीय



प्रतियोगिता में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ वीर दत्ता को बचपन से ही योगा में काफी रूची रहा इसे देखकर वीर का हर प्रतियोगिता में मदद के लिए प्रभास पाल, बिनोद सिंह, प्रेममांशु पॉल, डॉक्टर राजेश सिंह, हारु बाउरी, राणा प्रताप सिंह, बबलू बाउरी, सूर्यगोपाल भट्टाचार्य हमेशा तत्पर रहते है । आपको बता दे वीर एक मध्यम परिवार से है इनके पिता शीतल दत्ता जो की समाजसेवी के साथ-साथ बलियापुर मासस के मीडिया प्रभारी हैं मां ज्योति दत्ता एक शिक्षिका है । वीर का गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीतने का खबर मिलते ही मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो, प्रखण्ड प्रमुख पिंकी देवी, जिला परिषद सदस्य स्वेता कुमारी, आमटाल मुखिया संजय गोराई, डॉक्टर जे .सिंह , सपन बनर्जी, बलराम ग्रहचर्या, रमेश महतो, वैधनाथ ग्रहचार्य , काजल दे, दयाल बाउरी, सीमा देवी एवम पंचायत के सभी ग्राम वासियों ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया ।

## टुण्डी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरनाडीह के पारा शिक्षक ने जैक रांचीसे आकलन परीक्षा का परिणाम संशोधित कर पुनः परीक्षाफल प्रकाशित करने की मांग की

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 04 अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरनाडीह के सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक गोविंद साव ने जैक रांची के सचिव को आवेदन देकर आकलन परीक्षा फल की त्रुटि सुधारकर संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित करने का आग्रह किया है। उन्होंने झारखंड अधिविद्य परिषद आंकलन परीक्षा 1- 5 लेवल उत्तर कुंजी की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए सचिव से मांग की है कि झारखण्ड अधिविध परिषद (JAC) द्वारा दिनांक 30.07.2013 को सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक के लिए आयोजित की गई आकलन परीक्षा की उत्तर पूँजी परिषद द्वारा दिनांक 05.08.2003 को प्रकाशित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय भाषा 'खोरठा के विषय--पश्न क्रमांक 40-137 "जे लोके हँसाने रिक्षावे है ओकरा खोरठा में कि कहल जाहे ? प्रश्न के उत्तर पूंजी में



"लबरा"सही अंकित कर जारी किया गया था। परन्तु दिनांक 16.09 .23 को परिषद द्वारा जब पुनः (संशोधित) उत्तर कुंजी जारी किया गया तो उक्त प्रश्न का उत्तर "लबरा" के स्थान पर 'पेटमधुवा, माना गया जो पूर्णत गलत है। खोरठा भाषा की सभी पुस्तकों में उक्त प्रश्न का सही उत्तर "लबरा"दशार्या गया है। खोरठा भाषा के सभी विद्वान भी स्वीकारते है कि अंततः प्रश्न का उत्तर लबरा ही होगा । यदि विषय के बिन्दु को लेकर आवेदक का कहना सही है तो संबंधित को सहानुभूति पूर्वक मामले को गम्भीरता से लेते हुए उक्त प्रश्न का सही उत्तर संशोधित कर परीक्षा फल प्रकाशित करने की कृपा प्रदान की जाय ।

ताकि योग्य अभ्याथियों के साथ न्याय हो सके।

नाम-गोबिंद साव
रोल 70 - 1230197
कु० सं0 - 23121049
शिक्षक आइ. डी. - 121049

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने मौसम को लेकर सतर्कता बरतने की दी हिदायत

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकर, धनबाद, श्री वरुण रंजन के निर्देश पर अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद श्री विनोद कुमार ने मौसम को लेकर अलर्ट जारी कर अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी तथा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, झारखण्ड, रांची ने अगले दो-तीन दिनों तक पूरे झारखण्ड में मॉनसून सक्रिय रहने तथा भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही, उत्तर पूर्वी झारखण्ड क्षेत्र में कहीं-कहीं वर्षा एवं भारी वर्षा से संबंधित चेतावनी जारी की है। धनबाद उत्तर पूर्वी झारखण्ड के अन्तर्गत अवस्थित जिला है। उन्होंने कहा भारी बारिश से किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो इसलिए सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।




## वर्षा के बीच में ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री का छतरपुर में हुआ भव्य कार्यक्रम पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार , विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने कार्यकताओं के साथ किया स्वागत

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड):-छतरपुर बारिश के दौरान ही हजारों लोगों के बीच मरांडी जी का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। संकल्प यात्रा के इस कार्यक्रम में पाटन मोड़ से लेकर छतरपुर तक पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार और विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने कार्यकताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा की झारखंड की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। आज हम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री के आह्वान पर सभी को संकल्प लेना है की 2024 के चुनाव में केंद्र में और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनायेगे। विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा की श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नौ वर्षो में जो सुविधाएं दी है वो पहले कभी नही मिली थी। अब 2024 में आपलोगो को गंभीरता से सोचना होगा की केंद्र में मोदी जी के हाथो को नई ताकत देनी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बाबूलाल मरांडी जी ने कहा की पूरे झारखंड प्रदेश में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। पदाधिकारी सत्ता को पैसा पहुंचाते हैं। सत्ता में बैठे लोग को अधिकारी से पैसा लेना बंद कर दें और विकास योजनाओं में कमीशन लेना बंद कर दें तो किसी भी पदाधिकारी का मजाल नहीं कि वह



जनता से पैसा वसूल सके। राज्य में कोयला पत्थर बालू की लूट मची है। इस लूट में राज्य सरकार के मुखिया भी शामिल हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों की चिंता है। 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने महिलाओं की इज्जत को सुरक्षित करने के लिए शौचालय बनाये। गैस दिया और 5 करोड़ से अधिक पक्का मकान तथा सभी गरीबों का खाता खुलवाया। न खाएंगे ना खाने देने के सिद्धांत पर चलने वाले प्रधानमंत्री ने बेईमानो से लाखों करोड़ों रुपए जब्त किया है।अब देश के लुटेरे एक हो गए हैं इस स्थिति में देश की जनता के लिए जीने मरने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी देश की जनता को एक होना होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्षा में भी आपकी उपस्थिति बता रही है कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा का परिणाम क्या होगा। प्रदेश में जब बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास मुख्यमंत्री हुआ करते थे तो अपराधी जान बचाकर भागते थे। आज उल्टा हो गया है स्कूलों में मास्टर नहीं है अस्पताल में डॉक्टर नहीं है। 2024 में बीजेपी की सरकार बनेगी तो 6 महीने के अंदर स्कूलों में मास्टर और अस्पताल में डॉक्टर देखने को मिलेंगे।

## रिफलेक्शन नेटवर्क इवेंट का डांडिया नाइट 13 को,देशभर से आयेंगे कलाकार

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण संवाददाता जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 04 अक्टूबर 2023 :झशहर में इस बार शहरवासियों के लिए 13 अक्टूबर को रिफलेक्शन नेटवर्क इवेंट के द्वारा साकची स्थित होटल कैनेलाइट में बड़े पैमाने में डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम का आयोजन करने वाली आशा सिंह ने इसकी जानकारी बुधवार की शाम प्रेस वार्ता में दी और कहा कि इस कार्यक्रम में मुंबई से एक्टर राज सिंह और अन्य कलाकार मौजूद रहेंगे ।शहरवासियों के लिए आयोजित इस डांडिया नाइट में कई कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें मुख्य रूप से स्टेज प्रोग्राम,लाइव बॉलीवुड और गुजराती डांडिया होंगे,साथ ही शामिल होने वाले लोगो के बीच लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा जिन्हें आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा । झुमाएंगे ।कार्यक्रम को मुख्य रूप से आशा सिंह और सोनू तिलावट के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।





कार्यक्रम संध्या 4 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा,कार्यक्रम की शुरूवात भजन गायक रोहित गुलाटी के द्वारा की जाएगी। इस कार्यक्रम में लोग सपरिवार हिस्सा ले सकते है ।स्थानीय कलाकार भी इस डांडिया नाइट में मौजूद रहेंगे जो डांडिया के साथ साथ आए मेहमानों को भी साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए लोग अपना टिकट इस नंबर 8102524820,7979769984 पर कॉल कर के बुक कर सकते है ।कार्यक्रम की जानकारी देती आशा सिंह,सोनू तिलावट,इंकर कुमार,रश्मि राज,सोनू सिंगर और हरी सिंह राजपूत।

## पोंडाकाटा में बिना ग्राम सभा कर सहिया की चयन को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा गांव में गांव के ग्रामवासियों को बिना सूचना दिये ग्राम सभा कर सहिया की चयन को लेकर शिव शंकर महाली के द्वारा उपयुक्त को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में लिखा है। कि 29 जुलाई 2023 को गांव में बिना सूचना दिये ग्राम सभा किया कुछ घर के लोगों द्वारा स्वास्थ सहिया का चयन किया है। जिसकी लिखित शिकायत सामुदायिक स्वस्थ केंद्र कुचाई के चिकित्सा पदाधिकारी को दिया गया है। परंतु अभी तक इस विषय पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ साथ ही चयनित सहिया के द्वारा हाल ही में फलेरिया का दवा गांव में



वितरण करवाया।उन्होंने उपायुक्त को बिना ग्राम सभा किये चयनित सहिया को रद्द कर ग्राम सभा के द्वारा नया स्वास्थ्य सहिया की चयन करवाने की मांग किया है।

## जानुम पंचायत के खुदिलोंग गाँव में पीसीसी निर्माण कराने को लेकर कुकड़ु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया

**अभय कुमार मिश्रा दैनिक समाज जागरण संवाददाता जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 04 अक्टूबर 2023:झदिनांक 04,10,2023 बुधवार को मंगल चन्द्र महतो के नेतृत्व में जानुम पंचायत के खुदिलोंग गाँव में पीसीसी निर्माण कराने को लेकर कुकड़ु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया मौके पर उपस्थित आदिबासि कुड़मि समाज झाड़खण्ड राज्य समिति के सदस्य पंचानन महतो केटिआर ने कहा कि हमारे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है फिर भी हमारे गाँव में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ, गाँव में दो खाद्य आपूर्ति जन



वितरण प्रणाली दुकान है वहां से लोगों को राशन सामग्री लाने में एवं बच्चों को विद्यालय आने-जाने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए जानुम पंचायत के खुदिलोंग गाँव के सड़क को सकारात्मक पहल कर पीसीसी निर्माण करने का आश्वासन दिया , मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित वार्ड सदस्य सपन महतो, बिद्युत महतो, अनिल महतो, आशुतोष महतो आदि उपस्थित थे ।

## दो दिनों के लगातार वारिस में सरकार की पोल खोल दी , गाँव की सड़कें हुई जर्जर दर्जनों गांव प्रभावित

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग ( झारखंड) 4 अक्टूबर 2023 :- हजारीबाग समेत पुरे राज्य में दो दिनों के मूसलाधार बारिश से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है विष्णुगढ़ प्रखंड के पूर्वी लाइफलाइन बनासो भाया चानो , बंदखारो , पेंक बुडगडा पथ मूसलाधार बारिश से कई जगह जल जमाव से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । खास करके बनासो हाई स्कूल कुबरी बांध के पास जल जमाव होने से कई बार वहां साइकिल , बाइक सवार सामान के साथ गिर चुके हैं। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं प्रखंड के दर्जनों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने सड़कों पर बोल्डर कीचड़ निकल जाने से दो पहिया वाहनों समेत ऑटो बड़े यात्री वाहनों को चलना दुर्लभ हो गया है। वहीं मवेशियों को चारा के लिए किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग घरों में दुबके हुए हैं बहुत जरूरी पड़ने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं कई सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने सड़क निर्माण करने की मांग कर रहे हैं



ताकि जर्जर सड़कों पर जल जमाव न हो दुर्घटना से ग्रामीणों को राहत मिल सके। बनासो बुडगडा पथ एमडीआर 93 से कितने गांव जुड़े हुए हैं ।मुंगो , पेंक , रोहनियाटांड , केन्दुवाडीह, डुबका , तिलैया , खरकी , बलकमक्का , तरवाटांड , अम्बाटांड़, जोबर , फुसरो , चिरुड़ीह , चटकरी, मडमो , बंदखारो , ऊंचाघाना , नागी, सिमरबेड़ा , टंडवा ,चानो , झपाटांड, फाराचांच , मंगरो , सारूकुदर, चिहुंटिया ,समेत अन्य ग्रामीण जिला मुख्यालय , प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल, बाजार, स्कूल कॉलेज समेत अन्य कार्यों के लिए प्रतिदिन वाहनों का आवागमन होता रहता है। इस मुख्य मार्ग सड़क से कई बार सांसद विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि इससे गुजरते हैं हालांकि इससे संबंध में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टेंडर में कुछ टेक्निकल दिक्कतें आ गई है जिससे विलंब हो रहा है जल्द ही इस मुख्य मार्ग पर चौड़ीकरण सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## आपूर्ति विभाग के खिलाफ ग्राम प्रधान संघ का धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम हुआ रद्द, एमओ के आश्वासन पर बैठक में लिया गया निर्णय

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को ग्राम प्रधान संघ की मासिक बैठक ग्राम प्रधान सुधीर चंद्र टुडू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों ने राशन वितरण में गड़बड़ी के खिलाफ 6 अक्टूबर को आहूत प्रखंड मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को एमओ बिजेंद्र कुमार के आश्वासन पर सर्वसम्मति से रद्द करने का निर्णय लिया गया ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास ने बताया कि राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद लगातार ग्राम प्रधानों द्वारा गांव-गांव में बैठक करते हुए आंदोलन की तैयारी की जा रही थी। साथ ही संघ की ओर से 6 अक्टूबर के कार्यक्रम को लेकर बीडीओ, सीओ एवं अनुमंडल पदाधिकारी को सूचित किया गया था। इसके बाद पटमदा के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह एमओ बिजेंद्र कुमार ने डीलरों की प्रक्रिया में है। जबकि सितंबर माह का आवंटन 51 डीलर को मिल चुका है और 49 को जल्द ही उपलब्ध कराने की तैयारी है।



अगस्त और सितंबर महीने का राशन कार्डधारियों को उपलब्ध कराने के बारे में आश्वासन दिया। बैठक में पहुंचे एमओ ने बकाया राशन को 15 अक्टूबर तक सभी कार्डधारियों में संबंधित डीलर के माध्यम से बांटे जाने की घोषणा की। अब तक एसएफसी गोदाम से अगस्त माह का 95 डीलर को आवंटन मिल चुका है और पांच दास ने बताया कि एमओ से आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन को वापस लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास, सचिव मृत्युंजय महतो, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, मुचीराम कुंभकार, अनिल महतो, नारायण सिंह, नवीन सिंह, सुभाष सिंह, अश्विनी दास, जितुलाल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## डॉ महेंद्र वैद्य पंचतत्व में हुए विलीन।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 4 अक्टूबर 2023 :- कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सचिव डॉ महेंद्र वैद्य पिता स्व परमेश्वर वैध का निधन मंगलवार देर रात इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से बोकारो में हो गया।बताया जाता है कि दो दिन पूर्व उन्हें स्वास लेने में दिक्कत हो रही थीं।आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।बुधवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। पुत्र प्रशांत वैद्य ने मुखाग्नि दी।शव यात्रा में आए हुए प्रेमियों ने डॉ वैद्य की मौत को अपूर्णनीय क्षति बताया , इनके शव यात्रा में धनेश्वर तिवारी, अजय पांडेय, बटेश्वर मिश्रा, शम्भूनाथ पांडेय,राजेन्द्र पांडेय, अनिल मिश्रा, अजीत मिश्रा, रोहित मिश्रा, युगल पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, जनार्दन पांडेय, प्रदीप पांडेय, सुबोध पांडेय, रोहितानंद मिश्र, दिनेश्वर पांडेय, संजीत मिश्रा, संजय मिश्र, सुनील अकेला, महादेव वैद्य,सहदेव वैद्य, बालेश्वर वैद्य, सतीश वैध, राकेश वैद्य, उमाशंकर वैद्य, ओम प्रकाश वैध समेत भारी संख्या में लोग शामिल थें।



# पक्ष मे अपने पितरों के नाम से श्राद्ध करने वालों के बनते हैं सारे काम--आचार्य आन्द पाण्डेय

दैनिक समाज जागरण
सिटी रिपोर्टर विक्रम मेहरोत्रा

वाराणसीः पितृलोक से पृथ्वी लोक पर पितरो के आने का मुख्य कारण उनकी पुत्र-पौत्रादि से आशा होती है की वे उन्हें अपनी यथासंभव शक्ति के अनुसार पिंडदान प्रदान करे अतएवं प्रत्येक सद्गृहस्थ का धर्म है कि स्पष्ट तिथि के अनुसार श्राद्ध अवस्य करे यदि पित्र पक्ष मे परिजनों का श्राद्ध नहीं किया गया तो वे श्राप दे देते हैं और ये परिवार के सदस्यों पर अपना प्रभाव छोड़ सकता है जिससे हानि होनी ही होनी है। अतः इस पक्ष में श्राद्ध अवश्य किया जाना चाहिये।



**श्राद्ध में पंचबली की महता:**

पित्र पक्ष में ब्राह्मण भोजन और जलमिश्रित तिल से तर्पण करने जितना ही अनिवार्य पञ्चबलि भी है पञ्चबलि का नियम कुछ इस प्रकार है।

एक थाली के पांच भिन्न भिन्न भाग करके थोड़े थोड़े सभी प्रकार के भोजन को परोसकर हाथ मे तिल, अक्षत और पुष्प लेकर संकल्प करते समय निम्न का उचारण करेः अद्यामुक गोत्र अमुक शमार्हं/बमार्हं/गुप्तोहं/दासोहं अमुकगोत्रस्य मम पितुः/मातु आदि वार्षिकश्राद्धे (महालयश्राद्धे) कृतस्य पाकस्य शुद्ध्यर्थं पंचसूनाजनितदोषपरिहारार्थं च पंचबलिदानं करिष्ये।

पंचबलि-विधि इस प्रकार हैः

**(1)- गोबलि (पत्ते पर)**

ऊँ सौरभेय्यः सर्वहिताः पवित्राः पुण्यराशयः। प्रतिगृह्णन्तु मे ग्रासं गावस्त्रैलोक्यमातरः।। इदं गोभ्यो न मम।

इस श्लोक का उचारण पश्चिम दिशा की और पुष्प और पते को दिखाकर करे। पंचबली का एक निहित भाग गाय को खिलायें।

**(2)- श्वानबलि (पत्ते पर)**

द्वौ श्वानौ श्यामशबलौ वैवस्वतकुलोत्त्वौ। ताभ्यामन्नं प्रयच्छामि स्यातामेतावहिंसकौ।। इदं श्वभ्यां न मम।

इस श्लोक का उचारण कुत्तों को बलि देने के लिए करे। इस पंचबलि के समय कान मे जनेऊ डालना अनिवार्य है।

**(3)-काकबलि (पृथ्वी पर)**

ऊँ ऐन्द्रवारूणवायव्या याम्या वै नैर्ऋतास्तथा। वायसाः प्रतिगृह्णन्तु भूमौ पिण्डं मयोज्झितम्।। इदमन्नं वायसेभ्यो न मम।

इस श्लोक का उचारण कौओं को भूमि पर अन्न देने के लिए करे। पंचबली का एक निहित भाग कौओं के लिये छत पर रख दें।

**(4)- देवादिबलि (पत्ते पर)**

ऊँ देवा मनुष्याः पशवो वयांसि सिद्धाः सयक्षोरगदैत्यसंघाः। प्रेताः पिशाचास्तरवः समस्ता ये चान्नमिच्छन्ति मया प्रदत्तम्।। इदमन्नं देवादिभ्यो न मम।

इस श्लोक का उचारण देवता आदि के लिय अन्न देने के लिए होता है। पंचबली का एक निहित भाग अग्नि के सपुर्द कर दें।

**(5)- पिपीलिकादिबलि (पत्ते पर)**

**पिलीलिकाः कीटपतंगकाद्या बुभुक्षिताः कर्मनिबन्धबद्धाः। तेषां हि तृप्त्यर्थमिदं मयान्नं तेभ्यो विसृष्टं सुखिनो भवन्तु।। इदमन्नं पिपीलिकादिभ्यो न मम।**

इस श्लोक का उचारण चींटी आदि को बलि देने के लिए होता है। पंचबली का एक निहित भाग चींटीयों के लिये रख दें पंचबलि देने के बाद एक थाल मे खाना परोसक निम्न मंत्र का उचारण कर ब्राह्मणों के पैर धोकर सभी व्यंजनों का भोजन करायें।

**यत फलं कपिलादाने कार्तिक्यां ज्येष्ठपुष्करे।
तत्फलं पाण्डवश्रेष्ठ विप्राणां पादसेचने।।**

इसे बाद उन्हें अन्न, वस्त्र और द्रव्य-दक्षिणा देकर तिलक करके नमस्कार करें। तत्पश्चात नीचे लिखे वाक्य यजमान और ब्राह्मण दोनों बोलें

यजमान - शेषान्नेन किं कर्तव्यम्। (श्राद्ध में बचे अन्न का क्या करूँ?)

ब्राह्मण - इष्टैः सह भोक्तव्यम्। (अपने इष्ट-मित्रों के साथ भोजन करें।) इसके बाद अपने परिवार वालों के साथ स्वयं भी भोजन करें तथा निम्न मंत्र द्वारा भगवान् को नमस्कार करें-

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।

श्राद्ध से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं जो बहुत कम लोग जानते हैं। मगर ये बातें श्राद्ध करने से पूर्व जान लेना बहुत जरूरी है, क्योंकि कई बार विधि पूर्वक श्राद्ध न करने से पितृ श्राप भी दे देते हैं। आज हम आपको श्राद्ध से जुड़ी कुछ विशेष बातें बता रहे हैं, जो इस प्रकार हैं।

**श्राद्धकर्म के नियम**

1- श्राद्धकर्म में गाय का घी, दूध या दही काम में लेना चाहिए। यह ध्यान रखें कि गाय को बच्चा हुए दस दिन से अधिक हो चुके हैं। दस दिन के अंदर बछड़े को जन्म देने वाली गाय के दूध का उपयोग श्राद्ध कर्म में नहीं करना चाहिए।

2- श्राद्ध में चांदी के बर्तन का उपयोग व दान पुण्यदायक तो है ही राक्षसों का नाश करने वाला भी माना गया है। पितरों के लिए चांदी के बर्तन में सिर्फ पानी ही दिए जाए तो वह अक्षय तृप्तिकारक होता है। पितरों के लिए अर्घ्य, पिण्ड और भोजन के बर्तन भी चांदी के हों तो और भी श्रेष्ठ माना जाता है।

3- श्राद्ध में ब्राह्मण को भोजन करवाते समय परोसने के बर्तन दोनों हाथों से पकड़ कर लाने चाहिए, एक हाथ से लाए गए अन्न पात्र से परोसा हुआ भोजन राक्षस छीन लेते हैं।

4- ब्राह्मण को भोजन मौन रहकर एवं व्यंजनों की प्रशंसा किए बगैर करना चाहिए, क्योंकि पितर तब तक ही भोजन ग्रहण करते हैं, जब तक ब्राह्मण मौन रह कर भोजन करें।

5- जो पितृ शस्त्र आदि से मारे गए हों उनका श्राद्ध मुख्य तिथि के अतिरिक्त चतुर्दशी को भी करना चाहिए। इससे वे प्रसन्न होते हैं। श्राद्ध गुप्त रूप से करना चाहिए। पिंडदान पर साधारण या नीच मनुष्यों की दृष्टि पडने से वह पितरों को नहीं पहुंचता।

6- श्राद्ध में ब्राह्मण को भोजन करवाना आवश्यक है, जो व्यक्ति बिना ब्राह्मण के श्राद्ध कर्म करता है, उसके घर में पितर भोजन नहीं करते, श्राप देकर लौट जाते हैं। ब्राह्मण हीन श्राद्ध से मनुष्य महापापी होता है।

7- श्राद्ध में जौ, कांगनी, मटर सरसों का उपयोग श्रेष्ठ रहता है। तिल की मात्रा अधिक होने पर श्राद्ध अक्षय हो जाता है। वास्तव में तिल पिशाचों से श्राद्ध की रक्षा करते हैं। कुशा (एक प्रकार की घास) राक्षसों से बचाते हैं।

8- दूसरे की भूमि पर श्राद्ध नहीं करना चाहिए। वन, पर्वत, पुण्यतीर्थ एवं मंदिर दूसरे की भूमि नहीं माने जाते क्योंकि इन पर किसी का स्वामित्व नहीं माना गया है। अतः इन स्थानों पर श्राद्ध किया जा सकता है।

9- चाहे मनुष्य देवकार्य में ब्राह्मण का चयन करते समय न सोचे, लेकिन पितृ कार्य में योग्य ब्राह्मण का ही चयन करना चाहिए क्योंकि श्राद्ध में पितरों की तृप्ति ब्राह्मणों द्वारा ही होती है।

10- जो व्यक्ति किसी कारणवश एक ही नगर में रहनी वाली अपनी बहिन, जमाई और भानजे को श्राद्ध में भोजन नहीं कराता, उसके यहां पितर के साथ ही देवता भी अन्न ग्रहण नहीं करते।

11- श्राद्ध करते समय यदि कोई भिखारी आ जाए तो उसे आदरपूर्वक भोजन करवाना चाहिए। जो व्यक्ति ऐसे समय में घर आए याचक को भगा देता है उसका श्राद्ध कर्म पूर्ण नहीं माना जाता और उस्का फल भी नष्ट हो जाता है।

12- शुक्लपक्ष में, रात्रि में, युग्म दिनों (एक ही दिन दो तिथियों का योग)में तथा अपने जन्मदिन पर कभी श्राद्ध नहीं करना चाहिए। धर्म ग्रंथों के अनुसार सायंकाल का समय राक्षसों के लिए होता है, यह समय सभी कार्यों के लिए निंदित है। अतः शाम के समय भी श्राद्धकर्म नहीं करना चाहिए।

13- श्राद्ध में प्रसन्न पितृगण मनुष्यों को पुत्र, धन, विद्या, आयु, आरोग्य, लौकिक सुख, मोक्ष और स्वर्ग प्रदान करते हैं। श्राद्ध के लिए शुक्लपक्ष की अपेक्षा कृष्णपक्ष श्रेष्ठ माना गया है।

14- रात्रि को राक्षसी समय माना गया है। अतः रात में श्राद्ध कर्म नहीं करना चाहिए। दोनों संध्याओं के समय भी श्राद्धकर्म नहीं करना चाहिए। दिन के आठवें मुहूर्त (कुतपकाल) में पितरों के लिए दिया गया दान अक्षय होता है।

15- श्राद्ध में ये चीजें होना महत्वपूर्ण हैं- गंगाजल, दूध, शहद, दौहित्र, कुश और तिल। केले के पत्ते पर श्राद्ध भोजन निषेध है। सोना, चांदी, कांसे, तांबे के पात्र उत्तम हैं। इनके अभाव में पत्तल उपयोग की जा सकती है।

16 तुलसी से पितृगण प्रसन्न होते हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि पितृगण गरुड़ पर सवार होकर विष्णु लोक को चले जाते हैं। तुलसी से पिंड की पूजा करने से पितर लोग प्रलयकाल तक संतुष्ट रहते हैं।

17- रेशमी, कंबल, ऊन, लकड़ी, तृण, पर्ण, कुश आदि के आसन श्रेष्ठ हैं। आसन में लोहा किसी भी रूप में प्रयुक्त नहीं होना चाहिए।

18- चना, मसूर, उड़द, कुलथी, सत्तू, मूली, काला जीरा, कचनार, खीरा, काला उड़द, काला नमक, लौकी, बड़ी सरसों, काले सरसों की पत्ती और बासी, अपवित्र फल या अन्न श्राद्ध में निषेध हैं।

19- भविष्य पुराण के अनुसार श्राद्ध 12 प्रकार के होते हैं, जो इस प्रकार हैं-
1- नित्य, 2- नैमित्तिक, 3- काम्य, 4- वृद्धि, 5- सपिण्डन, 6- पार्वण, 7- गोष्ठी, 8- शुद्धर्थ, 9- कर्मांग, 10- दैविक, 11- यात्रार्थ, 12- पुष्टयर्थ।

**20- श्राद्ध के प्रमुख अंग**

तर्पण- इसमें दूध, तिल, कुशा, पुष्प, गंध मिश्रित जल पितरों को तृप्त करने हेतु दिया जाता है। श्राद्ध पक्ष में इसे नित्य करने का विधान है।

भोजन व पिण्ड दानः- पितरों के निमित्त ब्राह्मणों को भोजन दिया जाता है। श्राद्ध करते समय चावल या जौ के पिण्ड दान भी किए जाते हैं।

**वस्त्रदान- वस्त्र दान देना श्राद्ध का मुख्य लक्ष्य भी है।**

दक्षिणा दान- यज्ञ की पत्नी दक्षिणा है जब तक भोजन कराकर वस्त्र और दक्षिणा नहीं दी जाती उसका फल नहीं मिलता।

21- श्राद्ध तिथि के पूर्व ही यथाशक्ति विद्वान ब्राह्मणों को भोजन के लिए बुलावा दें। श्राद्ध के दिन भोजन के लिए आए ब्राह्मणों को दक्षिण दिशा में बैठाएं।

22 पितरों की पसंद का भोजन दूध, दही, घी और शहद के साथ अन्न से बनाए गए पकवान जैसे खीर आदि है। इसलिए ब्राह्मणों को ऐसे भोजन कराने का विशेष ध्यान रखें।

23- तैयार भोजन में से गाय, कुत्ता कौआ, देवता और चींटी के लिए थोड़ा सा भाग निकालें। इसके बाद हाथ जल, अक्षत यानी चावल, चन्दन, फूल और तिल लेकर ब्राह्मणों से संकल्प लें।

24- कुत्ते और कौए के निमित्त निकाला भोजन कुत्ते और कौए को ही कराएं किंतु देवता और चींटी का भोजन गाय को खिला सकते हैं। इसके बाद ही ब्राह्मणों को भोजन कराएं। पूरी तृप्ति से भोजन कराने के बाद ब्राह्मणों के मस्तक पर तिलक लगाकर यथाशक्ति कपड़े, अन्न और दक्षिणा दान कर आशीर्वाद पाएं।

25- ब्राह्मणों को भोजन के बाद घर के द्वार तक पूरे सम्मान के साथ विदा करके आएं। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि ब्राह्मणों के साथ-साथ पितर लोग भी चलते हैं। ब्राह्मणों के भोजन के बाद ही अपने परिजनों, दोस्तों और रिश्तेदारों को भोजन कराएं।

26- पिता का श्राद्ध पुत्र को ही करना चाहिए। पुत्र के न होने पर पत्नी श्राद्ध कर सकती है। पत्नी न होने पर सगा भाई और उसके भी अभाव में सपिंडो (परिवार के) को श्राद्ध करना चाहिए । एक से अधिक पुत्र होने पर सबसे बड़ा पुत्र श्राद्ध करें या सबसे छोटा।

भारतीय शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि, पितृगण पितृपक्ष में पृथ्वी पर आते हैं, और 15 दिनों तक पृथ्वी पर रहने के बाद अपने लोक लौट जाते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि, पितृपक्ष के दौरान पितृ अपने परिजनों के आस-पास रहते हैं, इसलिए इन दिनों कोई भी ऐसा काम नहीं करें, जिससे पितृगण नाराज हों। पितरों को खुश रखने के लिए पितृ पक्ष में कुछ बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
पितृ पक्ष के दौरान ब्राह्मण, जामाता, भांजा, गुरु या नाती को भोजन कराना चाहिए। इससे पितृगण अत्यंत प्रसन्न होते हैं। ब्राह्मणों को भोजन करवाते समय भोजन का पात्र दोनों हाथों से पकड़कर लाना चाहिए, अन्यथा भोजन का अंश राक्षस ग्रहण कर लेते हैं, जिससे ब्राह्मणों द्वारा अन्न ग्रहण करने के बावजूद पितृगण भोजन का अंश ग्रहण नहीं करते हैं। पितृ पक्ष में द्वार पर आने वाले किसी भी जीव-जंतु को मारना नहीं चाहिए बल्कि उनके योग्य भोजन का प्रबंध करना चाहिए। हर दिन भोजन बनने के बाद एक हिस्सा निकालकर गाय, कुत्ता, कौआ अथवा बिल्ली को देना चाहिए। मान्यता है कि इन्हें दिया गया भोजन सीधे पितरों को प्राप्त हो जाता है। शाम के समय घर के द्वार पर एक दीपक जलाकर पितृगणों का ध्यान करना चाहिए।

सनातन धर्म ग्रंथों के अनुसार जिस तिथि को जिस्के पूर्वज गमन करते हैं, उसी तिथि को उनका श्राद्ध करना चाहिए। इस पक्ष में जो लोग अपने पितरों को जल देते हैं, तथा उनकी मृत्युतिथि पर श्राद्ध करते हैं, उनके समस्त मनोरथ पूर्ण होते हैं। जिन लोगों को अपने परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, उनके लिए पितृ पक्ष में कुछ विशेष तिथियां भी निर्धारित की गई हैं, जिस दिन वे पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा- इस तिथि को नाना-नानी के श्राद्ध के लिए सही बताया गया है। इस तिथि को श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। यदि नाना-नानी के परिवार में कोई श्राद्ध करने वाला न हो और उनकी मृत्युतिथि याद न हो, तो आप इस दिन उनका श्राद्ध कर सकते हैं।

पंचमी- जिनकी मृत्यु अविवाहित स्थिति में हुई हो, उनका श्राद्ध इस तिथि को किया जाना चाहिए।

नवमी- सौभाग्यवती यानि पति के रहते ही जिनकी मृत्यु हो गई हो, उन स्त्रियों का श्राद्ध नवमी को किया जाता है। यह तिथि माता के श्राद्ध के लिए भी उत्तम मानी गई है। इसलिए इसे मातृनवमी भी कहते हैं। मान्यता है कि, इस तिथि पर श्राद्ध कर्म करने से कुल की सभी दिवंगत महिलाओं का श्राद्ध हो जाता है।

एकादशी और द्वादशी- एकादशी में वैष्णव संन्यासी का श्राद्ध करते हैं। अर्थात इस तिथि को उन लोगों का श्राद्ध किए जाने का विधान है, जिन्होंने संन्यास लिया हो।

चतुर्दशी- इस तिथि में शस्त्र, आत्म-हत्या, विष और दुर्घटना यानि जिनकी अकाल मृत्यु हुई हो, उनका श्राद्ध किया जाता है, जबकि बच्चों का श्राद्ध कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को करने के लिए कहा गया है।

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या- किसी कारण से पितृपक्ष की अन्य तिथियों पर पितरों का श्राद्ध करने से चूक गए हैं, या पितरों की तिथि याद नहीं है, तो इस तिथि पर सभी पितरों का श्राद्ध किया जा सकता है। शास्त्र अनुसार, इस दिन श्राद्ध करने से कुल के सभी पितरों का श्राद्ध हो जाता है। यही नहीं जिनका मरने पर संस्कार नहीं हुआ हो, उनका भी अमावस्या तिथि को ही श्राद्ध करना चाहिए। बाकी तो जिनकी जो तिथि हो, श्राद्धपक्ष में उसी तिथि पर श्राद्ध करना चाहिए, यही उचित भी है।

पिंडदान करने के लिए- सफेद या पीले वस्त्र ही धारण करें। जो इस प्रकार श्राद्धादि कर्म संपन्न करते हैं, वे समस्त मनोरथों को प्राप्त करते हैं और अनंत काल तक स्वर्ग का उपभोग करते हैं।
विशेषः श्राद्ध कर्म करने वालों को निम्न मंत्र तीन बार अवश्य पढ़ना चाहिए। यह मंत्र ब्रह्मा जी द्वारा रचित आयु, आरोग्य, धन, लक्ष्मी प्रदान करने वाला अमृतमंत्र है।

**देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिश्च एव च। नमः स्वधायै स्वाहायै नित्यमेव भवन्त्युत ।। (वायु पुराण)**

श्राद्ध सदैव दोपहर के समय ही करें। प्रातः एवं सायंकाल के समय श्राद्ध निषेध कहा गया है। हमारे धर्म-ग्रंथों में पितरों को देवताओं के समान संज्ञा दी गई है। सिद्धांत शिरोमणि ग्रंथ के अनुसार चंद्रमा की ऊधर्व कक्षा में पितृलोक है, जहां पितृ रहते हैं। पितृ लोक को मनुष्य लोक से आंखों द्वारा नहीं देखा जा सकता। जीवात्मा जब इस स्थूल देह से पृथक होती है, उस स्थिति को मृत्यु कहते हैं। यह भौतिक शरीर 27 तत्वों के संधान से बना है। स्थूल



पंच महाभूतों एवं स्थूल कर्मेन्द्रियों को छोड़ने पर अर्थात मृत्यु को प्राप्त हो जाने पर भी 17 तत्वों से बना हुआ सूक्ष्म शरीर विद्यमान रहता है।
सनातन मान्यताओं के अनुसार एक वर्ष तक प्रायः सूक्ष्म जीव को नया शरीर नहीं मिलता। मोहवश वह सूक्ष्म जीव स्वजनों व घर के आसपास भ्रमण करता रहता है। श्राद्ध कार्य के अनुष्ठान से सूक्ष्म जीव को तृप्ति मिलती है, इसीलिए श्राद्ध कर्म किया जाता है। अगर किसी के कुंडली में पितृदोष है, और वह इस श्राद्ध पक्ष में अपनी कुंडली के अनुसार उचित निवारण करते हैं तो, जीवन की बहुत सी समस्याओं से मुक्ति पा सकते हैं। योग्य ब्राह्मण द्वारा ही श्राद्ध कर्म पूर्ण करवाये जाने चाहिएं।

ऐसा कुछ भी नहीं है कि, इस अनुष्ठान में ब्राह्मणों को जो भोजन खिलाया जाता है, वही पदार्थ ज्यों का त्यों उसी आकार, वजन और परिमाण में मृतक पितरों को मिलता है। वास्तव में श्रद्धा पूर्वक श्राद्ध में दिए गए भोजन का सूक्ष्म अंश परिणत होकर, उसी अनुपात व मात्रा में प्राणी को मिलता है, जिस योनि में वह प्राणी इस समय है।
पितृ लोक में गया हुआ प्राणी श्राद्ध में दिए हुए अन्न का स्वधा रूप में परिणत भाग को प्राप्त करता है। यदि शुभ कर्म के कारण मर कर पिता देवता बन गया हो तो, श्राद्ध में दिया हुआ अन्न उसे अमृत में परिणत होकर देवयोनि में प्राप्त होगा। गंधर्व बन गया हो तो, वह अन्न अनेक भोगों के रूप में प्राप्त होता है। पशु बन जाने पर घास के रूप में परिवर्तित होकर उसे तृप्त करता है। यदि नाग योनि में है तो, श्राद्ध का अन्न वायु के रूप में तृप्ति देता है। दानव, प्रेत व यक्ष योनि मिलने पर श्राद्ध का अन्न नाना प्रकार के अन्न पान और भोग्य रसादि के रूप में परिणत होकर प्राणी को तृप्त करता है। अगर किसी की जन्मकुंडली में पितृदोष है तो, जन्म कुंडली के अनुसार उचित उपाय करें।

**दोपहर में होता है पितरों का भोजन, दक्षिण दिशा की और पिंडदान और तर्पण!**

पितृ पक्ष, पितरों का याद करने का समय माना गया है। भाद्र शुक्ल पूर्णिमा को ऋषि तर्पण से आरंभ होकर यह आश्विन कृष्ण अमावस्या तक जिसे महालया कहते हैं उस दिन तक पितृ पक्ष चलता है। इस दौरान पितरों की पूजा की जाती है और उनके नाम से तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन करवाया जाता है। पितृ पूजा में कई बातें ऐसी हैं जो रहस्यमयी हैं और लोगों के मन में सवाल उत्पन्न करते हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है...

श्राद्ध का नियम है कि दोपहर के समय पितरों के नाम से श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाया जाता है। शास्त्रों में सुबह और शाम का समय देव कार्य के लिए बताया गया है। लेकिन दोपहर का समय पितरों के लिए माना गया है। इसलिए कहते हैं कि दोपहर में भगवान की पूजा नहीं करनी चाहिए। दिन का मध्य पितरों का समय होता है। दरअसल पितर मृत्युलोक और देवलोक के मध्य लोक में निवास करते हैं जो चंद्रमा के ऊपर बताया जाता है।

दूसरी वजह यह है कि दोपहर से पहले तक सूर्य की रोशन पूर्व दिशा से आती है जो देवलोक की दिशा मानी गई है। दोपहर में सूर्य मध्य में होता है जिससे पितरों को सूर्य के माध्यम से उनका अंश प्राप्त हो जाता है। तीसरी मान्यता यह है कि, दोपहर से सूर्य अस्त की ओर बढ़ना आरंभ कर देता है और इसकी किरणें निस्तेज होकर पश्चिम की ओर हो जाती है। जिससे पितृगण अपने निमित्त दिए गए पिंड, पूजन और भोजन को ग्रहण कर लेते हैं।

पितृपक्ष में पितरों का आगमन दक्षिण दिशा से होता है। शास्त्रों के अनुसार, दक्षिण दिशा में चंद्रमा के ऊपर की कक्षा में पितृलोक की स्थिति है। इस दिशा को यम की भी दिशा माना गया है। इसलिए दक्षिण दिशा में पितरों का अनुष्ठान किया जाता है। रामायण में उल्लेख मिलता है कि जब दशरथ की मृत्यु हुई थी तो भगवान राम ने स्वपन में उनको दक्षिण दिशा की तरफ जाते हुए देखा था। रावण की मृत्य से पहले त्रिजटा ने स्वप्न में रावण को गधे पर बैठकर दक्षिण दिशा की ओर जाते हुए देखा था।

सनातन धर्म के अनुसार, किसी वस्तु के गोलाकर रूप को पिंड कहा जाता है। शरीर को भी पिंड माना जा सकता है। धरती को भी एक पिंड रूप है। हिंदू धर्म में निराकार की पूजा की बजाय साकार स्वरूप की पूजा को महत्व दिया गया है क्योंकि इससे साधना करना आसान होता है। इसलिए पितरों को भी पिंड रूप मानकर यानी पंच तत्वों में व्याप्त मानकर उन्हें पिडदान दिया जाता है।

पिंडदान के समय मृतक की आत्मा को अर्पित करने के लिए चावल को पकाकर उसके ऊपर तिल, शहद, घी, दूध को मिलाकर एक गोला बनाया जाता है जिसे पाक पिंडदान कहते हैं। दूसरा जौ के आटे का पिंड बनाकर दान किया जाता है। पिंड का संबंध चंद्रमा से माना जाता है। पिंड चंद्रमा के माध्यम से पितरों को प्राप्त होता है। ज्योतिषीय मत यह भी है कि पिंड को तैयार करने में जिन चीजों का प्रयोग होता है उससे नवग्रहों का संबंध है। इसके दान से ग्रहों का अशुभ प्रभाव दूर होता है। इसलिए पिंडदान से दान करने वाले को लाभ मिलता है।

पितरों की पूजा में सफेद रंग का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि सफेद रंग सात्विकता का प्रतीक है। आत्मा का कोई रंग नहीं है। जीवन के उस पार की दुनियां रंग विहीन पारदर्शी है इसलिए पितरों की पूजा में सफेद रंग का प्रयोग होता है। दूसरी वजह यह है कि सफेद रंग चंद्रमा से संबंध रखता है जो पितरों को उनका अंश पहुंचाते हैं।

पुराणों के अनुसार, व्यक्ति की मृत्यु जिस तिथि को हुई होती है, उसी तिथि में उसका श्राद्ध करना चाहिए। यदि जिनकी मृत्यु के दिन की सही जानकारी न हो, उनका श्राद्ध अमावस्या तिथि को करना चाहिए। श्राद्ध मृत्यु वाली तिथि को किया जाता है। मृत्यु तिथि के दिन पितरों को अपने परिवार द्वारा दिए अन्न जल को ग्रहण करने की आज्ञा है। इसलिए इस दिन पितर कहीं भी किसी लोक में होते हैं वह अपने निमित्त दिए गए अंश को वह जहां जिस लोक में जिस रूप में होते हैं उसी अनुरूप आहार रूप में ग्रहण कर लेते हैं।

## राकेश संखवार को पुनः महानगर जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर किया जोशीला स्वागत।

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। बुधवार को भाजपा महानगरअध्यक्ष राकेश शंखवार को पुनः महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर व जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा का गौरी शंकर इंटर कॉलेज द्वारिकापुरी कोटला रोड पर भव्य जोशीला स्वागत व सम्मान किया।
महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने कहा आज विद्यालय परिवार एवं मोहल्ले के गढ़ मान्य लोगों द्वारा मेरा जो सम्मान स्वागत किया है उसके लिए मैं सभी भाइयों का आभार व्यक्त करता हूं और उन्होंने कहा जो जिम्मेदारी हाई कमान ने मुझे दी है निश्चित तौर पर सर्व समाज को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा






रामनरेश कटारा ने कहा आज जो स्वागत सम्मान किया गया है इसके लिए सभी भाइयों का आभार भविष्य में किसी प्रकार की कोई जरूरत पड़ेगी तो संगठन आपके साथ सहयोग करेगा आप सभी भाई भाजपा को मजबूत करने का कार्य करें
स्वागत सम्मान में शिवनारायण शास्त्री, अशोक गर्ग,कृपा शंकर मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा,अचिंत मिश्रा, दिनेश पचौरी, संतोष राठौर ,सत्येंद्र शास्त्री, दिनेश चंद तिवारी पारुल शर्मा,एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षका एवं छात्र राम छात्राओं द्वारा महानगर अध्यक्ष का तहे दिल से स्वागत किया।

## राजकीय बालिका कालेज में हुआ रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन, छात्राओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

*-प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर किया सम्मानित।*

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। क्षेत्र के राजकीय बालिका कालेज नगला बल्ल में रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक डा निशा अस्थाना द्वारा किया गया। कालेज की प्रधानाचार्य सरिता सिंह द्वारा आऐ हुऐ अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने बालिकाओं द्वारा सजाई गयी यूथ गैलरी का भी अवलोकन किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के 20 विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें सुलेख प्रतियोगिता, रंगोली



प्रतियोगिता, निवंध प्रतियोगिता, मेकिंग प्रतियोगिता सहित 10 विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों का सम्मान प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य बसई मुहम्मदपुर राजकीय हाईस्कूल अशोक अनुरागी द्वारा किया गया। वहीं अंकेक्षक मंडल में सोनवीर सिंह, रागिनी सिंह, प्राक्षी तौमर, शामिल रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रंजना सहाय, आरती सिंह, मुल्तान सिंह, योगेन्द्र सिंह, डा सुधीर कुमार सहयोग रहा।